28 अप्रैल 2025
सोमवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण



बोले डॉक्टर्स... अब कोई समझौता नहीं, पाकिस्तान पर हो सीधा हमला

2



# आतंकी हमले को लेकर हर भारतीय का खौल रहा है खून, दोषियों को नहीं बख्शेंगे: मोदी

## मन की बात

♦ रेडिया कार्यक्रम मन की बात के 121वें एपिसोड के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को किया संबोधित

**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने रेडिया कार्यक्रम 'मन की बात' के 121वें एपिसोड के जरिए देश को संबोधित किया। कार्यक्रम के जरिए पीएम मोदी ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर गहरा दुख जताया। उन्होंने कहा, आज जब मैं आपसे मन की बात कर रहा हूं, तो मन में गहरी पीड़ा है। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुई आतंकी वारदात ने देश के



हर नागरिक को दुख पहुंचाया है। आतंकी हमले की तस्वीरें देखकर हर भारतीय का खून खौल रहा है। पीड़ित परिवारों के प्रति हर भारतीय के मन में गहरी संवेदना है। भले ही वो किसी भी राज्य का हो, वो कोई भी भाषा बोलता हो लेकिन वो उन लोगों के दर्द को महसूस कर रहा है, जिन्होंने इस हमले में अपने परिजनों को खोया है।

पीएम मोदी ने कहा, भारत के लोगों में जो आक्रोश है, वो आक्रोश पूरी दुनिया में है। इस

### हमला... आतंक के सरपरस्तों की हताशा को दिखाता है

पीएम मोदी ने कहा, पहलगाम में हुआ ये हमला, आतंक के सरपरस्तों की हताशा को दिखाता है, उनकी कायरता को दिखाता है। ऐसे समय में जब कश्मीर में शांति लौट रही थी, स्कूल-कॉलेजों में चहल-पहल बढ़ी थी, निर्माण कार्यों में अभूतपूर्व गति आई थी, लोकतंत्र मजबूत हो रहा था, पर्यटकों की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हो रही थी, लोगों की कमाई बढ़ रही थी, युवाओं के लिए नए अवसर तैयार हो रहे थे। देश के दुश्मनों को, जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को ये रास नहीं आया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आतंकी और आतंक के आका चाहते हैं, कश्मीर फिर से तबाह हो जाए और इसलिए इतनी बड़ी साजिश को अंजाम दिया। आतंकवाद के खिलाफ इस युद्ध में देश की एकता, 140 करोड़ भारतीयों की एकजुटता, हमारी सबसे बड़ी ताकत है। यही एकता, आतंकवाद के खिलाफ हमारी निर्णायक लड़ाई का आधार है। पीएम ने कहा इस आतंकी हमले के बाद पूरा देश एक स्वर में बोल रहा है।

आतंकी हमले के बाद लगातार दुनिया भर से संवेदनाएं आ रही हैं। मुझे भी ग्लोबल लीडर्स ने फोन किए हैं, पत्र लिखे हैं, संदेश भेजे हैं। इस जघन्य तरीके से किए गए आतंकी हमले की सब ने कठोर निंदा की है। उन्होंने मृतकों के परिवारजनों के प्रति संवेदनाएं प्रकट की हैं। पूरा विश्व, आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में, 140 करोड़ भारतीयों के साथ खड़ा है। मैं पीड़ित परिवारों को फिर भरोसा देता हूं कि उन्हें न्याय मिलेगा, न्याय मिलकर रहेगा। इस हमले के दोषियों और साजिश रचने वालों को कठोर जवाब दिया जाएगा।

### आपदा से निपटने के लिए सचेत एप की दी जानकारी

प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी भी प्राकृतिक आपदा से निपटने में बहुत अहम होती है – आपकी सतर्कता, आपका सचेत रहना। इस सतर्कता में अब आपको अपने मोबाइल के एक स्पेशल एप से मदद मिल सकती है। ये एप आपको किसी प्राकृतिक आपदा में फंसने से बचा सकते हैं और इसका नाम भी है 'सचेत'। 'सचेत एप', भारत की राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने तैयार किया है। बाढ़, चक्रवात, भूस्खनल, सुनामी, जंगलों की आग, हिम-स्खलन, आंधी, तूफान या फिर बिजली गिरने जैसी आपदाएं हो, 'सचेत एप' आपको हर प्रकार से सूचित और सुरक्षित रखने का प्रयास करता है। इस एप के माध्यम से आप मौसम विभाग से जुड़े अपडेट प्राप्त कर सकते हैं। खास बात ये है कि 'सचेत एप' क्षेत्रीय भाषाओं में भी कई सारी जानकारियां उपलब्ध कराता है।

उन्होंने कहा कि आज भारत का युवा विज्ञान, तकनीक और इनोवेशन की ओर बढ़ रहा है। ऐसे इलाके जिनकी पहचान पहले पिछड़ेपन और दूसरे कारणों से होती थी, वहां भी युवाओं ने ऐसे उदाहरण प्रस्तुत किये हैं, जो हमें, नया विश्वास देते हैं। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा का विज्ञान केंद्र आजकल सबका ध्यान खींच रहा है। कुछ समय पहले तक, दंतेवाड़ा का नाम केवल हिंसा और अशांति के लिए जाना जाता था, लेकिन अब वहां, एक विज्ञान केंद्र, बच्चों और उनके माता-पिता के लिए उम्मीद की नई किरण बन गया है। इस विज्ञान केंद्र में जाना बच्चों को खूब पसंद आ रहा है। वे अब नई-नई मशीनें बनाने से लेकर तकनीक का उपयोग करके नए उत्पाद बनाना सीख रहे हैं।

### सम्राट ने की पीएम की तारीफ

पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान डिप्टी सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' के जरिए दुनिया को स्पष्ट संदेश दिया है कि हम आतंकियों को नहीं छोड़ेंगे। किसी भी बिल में घुस जाएं, उनको निकालकर मारने का काम करेगी भारतीय सेना। इसलिए किसी भी हालत में भारतीय सेना भारत के गौरव को आगे ले जाने का काम करेगी। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित हो रहा है। मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने इसकी चर्चा की है। उन्होंने कहा कि भारत का गौरवशाली इतिहास रहा है। अप्रैल माह में बताया गया कि किस तरह महात्मा गांधी ने बिहार से सत्याग्रह शुरू किया और भारत को आजादी दिलाने का काम किया। प्रधानमंत्री मोदी जब मन की बात करते हैं तो देश के युवाओं को प्रेरणा मिलती है।

## पहलगाम आतंकी हमला...भारत सरकार के एक्शन पर पाक में बेचैनी

# पाकिस्तान के मंत्री ने दी धमकी, भारत ने पानी रोका तो वह युद्ध के लिए तैयार रहे

♦ हनीफ अब्बासी बोले- हमने अपने 130 परमाणु हथियार केवल भारत के लिए रखे हैं

**एजेंसी/नई दिल्ली**


पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के रिश्ते तल्ख हो गए हैं। भारत की सख्ती और प्रतिबंध के चलते पाकिस्तान की घबराहट बढ़ी हुई है। मगर पाकिस्तान के मंत्री और नेता भारत को गीदड़भभकी देने से बाज नहीं आ रहे हैं। अब पाकिस्तान के मंत्री हनीफ अब्बासी ने भारत को खुलेआम परमाणु हमले की धमकी दी है। उन्होंने कहा कि अगर भारत सिंधु जल संधि को निलंबित करके पाकिस्तान की जल आपूर्ति को रोकने की हिम्मत करता है तो वह पूर्ण युद्ध के लिए तैयार रहे।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने अपने शस्त्रागार में 130 परमाणु हथियार केवल भारत के लिए रखे हैं। हनीफ अब्बासी ने कहा, 'हमारी सभी मिसाइलों का रुख भारत की ओर है। अगर भारत ने कोई दुस्साहस करने का फैसला किया तो उसे इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। हमारे पास दुनिया का सबसे शक्तिशाली परमाणु बम है। हमने गोरी, शाहीन, गजनवी जैसी मिलाइलें और 130 परमाणु बम सिर्फ भारत के लिए रखे हैं। हमने कूटनीतिक प्रयासों के साथ-साथ अपनी सीमाओं की सुरक्षा के लिए भी पूरी तैयारी की है। हनीफ ने कहा कि पाकिस्तानी सेना जब भी आवश्यक समझे, रेलवे का उपयोग कर सकती है। पाकिस्तान रेलवे सेना की मदद के लिए हर वक्त तैयार है।

उन्होंने कहा कि हमारे पास जो सैन्य उपकरण हैं, जो मिसाइलें हैं, वे प्रदर्शन के लिए नहीं हैं। कोई नहीं जानता कि हमने देश भर में अपने परमाणु हथियार कहां रखे हैं? मैं फिर से कहता हूं ये बैलिस्टिक मिसाइलें, ये सभी भारत पर लक्षित हैं। जल आपूर्ति और व्यापार संबंध खत्म करने को लेकर हनीफ अब्बासी ने कहा कि भारत को अपने कामों के कठोर फैसले का अहसास होने लगा है। पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र में बंद करने से भारत विमानन क्षेत्र में दो दिन में ही अराजकता का माहौल हो गया।

### नजम बोले... पाकिस्तान भारत पर गिरा सकता है परमाणु बम







पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के पूर्व मुख्यमंत्री नजम सेठी ने भारत के एक्शन पर रिएक्शन दिया है। नजम सेठी ने गीदड़ धमकी देते हुए कहा है कि पाकिस्तान भारत पर परमाणु बम गिरा सकता है। नजम सेठी ने कहा कि अगर भारत पाकिस्तान के बीच युद्ध कुछ दिन चलता है तो भारत पाकिस्तान पर हावी नहीं हो सकता है, लेकिन अगर युद्ध लंबा चलता रहा तो पाकिस्तान भारत के सामने टिक नहीं पाएगा। फिर ऐसे में पाकिस्तान परमाणु बम गिरा सकता है। भारत तो वैसे भी डरा हुआ है। उसको पता है कि ये पागल हैं? कहीं कुछ कर ही ना दें। हम युद्ध से डरते नहीं हैं।

**आफरीदी ने हमले के लिए भारत को ही जिम्मेदार ठहराया:** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शाहिद अफरीदी ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर भारत के खिलाफ जहर उगला है। उन्होंने भारत को ही इसके लिए जिम्मेदार ठहराया है। अफरीदी ने हमले में पाकिस्तान की संलिप्तता के सबूत मांगे। अफरीदी ने कहा- तुम लोगों की 8 लाख की फौज है कश्मीर में और ये हो गया। इसका मतलब नलायक हो, निकम्मे हो न तुम लोग कि सिक्योरिटी दे नहीं सके लोगों को। अफरीदी ने पहलगाम अटैक को लेकर भारतीय मीडिया पर भी निशाना साधा। अफरीदी ने कहा, हैरत होती है कि हमले के एक घंटे के बाद ही उनका मीडिया बॉलिवुड बन गया। खुदा के लिए हर कुछ को बॉलिवुड मत बनाओ।

### आतंकवादियों ने कश्मीर में एक सामाजिक कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या की

**कश्मीर।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद जब पूरे जम्मू और कश्मीर में सुरक्षा बलों के जवान अलर्ट मोड पर हैं, ऐसे वक्त में भी आतंकवादियों ने एक सामाजिक कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस अफसरों के मुताबिक, मारे गए शख्स की पहचान गुलाम रसूल मगरे के रूप में हुई है। आतंकियों ने शनिवार देर रात को कुपवाड़ा जिले के कानी खास इलाके में स्थित उनके घर में घुसकर उन पर गोलियां दागीं। पुलिस के मुताबिक, मगरे को अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई। मगरे की उम्र 44 साल थी। अभी तक इस घटना की जिम्मेदारी किसी आतंकी संगठन ने नहीं ली है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। बताना होगा कि पहलगाम में 26 लोगों की हत्या किए जाने के बाद घाटी में चप्पे-चप्पे पर जम्मू और कश्मीर पुलिस और सुरक्षा बलों के जवान मौजूद हैं लेकिन इतने सख्त इंतजाम के बाद भी आतंकियों ने इस वारदात को अंजाम दे दिया। इस घटना ने सुरक्षा पर फिर सवालिया निशान खड़ा किया है। हालांकि पहलगाम आतंकी हमले के बाद सुरक्षा बल कश्मीर में बड़े पैमाने पर कार्रवाई कर रहे हैं। कई आतंकियों के घरों को विस्फोट कर उड़ा दिया गया है या उन पर बुलडोजर की कार्रवाई की गई है। जबकि 2000 से ज्यादा लोगों को अब तक पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।



# मध्य प्रदेश में भीषण हादसा... सवारियों से भरी कार कूएं में गिरी, 10 लोगों की मौत, चार घायल

### मंदसौर जिले में हुआ हादसा, सीएनजी के कारण दम घुटने से हुई मौत

**एजेंसी/मंदसौर**

मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले में रविवार दोपहर को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ. हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई। वहीं 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक तेज रफ्तार ईको कार ने पहले तो बाइक में टक्कर मारी, फिर वैन कुएं में जा गिरी। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को हादसे की सूचना दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी 14 लोगों को कुएं से बाहर निकाला और अस्पताल ले गई। अस्पताल में डॉक्टरों ने 10 घायलों को मृत घोषित कर दिया, जबकि बाकी चार का इलाज चल रहा है।

जानकारी के मुताबिक, अनियंत्रित गति से आ रही एक ईको वैन ने पहले बाइक सवार को टक्कर मारी, जिसके बाद सड़क के पास ही बने कुंए में जा गिरी। वैन में कुल 14 लोग सवार थे। चार घायलों को सकुशल निकालकर उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया है. प्रशासन ने 10 लोगों की मौत की पुष्टि की। बताया जा रहा है कि दुर्घटनाग्रस्त ईको वैन को गैस से चलाया जा रहा था, जिससे कुंए में गिरने के बाद उसमें से गैस का रिसाव होने लगा। इस दौरान रेस्क्यू करने में भी दिक्कतें हुईं।

बाद में एक एसडीआरएफ जवान ऑक्सीजन सिलेंडर के साथ कुंए में उतरा, लेकिन घबराहट होने के चलते वह भी वापस बाहर निकल आया। घटना की सूचना लगते ही इलाके में मौजूद उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा मौके पर पहुंचे। पूरे रेस्क्यू अभियान के दौरान उन्होंने मोर्चा संभाले रखा था। जगदीश देवड़ा ने हादसे को दुखद बताते हुए कहा कि रेस्क्यू अभियान चलया गया है। वाहन में करीब 14 लोग सवार थे। वैन से गैस रिसाव के चलते रेसक्यू में थोड़ा दिक्कत आई। पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद ने बताया कि बूढ़ा-टकरावत फंटे पर रविवार दोपहर 12 सवारियों से भरी बेकाबू ईको वैन ने पहले बाइक को टक्कर मारी। इससे बाइक सवार की मौत हो गई। इसके बाद कार पास स्थित कुएं में जा गिरी। इसके बाद कार से सीएनजी गैस लीक होने से सवारियों का दम घुटने लगा। इस पर मनोहर सिंह नामक स्थानीय व्यक्ति बचाव के लिए कुएं में कूदा, लेकिन दम घुटने से उसकी भी मौत हो गई। एसपी आनंद ने बताया कि घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से कुएं में गिरी कार को बाहर निकाला और सभी लोगों को मंदसौर अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने 10 लोगों को मृत घोषित कर दिया, जबकि 3 साल की बच्ची समेत 4

# सपा सांसद रामजी लाल के काफिले पर हमला

**एजेंसी/अलीगढ़**

राणा सांगा को लेकर दिए गए बयान के बाद से करणी सेना सपा सांसद रामजी लाल सुमन से नाराज चल रही थी। इसी क्रम में अलीगढ़ के गोभाना टोल प्लाजा के पास करणी सेना के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने उनके काफिले पर हमला कर दिया। इस दौरान काफिले में मौजूद गाड़ियों पर टायर और पत्थर बरसाए गए, जिससे कई वाहनों के शीशे टूट गए। रविवार को रामजी लाल सुमन आगरा से बुलंदशहर की ओर जा रहे थे। उनका काफिला अलीगढ़ होते हुए गुजर रहा था, जिसमें लगभग 25 गाड़ियां शामिल थीं। बताया जा रहा है कि जैसे ही काफिला दोपहर के समय गोभाना टोल प्लाजा से आगे बढ़ा, वहां मौजूद युवकों ने टायर और पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। पत्थरबाजी में कई गाड़ियों के शीशे चकनाचूर हो गए। हमले से बचने के लिए काफिले की गाड़ियाँ तेज रफ्तार में दौड़ीं, जिससे आगे चलकर कई वाहन आपस में टकरा भी गए। बता दें कि करणी सेना पहले ही चेतावनी दे चुकी थी कि यदि रामजी लाल सुमन अलीगढ़ से गुजरेंगे तो उन पर हमला किया जाएगा। हमले के बाद करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह ने बयान जारी कर कहा कि रामजी लाल सुमन ने राणा सांगा जैसे महापुरुष के खिलाफ अनुचित भाषा का प्रयोग किया है, जिससे पूरे क्षत्रिय समाज में आक्रोश है। दुर्गेश सिंह ने सवाल उठाया कि यदि उनका विरोध प्रदर्शन गलत है, तो रामजी लाल सुमन का बयान क्या सही था?

# भारतीय नौसेना ने अरब सागर में कई एंटी-शिप मिसाइल का किया प्रदर्शन

**एजेंसी/कोलकाता**

भारतीय नौसेना ने अरब सागर में कई एंटी-शिप मिसाइल फायरिंग का सफलतापूर्वक संचालन किया है, जो इसकी लंबी दूरी की सटीक स्ट्राइक क्षमताओं का प्रदर्शन करता है। भारतीय नौसेना ने कोलकाता क्लास के विध्वंसक और नीलगिरि और क्रिवाक क्लास के फ्रिगेट सहित युद्धपोतों के बेड़े से ब्रह्मोस एंटी-शिप और एंटी-सरफेस क्रूज मिसाइलों को लॉन्च किए जाने के दृश्य शेयर किए। अभ्यास का उद्देश्य समुद्र में सटीक आक्रामक हमलों के लिए प्लेटफार्मों, प्रणालियों और क्रू को फिर से तैयार करना था। नौसेना ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारतीय नौसेना के जहाजों ने लंबी दूरी के सटीक आक्रामक हमले के लिए प्लेटफार्मों, प्रणालियों और क्रू की तत्परता को फिर से चेक करने और प्रदर्शित करने के लिए कई एंटी-शिप फायरिंग को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।




## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित व्याख्यान को किया संबोधित

# हमें खाद्य सुरक्षा से किसान समृद्धि की ओर बढ़ना होगा: धनखड़

**एजेंसी/चेन्नई**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ इस समय दो दिवसीय तमिलनाडु के दौरे पर हैं। यहां रविवार को वे तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय (टीएनएयू) में एक व्याख्यान समारोह में शामिल हुए। इस दौरान धनखड़ ने कहा कि अब किसानों को सिर्फ उत्पादक होने से ऊपर उठना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय कृषि एजेंडे के लिए खाद्य सुरक्षा से किसान समृद्धि की ओर बढ़ने का समय आ गया है। इस कार्यक्रम में राज्यपाल आरएन रवि और टीएनएयू के अधिकारी मौजूद थे। टीएनएयू में 'विकसित भारत के लिए कृषि-शिक्षा, नवाचार



और उद्यमिता को बढ़ावा देना' विषय पर छात्रों और अन्य लोगों को संबोधित करते हुए धनखड़ ने आगे कहा कि भारत में 46 प्रतिशत आबादी कृषि से जुड़ी हुई है बावजूद इसके यह क्षेत्र सकल घरेलू उत्पाद में केवल 16 प्रतिशत का योगदान देता है। ऐसे में टीएनएयू जैसे संस्थानों को कृषि वैज्ञानिक दिवंगत डॉ एम एस स्वामीनाथन की विरासत को आगे बढ़ाना चाहिए, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि हमारे सकल घरेलू उत्पाद में इस क्षेत्र के द्वारा होने वाले योगदान में बढ़ोतरी हो सके।

वैश्विक स्तर पर कृषि के क्षेत्र में भारत की स्थिति की बात करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत अब कृषि उत्पादों का बड़ा निर्यातक है। हमारे कुल निर्यात में कृषि खाद्य उत्पादों का हिस्सा 11 प्रतिशत से अधिक है। टीएनएयू में मौजूद लोगों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि लेकिन अब आपको एक नया अध्याय लिखना होगा। अब समय बदल गया है। हमें खाद्य सुरक्षा से किसान समृद्धि की ओर बढ़ना चाहिए। किसान समृद्ध होना चाहिए और यह आपके जैसे संस्थानों से विकसित होना चाहिए। भूमि और प्रयोगशाला के बीच की खाई को पाटा जाना चाहिए। इसके लिए हमारे 730 कृषि विज्ञान केंद्र किसानों को शिक्षित करने के लिए कार्रवाई के जीवंत केंद्र होने चाहिए। इसके अलावा, नवाचार और शोध पहलों का मूल्यांकन इस आधार पर किया जाना चाहिए कि उनका किसान पर क्या प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा, केंद्र और राज्य सरकारों के अलावा उद्योग, व्यापार, व्यवसाय और वाणिज्य द्वारा भी शोध को समर्थन दिया जाना चाहिए।

## बेगुनाहों के कत्ल पर उबाल: पहलगाम हमला हिन्दुस्तान के अस्तित्व पर सीधे पाकिस्तान द्वारा किया गया वार है, बोले डॉक्टर्स...

# अब कोई समझौता नहीं, पाकिस्तान पर हो सीधा हमला

**केटी न्यूज/बक्सर/डुमरांव**



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी घटना से पूरा देश दुखी है। इस हमले को लेकर देश के अलग-अलग हिस्सों में आक्रोश प्रदर्शन किए जा रहे हैं। सभी लोगों की एक ही मांग है। इस बार आर-पार हो। बार-बार सैनिकों व नागरिकों का खुन बहाने से अच्छा है कि एक बार हो पर जोरदार हो कि पाकिस्तान की आनेवाली नश्लों की रूह कांप जाए। पहलगाम हमले में मृतक प्रर्यटकों के आत्मा के शांति के लिए कैड़ल मार्च तो कहीं प्रार्थना सभा आयोजित हो रही है।

रविवार को बक्सर गोलम्बर स्थित विश्वामित्र अस्पताल में कैंडल जला कर उन्हें श्रद्धांजली दी गयी। इस दौरान अस्पताल के डायरेक्टर डा. राजीव कुमार झा ने कहा कि पहलगाम में हुई घटना हमारे देश के लिए एक काला दिन है। कुछ कायर और अमानवीय आतंकियों ने हमारे 28 निर्दोष भाइयों-बहनों को मौत के घाट उतार दिया सिर्फ इसलिए क्योंकि वे भारतीय थे, क्योंकि वे हिंदू थे। ये लोग पर्यटक थे, मासूम थे, निहत्थे थे और इन गीदड़ों ने उन्हें मार डाला। यह हमला नहीं, हमारे हिन्दुस्तान के अस्तित्व पर सीधे पाकिस्तान द्वारा किया गया वार है। यह समय आंसू बहाने का नहीं है, जागने का है क्योंकि अगर आज नहीं जागे, तो कल तुम्हारा घर भी जल जाएगा। डाक्टर झा ने कहा कि आतंक और आतंकवादियों को संरक्षण देने वाले पकिस्तान के खिलाफ भारत ने भी कड़ा रुख अपनाते हुए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की अध्यक्षता में हुई सीसीएस की बैठक में लिए गए कठोर निर्णय हर भारतीय को आतंक व अतंगवादियों को समूल नष्ट करने हेतु भारत की निर्णायक क्षमता और प्रतिबद्धता को दशार्ता है। भारत का यह सख्त रवैया न केवल 'आतंक की फैक्ट्री पाकिस्तान' को विश्व मंच पर पुनः उजागर करेगा, बल्कि उसके नापाक मंसूबों को कुचलकर नकेल कसने का काम भी करेगा।

**पाकिस्तान पर हो हमला, इसके अलावा कोई और उपाय नहीं :** डॉ. झा ने कहा कि मोदी सरकार को चाहिए कि वह पाकिस्तान पर हमला करे, इसके अलावा कोई और उपाय नहीं हैं। आज पाकिस्तान के खिलाफ कदम उठाए जाने चाहिए। यह समझौता करने का समय नहीं है। मुंहतोड़ जवाब दिया जाना चाहिए। सरकार आगे बढ़े, हम सभी भारतीय आपके साथ हैं। अब वक्त आ गया है कि पाकिस्तान के दो टुकड़े कर देने चाहिए। मोदी से अपील करता हूं कि पीओके को भारत में मिला दिजिए। पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिजिए क्योंकि पिछले चार-पांच दशकों से हम बेवजह अपनी मांताओं का गोद सुना होते देख रहे है। आतंकवादी साजिश पाकिस्तान के इशारों पर अंजाम दी गई है। केंद्र सरकार को इस हमले का जवाब उसी कठोरता से दिया जाए जैसा पुलवामा के बाद किया गया था। उन्होंने कहा, "जब तक आतंकियों की लाशें नहीं गिरेंगी, तब तक देश को सच्चा सुकून नहीं मिलेगा।" आज पूरी दुनिया आतंकवाद से परेशान है और आज सभी देश भारत के साथ खड़े हैं। अब पाकिस्तान का स्थाई और निर्णायक इलाज जरूरी हो गया है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। श्रद्धांजली सभा के दौरान संस्था के सभी सदस्य मौजूद रहे, जिनमें डॉ. अशोक कुमार, मृत्युंजय चौबे, प्रेमसागर उपाध्याय, अमृता, संजय मिश्रा, जूही, सुनील तिवारी, पूजा, कमला जी, मुकुल सिंह मौजूद थे।

## मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन और साबित खिदमत फाउंडेशन ने जताया विरोध

♦ कैंडल मार्च निकाल आतंकवाद और पाक के खिलाफ व्यक्त किया गहरा आक्रोश

**केटी न्यूज/बक्सर**



कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में बक्सर के मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय और साबित खिदमत फाउंडेशन के सदस्यों ने कैंडल मार्च निकाला और आतंकवाद के खिलाफ गहरा आक्रोश व्यक्त किया।

सभी ने शहीदों को अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि दी और कहा कि भारत कायर आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब देगा। बिहार प्रदेश मानवाधिकार संगठन के सचिव डॉ. दिलशाद आलम ने कहा कि सरकार को आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए सख्त से सख्त कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि जो भी कश्मीर में घुसपैठ कर रहे हैं, उन्हें बेनकाब करना सरकार का कर्तव्य है और इस दिशा में काम हो रहा है। डॉ. आलम ने भावुक होते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में मानवाधिकार संगठन और साबित खिदमत फाउंडेशन का हर सदस्य उन परिवारों के साथ खड़ा है, जो इस हमले में घायल या प्रभावित हुए हैं। भगवान से प्रार्थना की गई कि उन्हें आने वाले समय में और भी मजबूती मिले। इस मौके पर संस्था के सभी सदस्य मौजूद रहे, जिनमें अरुण कुमार, रौशन सिंह, जहानारा, सोनम कुमारी, राधेश्याम, अंजलि, इम्तियाज अंसारी, इंदु कुमारी, राजिया, मंजू देवी सहित कई लोग शामिल थे।

## बोले व्यवसायी...



"आतंकवादी हमले के बाद पूरे देश में आक्रोश व्याप्त है। भारत के कोने कोने में लोग सड़कों पर उतरकर के इस आतंकी हमले का विरोध कर रहे हैं। वहीं भारत सरकार से मांग कर रहे हैं कि इस हमले का करारा जवाब दिया जाए। लोग जगह-जगह प्रदर्शन कर भारत सरकार से घटना का मुंहतोड़ जवाब देने की मांग कर रहे हैं। हमले के बाद लोगों में उबाल, आतंकियों पर अंतिम प्रहार की मांग रहे है। आतंकी हमले के खिलाफ इस देश की जनता हो या राजनीतिक दल गोलबंद दिख रही है। **- डॉ. चन्द्रमणि विमल, जनरल फिजिशियन, डुमरांव**



"यह पाकिस्तान को सर्जिकल स्ट्राइक या प्रतीकात्मक धमकियां देने का समय नहीं है। अब उन्हें सबक सिखाने का समय आ गया है। अब समय आ गया है कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को वापस हासिल किया जाए। बस पाकिस्तान को ह्यघुटनों पर लाया जाएगा ताकि वह ऐसी घृणित हरकत करने की फिर कभी न सोच सके। क्योंकि पाकिस्तान की छवि देश में बेशर्मी व भीख-मांगों की श्रेणी में आती है। उसे डराने से कुछ नहीं होगा। इस बार आर या पार होना चाहिए। **- डॉ. हिमांशु पाण्डेय, दंत रोग विशेषज्ञ, डुमरांव**



"आतंकवादी साजिश पाकिस्तान के इशारों पर अंजाम दी गई है। केंद्र सरकार को इस हमले का जवाब उसी कठोरता से दिया जाए जैसा पुलवामा के बाद किया गया था। उन्होंने कहा, ह्लजब तक आतंकियों की लाशें नहीं गिरेंगी, तब तक देश को सच्चा सुकून नहीं मिलेगा ह्व आज पूरी दुनिया आतंकवाद से परेशान है और आज सभी देश भारत के साथ खड़े हैं। अब पाकिस्तान का स्थाई और निर्णायक इलाज जरूरी हो गया है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। **- डॉ. एस प्रिया महिला रोग विशेषज्ञ, डुमरांव**



"इस हमले पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा, ह्लह्लन केवल कश्मीर बल्कि पूरे भारत और मानवता पर किया गया यह हमला आतंकियों की शैतानी मानसिकता का परिणाम है। अब समय आ गया है कि इन आतंकियों को ऐसा सबक सिखाया जाए कि फिर कभी भारत की ओर आंख उठाकर न देख सकें। हमें भारत सरकार से उम्मीद है कि पाकिस्तान को उसकी असली औकात इस बार दिखाया जाएगा। क्योंकि आतंकबादियों की हिन्दुस्तान के नाम पर पतलुन गीली हो जाये। **- डॉ. विनीश कुमार, जनरल फिजिशियन, डुमरांव**



"एक पत्नी के सामने उसके पति को गोली मारे जाने से बड़ी हैवानियत नहीं हो सकती है। आतंकियों ने जिस तरीके से पर्यटकों की हत्या की है, सभ्य समाज में वैसी घटना की कल्पना नहीं की जा सकती है। सामान्य मनुष्य ऐसी हरकत नहीं कर सकता है। इस घटना की जितनी भी निंदा की जाए वह कम होगी। घटना से पूरे देश आक्रोशित है। सरकार पाक परस्त आतंकियों को ऐसा सबक सिखाए कि वे दुबारा भारत की ओर देखने तक की हिम्मत न करें। **- डॉ. श्रुति प्रकाश, महिला रोग विशेषज्ञ, अनुमंडलीय अस्पताल डुमरांव**



"पहलगाम की घटना अब तक की सभी आतंकी घटनाओं से अलग व काफी जघन्य है। इस घटना के बाद पूरा देश इस बात का इंतजार कर रहा है कि कब हमारे बहादुर सैनिक आतंकियों तथा उनके आका पाकिस्तान को सबक सिखाता है। हमे देश के बहादूर सैनिक पर पूरा भरोसा है। जिस तरह सरकार ने इस घटना को बेहद गंभीरता से लिया है, उससे साफ हो गया है कि यह घटना आतंकियों के ताबूत में अंतिम कील साबित होगी। इस बार पूरा देश सरकार व सेना के साथ खड़ा है। आतंकियों का संपूर्ण सफाया ही पहलगाम में आतंकी घटना में जान गंवाने वाले पर्यटकों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। **- डॉ. कुमार अरुण, जनरल सर्जन, बक्सर**



"पहलगाम कश्मीर में निर्दोष पर्यटकों पर हुए इस कायरतापूर्ण आतंकी हमले की तीव्र निंदा करता हूँ। यह केवल मानवता पर नहीं, अपितु उस नवजागृत शांति, सौहार्द और एकता के वातावरण पर प्रहार है जिसे कश्मीर की जनता और शासन-प्रशासन ने बड़े प्रयास से संवारा है। परन्तु पाकिस्तान व उसके संरक्षित आतंकबादियों द्वारा भारत को एक बार फिर से जख्म दिया है। जिससे कश्मीर के पर्यटन काफी नुकसान हुआ है। भारत सरकार को इसकी जवाबदेही लेनी होगी। मैं भी पिछले साल गया उस जगह पर अगर इस बार जाता तो शायद यही होता। भारत सरकार को अपनी सरहद मजबूत करनी होगी कि परिंदा भी पर नहीं मार सके। **- डॉ. तनवीर फरीदी, शिशु रोग विशेषज्ञ, बक्सर**

## पाकिस्तान जैसे देश का कोई भरोसा नहीं, इसलिए कड़े एक्शन की जरूरत

**केटी न्यूज/डुमरांव**



हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. विरेन्द्र कुमार कहते है कि कश्मीर के लोग आतंकवाद के खिलाफ लोग सड़क पर उतरे हैं। पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे भी लग रहे हैं। हमें अपनी आंतरिक सुरक्षा में और भी अधिक ध्यान देने की जरूरत है। भले ही कश्मीर को कुछ सालों में कंट्रोल कर लिया है, लेकिन कभी भी किसी भी अनहोनी से नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं। पाकिस्तान जैसे कौम का कोई भरोसा नहीं है। इस घटना के खिलाफ कड़े एक्शन लेने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि जिस तरह भारत ने सर्जिकल स्ट्राइक की थी, उससे बढ़कर आगे की कार्रवाई करने की जरूरत है। ताकि विश्व में एक अच्छा संदेश जाए कि हम आतंकवाद को कभी भी बर्दाश्त नहीं कर सकेंगे। अमेरिका और रूस जैसे देश भारत को समर्थन कर रही है। अब भारत सरकार को कठोर कदम उठाने की जरूरत है। यह घटना पूरी तरह से इस्लामिक जिहाद है। पाकिस्तान के पास खोने के लिए अपना कुछ रहा नहीं. समय-समय यह भारत को घाव देते रहता है। कब तक निर्दोष लोगों को हम बलि देते रहेंगे. अब समय आ गया है कि इस घटना के पीछे जो भी शामिल हैं, उन्हें कठोर दंड दिया जाए. दलगत भावना से ऊपर उठकर सभी मिलकर जम्मू कश्मीर से आतंक का खात्मा करें।

## पहलगाम हमले के बाद पड़ोसी देश का नाम लेने से रही है घृणा

**केटी न्यूज/डुमरांव**



डुमरांव के चर्चित डॉक्टर शैलेश श्रीवास्तव कहते है कि यह बहुत ही बर्बरता पूर्ण और कायरता से भरपूर घटना है। पहलगाम हमले के बाद हमारे पड़ोसी मुल्क जिसके नाम लेने से भी घृणा होती है, उसकी कायरता की मैं कड़ी निंदा करता हूं।

उन्होंने कहा कि इस घटना का जल्द से जल्द मुंहतोड़ जवाब दिया जाए ताकि भारतीय का मनोबल ऊंचा हो। हमें इस घटना से काफी पीड़ा हुई है। हम चाहते हैं कि सरकार इस पर शीघ्र कड़ा एक्शन लें। घूमने जाने वाले पर्यटकों की सुरक्षा का विषय ख्याल रखने की जरूरत है। मुझे विश्वास है कि भारत सरकार जो कदम उठाएगी, वह काफी सराहनीय रहेगी। बेगुनाह पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले से पूरा देश आक्रोशित है। दल और मजहब से ऊपर उठकर लोग इस आतंकी घटना के लिए जिम्मेवार लोगों पर कड़ी कार्रवाई की मांग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कर रहे हैं। पहलगाम में आतंकी हमले के खिलाफ देश में उबाल है। हर कोई हमले में शामिल आतंकियों और पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रही है। अब पाकिस्तान का हुक्का पानी बंद करना विकल्प नहीं है। यह 2025 का भारत है, जो बदले की मांग कर रहा है। इसलिए भारत सरकार इस हमले के खिलाफ ऐतिहासिक कदम उठाकर नजीर पेश करें।

### मुस्लिमों ने खुलकर किया सेना का समर्थन



जब तक पाकिस्तान को करारा जवाब नहीं मिलेगा और पीओके को वापस नहीं लिया जाएगा, तब तक उसकी बौखलाहट यूं ही जारी रहेगी। पहली बार जम्मू-कश्मीर के मुसलमानों ने खुलकर भारतीय सेना का समर्थन किया है और आतंकवाद के खिलाफ आवाज उठाई है। वरना 75 वर्षों में हमेशा आतंकवादी मरता था तो जुलूस निकलते थे। लेकिन अब हालात बदल रहे हैं। पहलगाम हमले को लेकर मोदी सरकार पूरी तरह गंभीर है और यह स्पष्ट कर दिया गया है कि दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।
**- धोनी कुवंर, समाजसेवी,डुमरी**

### कायरता भरे हमले का मिलेगा जवाब



देश अब इस हमले का जवाब उसी भाषा में देने की अपेक्षा कर रहा है, जो पाकिस्तान समझता है। जिस तरह से प्रधानमंत्री ने बयान दिया है, उससे लगता है कि कार्रवाई उसी दिशा में आगे बढ़ेगी। अब देखना यह है कि पाक को जवाब कब और कैसे मिलता है। परन्तु हमें उम्मीद ही नहीं पीएम मोदी व रक्षामंत्री राज नाथ सिंह पर पूर्ण विश्वास है कि वो इस कायरता भरे हमले का करारा जबाब देंगे। ताकि पाकिस्तान की सात पुश्तें भी इसे याद रखेंगी और वो नजर उठा कर देखने की हिम्मत नहीं करेगी।
**- इन्द्रजीत प्रताप उर्फ बबन सिंह वार्ड पार्षद नगर परिषद्, बक्सर**

### कश्मीर के लिए भी हानिकारक है हमला



पहलगाम में पर्यटकों को मारना दुखद है। इस प्रकार की कायराना हरकत कश्मीर के नागरिकों के लिए हानिकारक है। इसका नुकसान कश्मीर निवासियों को होगा। अब विपक्ष भी इस समय सरकार के साथ खड़े हैं। सरकार की ओर से पानी बंद करने का फैसले बड़ा कदम है। सरकार की नीतियों के मुताबिक ही इनका हल निकालेगी। पाकिस्तान डरा हुआ है कि पता नहीं हिंदुस्तान क्या करेगा। इसबार पाक संरक्षित आंतकबादी अगर पताल में भी चले जायेगे तो भारत ढुढ़ कर मारेगा।
**- अभिजीत ठाकुर युवा समाजसेवी, बक्सर**

### सरकार पीओके को भारत में मिला ले



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पाकिस्तान को दो भागों में विभाजित करने व पाक अधिकृत कश्मीर यानी पीओके को भारत में विलय करने का आग्रह किया है। हम पीएम मोदी से आगे बढ़ने का आग्रह करते हैं और हम आपके साथ खड़े है। पाकिस्तान को दो हिस्सों में बांट दो और पीओके को भारत में मिला दो, हम सब आपके साथ हैं। यह राजनीति करने का समय नहीं है। ऐसे समय में जब आतंकियों द्वारा किए गए हमला से 140 करोड़ लोग आहत हैं। इसका जवाब देने का समय आ गया है।
**- संदीप कुमार ठाकुर जदयू प्रदेश महासचिव, बिहार**

## माकपा की बैठक में उठा आतंकवाद और पाकिस्तान का मुद्दा

# आतंक की निंदा, सरकार से कड़ी कार्रवाई की मांग

♦ बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता कामरेड रामचंद्र प्रसाद ने की

**केटी न्यूज/बक्सर**



भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी (माकपा) की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को शहर के मल्लाह टोली में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के वरिष्ठ नेता कामरेड रामचंद्र प्रसाद ने की। इस अवसर पर पार्टी के राज्य सचिव कामरेड ललन चौधरी और राज्य कमेटी के सदस्य कामरेड रंगलाल पासवान विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिनकी देखरेख में बैठक का संचालन हुआ।

बैठक की शुरूआत में कश्मीर में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष नागरिकों की हत्या पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। उपस्थित सभी सदस्यों ने इस कायराना हरकत की कड़ी निंदा की और भारत सरकार से आतंकवादियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की। राज्य सचिव कामरेड ललन चौधरी ने वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि केवल एक कम्युनिस्ट ही आम जनता की समस्याओं को समझता है, उनके समाधान के लिए प्रयास करता है और उन्हें करके दिखाता है। उन्होंने आगामी 4 मई को राज्य में होने वाली महागठबंधन की महत्वपूर्ण बैठक में पार्टी कार्यकर्ताओं से सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया। कैमूर के जिला मंत्री एवं राज्य कमेटी के सदस्य कामरेड रंगलाल पासवान ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी को मजबूत करने के लिए उन्हें जब भी बक्सर जिले में उनकी आवश्यकता होगी, वे हमेशा उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने बिहार में एनडीए सरकार को सत्ता से हटाने को महागठबंधन का एकमात्र लक्ष्य बताया और विश्वास व्यक्त किया कि बिहार की जनता उस सरकार को सबक सिखाने के लिए तैयार है जिसने हमेशा उनके साथ धोखा किया है। सभा को पूर्व सचिव भगवती प्रसाद, जिला कमेटी सदस्य अरुण कुमार ओझा, कामाख्या सिंह, धीरेंद्र चौधरी आदि ने भी संबोधित किया और पार्टी की नीतियों तथा आगामी रणनीतियों पर अपने विचार रखे।

## बोले डॉक्टर...



"पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी संगठन ने यह कायरना हरकत किया है। ऐसी कायराना हरकत जिसमें धर्म पूछ-पूछकर उनके ऊपर गोलियां बरसाई गई। आतंकवादियों की इस कायरना करतूत से हर हिन्दुस्तानी का खून खौल रहा है। पाकिस्तान को आमने-सामने लड़ने की तो कभी औकात नहीं है। इसलिए इस तरह का कायरना हरकत किया है। लेकिन इस बाद पीएम मोदी को सैनिकों को लाहौर तक जाने की छूट देना चाहिए कि सभी आतंकवादियों का खात्मा हो सके। **- डॉ. अमृत राज, शिशु रोग विशेषज्ञ, बक्सर**



"पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर देशभर में आक्रोश है। हर कोई इस जघन्य घटना की निंदा कर रहा है और आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहा है। उन्होंने दहशतगर्दों की इस कायराना हरकत के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार बताया है और चेतावनी दी की अब अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ये हमला सिर्फ कश्मीर नहीं, पूरे भारत पर है। दहशतगर्दों की ये हरकत बेहद शर्मनाक और कायराना है। पूरा देश शहीदों के परिवार के साथ खड़ा है। **- डॉ. साकार सिंह, एमडी, रघुवीर सिंह चिकित्सालय, डुमरांव**



"पहलगाम में नाम व धर्म पूछकर हमारे हिंदू भाई मारे गए हैं। उसके विरोध में हम उबल रहे हैं, गांव और शहर में लोग पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगा रहे है। अगर उनके हाथों में कैंडल की जगह एटम बम रहता तो हम लोग पाकिस्तान को जला देते कोई कसर नहीं छोड़ते। एक-एक पाक संरक्षित आंतकबादियों को चुन चुन कर मारना चाहिए। हमारे हिंदू भाइयों को मारा गया है किसी का भाई गया है तो किसी का सुहाग गया है। आतंकियों ने वहां धर्म के नाम पर लोगों को मारे हैं। **- डॉ. आशुतोष कुमार सिंह, दंत रोग विशेषज्ञ, बक्सर**



"जो लोग कहते हैं कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, उन्हें आखिर इतनी हिम्मत कहां से मिलती है। पहलगाम में धर्म पूछ-पूछकर हिंदुओं को निशाना बनाया गया तो फिर कैसे कह सकते हैं कि यह इस्लामिक आतंकवाद नहीं है। अब सहनशीलता की सीमा पार हो चुकी है। जो लोग गोली की भाषा समझते हैं, उन्हें बोली नहीं, गोली की भाषा में ही हिन्दुस्तान के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बॉर्डर पर खुली छूट सैनिको को देनी चाहिए कि जवाब दे सके। **- डॉ. कुमार सूरज, जनरल फिजिशियन, डुमरांव**



"पहलगाम की घटना ने मन को झकझोर दिया है। पाक परस्त आतंकियों ने बिना कसूर सैलानियों को घेर कर उन्हें गोली मारी है। जम्मू कश्मीर हमारे देश का सबसे खूबसूरत जगह है। उसे धरती का स्वर्ग कहा जाता है। उस धरती पर ऐसी कायराना हरकत की जितनी भी निंदा की जाए वह कम होगी। इस घटना के बाद देश की सरकार को पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों तथा उन्हें पनाह देने वालों को सजा देनी चाहिए। इस बार सर्जिकल स्ट्राइक से बड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। **- डॉ. राजेश कुमार, जनरल फिजिशियन, डुमरांव**



"देश की जनता में इस घटना को लेकर उबाल है। हर कोई चाहता है कि पाकिस्तान को इसके लिए कड़ी से कड़ी सजा की देशवासी कर रहे है। आम जनता से लेकर धरती के भगवान कहे जाने वाले डाक्टरों में भी गुस्सा चरम पर है। हम नहीं छोड़ेंग परन्तु पाकिस्तान ने हामरे 28 लोगों को मारकर छेड़ कर दिया तो है तो अब हमको दया नहीं दिखानी है। हमारा शास्त्र भी कहता है कि उसे मार देना ही उतम समझता है। ऐसे लोगों के प्रति दया का भाव नहीं रखना चाहिए। अगर वह बचा रहा तो लाखों लोगों की हत्या करेगा। कभी भी शत्रु पर दया नहीं करनी चाहिए। वरना वो आपकी भी जान ले लेगा। **- डॉ. सुमित सौरभ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, डुमरांव**



"जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के खिलाफ देश में उबाल है। हर कोई हमले में शामिल आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहा है। देश का हर व्यक्ति चाहता है कि जो आतंकवादी हैं उन्हें नेस्तनाबूद कर दो। उनके जो सरदार हैं, उन्हें फांसी पर चढ़ा दो, गोली मार दो। जो देश में सुकून को खत्म करना चाहते है। विकास को रोकना चाहते हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। जो आतंकवादी मुसलमान के नाम पर आते हैं, वो मुसलमान के नाम पर कलंक हैं। अब 56 ईंच के सीना दिखाने वाले मोदी जी को ऐसा घाव पाकिस्तान को देना चाहिए कि उसकी आने वाली सात पुश्तों की नस्लों को डर नामक दर्द हो। **- डॉ. पीके पाण्डेय, शिशु रोग विशेषज्ञ, बक्सर**

बक्सर जिला मुख्यालय पहुंचे राज्य के सहकारिता मंत्री, प्रेस वार्ता में बोले...

# सभी वर्गों के लिए लाभकारी योजनाएं चला रही है सरकार

♦ केन्द्र व राज्य सरकार की संयुक्त योजनाओं से लोगों का तेजी से हो रहा है विकास

**केटी न्यूज/बक्सर**



केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा बच्चें, नौजवान, महिलाओं, किसान व बुजुर्गों को ध्यान में रखकर कई योजनाएं चलाई जा रही है। इन योजनाओं से सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है। बिहार में केन्द्र व राज्य सरकार की संयुक्त योजनाओं से लोगों का तेजी से विकास हो रहा है। उक्त बाते रविवार को जिला अतिथि गृह में राज्य के सहाकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही।

सहकारिता मंत्री ने जिला अतिथि गृह से ही बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन योजनान्तर्गत प्रखंड प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समिति लिमिटेड, डुमरांव एवं ब्रहमपुर में आधारभूत संरचना निर्माण का शिलान्यास किया। सहकारिता मंत्री ने मीडियाकर्मियों के साथ प्रेस वार्ता की। जिसमें पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार किसानों, महिलाओं, बुढ़े बूजूर्ग, बच्चे बच्चियों के सर्वांगीण विकास के लिए कई योजनाएं चला रही है। जिसका लाभ सभी वर्गों के लोगों को मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि धान व गेहूं अधिप्राप्ति, गोदाम निर्माण, मुख्यमंत्री हरित कृषि योजना, बिहार राज्य फसल सहायता योजना, पैक कंप्यूटराइजेशन, भारत सरकार की प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र, प्रधानमंत्री कृषि समृद्धि केंद्र, पैक्स में कॉमन सर्विस सेंटर एवं मल्टी स्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटी खोलकर हर वर्ग को लाभान्वित करने का कार्य कर रही है। राज्य सरकार कृषि क्षेत्र को विकसित बनाने की कवायद में लगी हैं। किसानों को वैज्ञानिक तरीके से खेती के लिए उन्हें प्रशिक्षण के साथ खाद, बीज तथा अन्य संसाधन मुहैया करा ही है।

**पहलगाम में मारे गए सैलानियों को दी गई श्रद्धांजलि :** सहकारिता मंत्री ने बक्सर के भाजपा कार्यकताओं के साथ एक बैठक की। जिसकी अध्यक्षता भाजपा के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भुवन ने किया। बैठक की शुरूआत में पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए सैलानियों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

**कार्यकताओं के साथ बैठक कर किया विमर्श :** कार्यकताओं के साथ इस बात पर चर्चा किया कि किसानों के हित के लिए क्या कुछ किया जाए, जिससे कि उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। इस पर सभी कार्यकताओं ने अपने विचार भी रखे। कार्यकताओं ने सहकारिता मंत्री से किसानों के हित के लिए यूरिया और डाई का रेक बक्सर स्टेशन पर लगाने की मांग की तथा सरकार द्वारा घोषित तिथि पर धान और गेहूं के खरीद शुरू कराने मांग की। सहकारिता मंत्री ने समस्या का निराकरण करने का आश्वासन कार्यकताओं को दिया। कार्यक्रम में निर्भय राय, विनोद राय, लक्ष्मण शर्मा, पुनीत सिंह, इंदु देवी, संध्या पाण्डेय, पुष्पांजलि देवी, प्रदीप दुबे, धनंजय राय, राजेश सिन्हा, विंध्याचल सिंह, जयप्रकाश राय, मनोज पांडेय, प्रमोद मिश्र, अक्षय ओझा, धर्मेन्द्र पाण्डेय, उषा दुबे, भरत प्रधान, रमेश गुप्ता, श्रीमन्नारायण तिवारी तथा उमाशंकर राय समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### आतंकियों को मिलेगी सजा : मंत्री प्रेम कुमार

सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि देश सुरक्षित व मजबूत हाथों में है। पहलगाम की घटना पर केन्द्र सरकार काफी सख्त है। जल्द इस घटना को अंजाम देने वाले आतंकियों व उनके पनाहगार को मिट्टी में मिला दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार जम्मू काश्मीर में आतंक फैलाने वालों को पूरी तरह से नेस्तनाबूद किया जाएगा। आतंकियों को जो सजा मिलेगी, उसे दुनिया देखेगी।

## बक्सर ने रेवतीपुर को तीन-एक से हराया

**राजपुर।** प्रखंड के स्थानीय गांव स्थित अनुसूचित जाति बस्ती टोले में बने खेल मैदान में अंबेडकर स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में रविवार को एक दिवसीय फुटबॉल टूनामेंट का फाइनल मैच बक्सर बनाम उत्तर प्रदेश के रेवतीपुर के बीच खेला गया। जिसमें बक्सर की टीम 3-1 से विजयी रही।

मैच का उदघाटन पूर्व मंत्री संतोष कुमार निराला एवं पूर्व सीओ राकेश कुमार ने किया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई की। साथ ही, उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ मैच खलने की अपील की। मैच के बाद विजेता व उपविजेता के अलावे मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अतिथियों के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री ने इस आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। मौके पर आयोजन समिति के प्रमोद कुमार, उद्घोषक राजकुमार, प्रयाग पांडेय के अलावे दर्जनों गणमान्य मौजूद थे।

## परती जमीन की तरफ नाली बनाए जाने से वार्ड नंबर 19 के लोगों में बढ़ा आक्रोश

**केटी न्यूज/डुमरांव**



नप में नाली, गली और पीसीसी रोड का बनाने का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। कहीं-कहीं यह शिकायत मिल रही थी कि रोड व नाली बनाने में गुणवत्ता का ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अब यह शिकायत आने लगी है कि जिस तरफ नाली बनना चाहिए उस तरफ नही बनाकर दूसरी तरफ बनाया जा रहा है। इसी तरह की शिकायत नप कार्यालय में भी की गई है। इतना ही नहीं नाले का मलवा छोड़ दिये जाने से लोगों को आने-जाने में भी परेशानी हो रही है। कुछ इसी तरह का काम वार्ड 19 में चल रहा है।

मालूम हो कि वार्ड 19 के स्टेशन रोड स्थित ब्रह्मबाबा मंदिर के पास से एक गली निकलती है। गली को पीसीसी तो कर दिया गया है, लेकिन नाली की व्यवस्था नहीं की गई थी। मोहल्लों के लोगों द्वारा इसकी शिकायत करने पर नप ने नाली बनाने का काम शुरू किया है। पहले बनाने का काम रिहायशी इलाके से बनाना शुरू किया था, उसी तरफ से पास भी हुआ था। अब जिस तरफ मकान नहीं हैं, उसी तरफ से संवेदक ने नाली बनाने का काम लगा दिया है। नाली रिहायशी इलाके के लोगों द्वारा पीसीसी रोड में गड्ढा कर नाली बनाकर घर का पानी बहाया जा रहा है। ऐसे में गली में रहने वालों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नाली से निकला मलवा भी अवरोधक बना हुआ है। बिनोद कुमार ने कहा कि इस संबंध में वार्ड पार्षद से कहा गया है। वार्ड पार्षद मलावा उठाने का आश्वासन तो जरूर दिया, लेकिन उठाया नहीं गया। इसकी शिकायत ईओ को आवेदन देकर लगभग पंद्रह दिन पहले की जा चुकी है, बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो पायी है।




## जदयू नेता ने बशिष्ठ दादा को दी जन्मदिन की बधाई

**डुमरांव।** जदयू के पूर्व अध्यक्ष सह राज्य सभा के पूर्व सांसद बशिष्ठ नारायण सिंह उर्फ दादा के जन्मदिन पर उनके पटना निवास स्थान पर बधाई देने का तांता लगा रहा। डुमरांव जदयू के पूर्व विधान सभा प्रभारी रवि उज्जवल कुशवाहा ने उनके आवास स्थान पर जाकर जन्मदिन उपलक्ष्य में फूल व गुलदस्ता देकर बधाई दी और उन्हें दीघार्यू होने की कामना की। उन्होंने कहा कि पार्टी को आपकी बहुत आवश्यकता है। आपने इसे सींच कर बहुत आगे तक ले गए। आपकी क्षत्रछाया में रहकर कितनों को एमएलए, एमपी और मंत्री तक बनने का मौका मिला। रवि उज्जवल ने बताया कि इस दौरान डुमरांव विधानसभा क्षेत्र में मेरे द्वारा चलाए गए पदयात्रा की उन्होंने सराहना की।

## जीविका दीदियां महिलाओं को दे रहीं निमंत्रण पत्र

**केटी न्यूज/बक्सर**



18 अप्रैल से 925 ग्राम संगठनों में जीविका ग्राम संगठनों द्वारा महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। ज़िले में महिला संवाद कार्यक्रम 13 जून तक चलाया जायेगा। प्रत्येक ग्राम संगठन स्तर पर प्रतिदिन लगभग 200 से 300 महिलाओं एवं पुरुषों की उपस्थिति दर्ज की गई है।

महिला संवाद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बिहार सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु चलाए जा रहे योजनाओं की विस्तृत जानकारी के लिए विशेष रूप से तैयार किये गए डिजिटल मोबाईल वैन में एलईडी टीवी के माध्यम से 49 मिनट का वीडियो प्रसारण कर आरक्षण के तहत सरकारी योजनाओं के बारे में सरकार द्वारा किये जा रहे कार्य विस्तार से बताया गया। विभिन्न योजनाओं की जानकारी लिफ्लेट्स के माध्यम से दिया जा रहा है। योजनाओं से संबंधित बैनर, पोस्टर, सेल्फी जोन समेत और अन्य उपकरण उपलब्ध है। साथ ही मुख्यमंत्री का संदेश पत्र सभी महिलाओं को प्रदान किया जा रहा। महिला संवाद एक ऐसा मंच है जो न केवल योजनाओं की जानकारी देगा, बल्कि यह उनकी आकांक्षाओं को भी सरकार तक पहुंचाने का एक माध्यम है। इसी क्रम में आगामी जीविका ग्राम संगठनों द्वारा आयोजित होने वाले महिला संवाद कार्यक्रम के लिए गैर जीविका महिलाओं को आमंत्रण पत्र दिया जा रहा है और संवाद के बारे में बताया जा रहा है।

## मशाल कार्यक्रम के सफल प्रतिभागी हुए सम्मानित

**केटी न्यूज/डुमरांव**



शिक्षा विभाग द्वारा तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता बिहार खेल प्रतिभा खोज मशाल कार्यक्रम का स्थानीय राज हाईस्कूल में रविवार को समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस खेल खोज प्रतिभा में अंडर 14 एवं अंडर 16 में विद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने अलग-अलग प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया।

इस प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, साइकिलिंग, हाई जंप, लांग जंप, दौड़ इत्यादि खेलों का आयोजन हुआ जिसमें बालिका वर्ग एवं बालक वर्ग दोनों का चयन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुराग मिश्र के साथ बचपन प्ले स्कूल के डायरेक्टर विनय कुमार दुबे, डॉक्टर कविता कुमारी, शारीरिक शिक्षक कृष्णबिहारी प्रसाद एवं सुरेश जी के द्वारा किया गया। प्रतियोगिताओं के समापन के पश्चात सफल प्रतिभागियों को इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो व मेडल के द्वारा सम्मानित किया गया। बच्चे अपना प्रशस्ति पत्र एवं मैडल आदि पाकर काफी उत्साहित दिखे एवं शिक्षा विभाग के साथ सीएम का आभार जताया। मौके पर संतोष कुमार लिपिक, अभयानंद प्रजापति, ओमजी ठाकुर, सत्यम कुमार, डिंपल कुमारी, रीता कुमारी, सीमा कुमारी, प्रीति, बेबी, अंशु, ऋषभ, लक्ष्मी, असद, सुमित सहित अन्य मौजूद थे।

## सप्तचंडी महायज्ञ की तैयारी युद्ध स्तर पर है

**केसठ।** 29 अप्रैल को होने वाले सप्तचंडी महायज्ञ एवं मां काली प्राण प्रतिष्ठा को ले मंदिर समिति और यज्ञ कमिटी के द्वारा तैयारियां जोरो शोरों से किया जा रहा है। इसको लेकर कमिटी के सदस्यों द्वारा युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। केसठ स्थित मां काली मंदिर में 29 अप्रैल से प्रस्तावित सप्त चंडी यज्ञ की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। मंदिर के सौंदर्यीकरण से लेकर यज्ञ मंडप को यज्ञ के बाबत शेष कार्य पूर्ण किए जा रहे हैं। महायज्ञ की शुरूआत 29 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा के साथ होगी और 9 मई को यज्ञ की पूणार्हुति के साथ विशाल भंडारे के साथ संपन्न होगा। मंदिर में मां काली की प्राण प्रतिष्ठा भी होगी।




बक्सर स्टेशन पर लगातार तीसरे सप्ताह जारी रहा अभियान, अभियान की हो रही सराहना

# जरूरतमंदों के लिए भोजन बैंक बना कामधेनु

♦ भूखे लोगों व जरूरतमंदों को भोजन बैंक के वोलंटियर ने दिया भोजन के पैकेट

**केटी न्यूज/बक्सर**



बक्सर के जरूरतमंदों व भिखारियों को रविवार का इंतजार बेसब्री से हो रहा है। प्रत्येक रविवार भोजन बैंक द्वारा रेलवे स्टेशन तथा उसके आस पास के इलाके में भूखे सो रहे लोगों को भोजन कराया जा रहा है। इस बार उनके अभियान का तीसरा सप्ताह था। इस दौरान भोजन बैंक के वोलंटियर द्वारा दर्जनों जरूरतमंदों के बीच जाकर उन्हें भोजन का पैकेट दिया गया।

जानकारी देते हुए भोजन बैंक संचालन के अग्रणी राजीव कुमार उर्फ जीरो ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर प्रत्येक दिन दर्जनों ऐसे जरूरतमंद मिलते है, जिनके पास खाने के लिए न तो पैसा रहता है और न ही कोई खाद्य सामग्री। स्टेशन पर भोजन के लिए भीख मांगने वालों को देखकर भोजन बैंक स्थापना की योजना बनी तथा अपने सहयोगियों के साथ मिल इसे शुरू किया गया। उन्होंने कहा कि 13 अप्रैल से इसे शुरू किया गया है तथा प्रत्येक रविवार सुबह नौ बजे से सभी कार्यकर्ता रेलवे स्टेशन पर पहुंच भिखारियों तथा अन्य जरूरमंदों को खाना खिला रहे है। उन्होंने कहा कि जो भोजन का पैकेट दिया जाता है, वह बिल्कुल ताजा होता है तथा हमलोग बाजार से सामान खरीद उसे अपने सामने पकवाते है तथा उसका वितरण भी सभी लोग मिलकर करते है। राजीव ने कहा कि इस अभियान की सराहना पूरे शहर में हो रही है तथा बहुत कम समय में लोग इस अभियान से जुड़ने लगे है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द इसका दायरा बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि शहर में कोई भूखा न सोए। राजीव ने कहा कि इस प्रयास में अब शहरवासी भी उनके साथ आने लगे है। शहरवासियों का बड़ा सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा की सोंच के तहत इस अभियान को चलाया जा रहा है। वहीं, अंत में ललन राम ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

भोजन वितरण का यह कार्यक्रम भुआली के अध्यक्षता में आयोजित किया गया था। इस दौरान श्रमदान करने वालों में मोतिउरहमान, मनोज गुप्ता, संजीत सिंह, राजीव रंजन मिश्रा, जय राम सिंह, लक्ष्मी नारायण, विक्की उपाध्याय, संजय सिंह, अधिवक्ता राजेश यादव, अविनाश कुशवाहा, सौरभ गुप्ता, प्रीतम, रौशन, राकेश, जगदीश पटेल, विकास यादव, चंदू के अलावे कई अन्य स्वयंसेवक उपस्थित थे। जबकि विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में उत्तर प्रदेश के बलिया से ओंकार सिंह एवं पंडितपुर बक्सर के प्रभात शर्मा मौजूद रहे।

## राजद अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ की बैठक हुई संपन्न, शामिल हुए दिग्गज

# अतिपिछड़ों के सपनों को साकार करना हमारा मूल उद्देश्य: अरविंद

**केटी न्यूज/आरा**



राजद अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ भोजपुर के जिलाध्यक्ष विनोद चंद्रवंशी के अध्यक्षता में आगामी 03 मई को पटना में होने वाली अतिपिछडा जगाओ-तेजस्वी सरकार बनाओ रैली को सफल बनाने हेतु राजद अतिपिछडा जिला सम्मेलन रेड क्रॉस आरा में आयोजित की गई।

कार्यक्रम का सफल संचालन प्रधान महासचिव रजनीश यादव ने किया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष अरविंद कुमार सहनी, पूर्व विधान पार्षद लालदास, पूर्व अनवर आलम, जिलाध्यक्ष विरबल यादव, शैलेन्द्र कुमार, महेश यादव, धर्मदेव यादव सहित अन्य गणमान्य लोग दिप प्रज्वलित कर किया गया।

**बाबा साहेब के संविधान से देश चलता है :** कार्यक्रम के दौरान अरविंद कुमार सहनी ने कहा अतिपिछड़ा के सपनों को साकार करना हम सब का मूल उद्देश्य है। क्योंकि बाबा साहेब के संविधान से देश चलता है लेकिन अफसोस की आज बाबा साहेब के संविधान पर प्रहार किया जा रहा है आने वाला चुनाव मे संविधान रक्षक सरकार तेजस्वी प्रसाद यादव जी के नेतृत्व मे बनाना है और हम आप सभी को तिन मई को मिलर हाई स्कूल मैदान पटना मे अतिपिछडा जगाओ-तेजस्वी सरकार बनाओ रैली मे चलना है और अपने नेता तेजस्वी यादव के बातो को सुनकर गाँव के इलाके मे नेता के बातो को पहुंचाने हेतु संकल्पबद्ध होना है।

**इस बार तेजस्वी सरकार बनाना है:** वहीं पूर्व विधान पार्षद लालदास राय ने कहा कि अतिपिछडा प्रकोष्ठ के द्वारा सराहनीय पहल है निश्चित रूप से इस बार तेजस्वी सरकार बनाना है। वहीं, जिलाध्यक्ष बिरबल यादव ने कहा कि नितिश सरकार मे अतिपिछड़ा का अपमान हो रहा है और नितिश जी मौन है। वही पूर्व विधायक अनवर आलम ने कहा की आज वक्फ बिल, एनआरसी लाया जा रहा है बाबा साहेब के संविधान को खत्म करने का सुनियोजित साजिश है बाबा साहेब के संविधान को बचाने के लिए संकल्पबद्ध है निश्चित रूप से राजद अतिपिछडा प्रकोष्ठ का कार्यक्रम सराहनीय है।

**सरकार में पिछड़ा-अतिपिछड़ा का कोई सुनने वाला नहीं :** वहीं, पूर्व विधायक भाई दिनेश ने कहा कि तेजस्वी यादव के नेतृत्व मे सरकार को बनाना है और पिछड़ा-अतिपिछडा समाज नितिश सरकार मे हाशिए पर है। वहीं राजद नेता हाकिम प्रसाद ने कहा कि तिन मई को सैकड़ो वाहनो के साथ भोजपुर के साथी पटना जायेंगे और अपने नेता तेजस्वी के बातों को सुनेंगे और तेजस्वी सरकार बनाने हेतु संकल्पबद्ध होंगे। वहीं प्रदेश महासचिव मनोज सिंह ने कहा कि नितिश सरकार से जनता त्रस्त है इनके सरकार में पिछड़ा-अतिपिछड़ा का कोई सुनने वाला नहीं है। निश्चित रूप से बिहार मे तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व वाली सरकार बनाना है।

वहीं, संयुक्त रूप से जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार व प्रधान महासचिव रजनीश यादव ने कहा कि युवा राजद भोजपुर के द्वारा आगामी तिन मई को पटना में आयोजित अतिपिछड़ा जगाओ तेजस्वी सरकार बनाओ रैली को सफल बनाने हेतु सैकड़ों युवा राजद कार्यकर्ता पहुंचेंगे। बाबा साहेब के सपना वाली सरकार लाना है और बिहार युवाओं का प्रदेश है तो निश्चित रूप से युवा नेता तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने हेतु संकल्पबद्ध है। वही कार्यक्रम मे जिला परिषद धनंजय सिंह, भीम यादव, धर्मदेव यादव, पूर्व डिप्टी मेयर शबनम प्रवीण, राजद नेता महेश यादव, रघुपति यादव, राजेन्द्र मनियारा, आलोक रंजन, हिरा ओझा, अमीत ठाकुर, अरुण यादव, अनिल यादव, सुरेश विश्वकर्मा, ओमप्रकाश मुन्ना, तबरेज आलम, मुन्ना अंसारी, विनय चौरसिया, कमलेश मालाकार, डबबू ठाकुर, मोहन पासवान, तेजू त्यागी, जेपी सिंह, प्रिन्स ठाकुर, राजेश पाल, शम्भु पंडित, विजेन्द्र राम सहित सैकड़ो राजद नेता मौजूद रहे।

# गरीब मुसलमानों के अधिकार सुनिश्चित करने की दिशा में यह है बड़ा कदम: दानिश इकबाल

**केटी न्यूज/आरा**




भाजपा द्वारा बिहार में चलाए जा रहे वक्फ सुधार जनजागरण अभियान के तहत रविवार को भोजपुर जिला कार्यालय, आरा में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा भोजपुर जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पसमांदा समाज के कार्यकर्ता और भाजपा जिला इकाई के नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह और प्रदेश मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल ने विशेष रूप से शिरकत की और वक्फ संशोधन कानून के उद्देश्यों और लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। राजेन्द्र सिंह ने कहा कि वक्फ संशोधन कानून के लागू होने के बाद गरीब मुसलमानों के साथ अन्याय समाप्त होगा और 'सबका साथ, सबका विकास' का संकल्प साकार होगा। उन्होंने कहा, "वक्फ एक ट्रस्ट है, जो मुसलमानों के हित में बनाया गया था, लेकिन अब तक कुछ गिने-चुने लोग ही इसका फायदा उठाते रहे। वक्फ संपत्तियों पर अब पहला हक गरीबों का होगा। वक्फ बोर्ड द्वारा कभी भी गरीब मुसलमानों को उसका हक देने की कोशिश नहीं की गई। लेकिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सामाजिक न्याय के आधार पर गरीब मुसलमानों को मुख्य धारा में लाने का काम किया और उन लोगों के साथ जो इनके हक और हुकूक को छीनने की मंशा रखते थे, उनके सपनों को तोड़ दिया। दानिश इकबाल ने अपने संबोधन में कहा कि उन्होंने कहा कि अब कोई भी लोग वक्फ की एक इंच जमीन नहीं ले सकता। जिन लोगों ने जमीन रखी है, उसे भी हिसाब देना होगा।

## सड़क हादसे में तीन की मौत, मचा कोहरात

कैमूर। भभुआ-मोहनिया मार्ग पर परसिया गांव के पास स्कॉर्पियो और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। वहीं एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि हादसे में बाइक पर सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीसरे ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान भभुआ थाना क्षेत्र के बारे गांव निवासी मंटू पटेल के बेटे आदर्श पटेल, पप्पू तिवारी के बेटे आदित्य तिवारी और जितेंद्र यादव के बेटे भोलू यादव के रूप में हुई हैं। वहीं घायल की पहचान प्रभु गोंड के बेटे विकास गोंड के रूप में हुई है। जिसे उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर किया गया है।

# सासाराम में अगलगी में तीन दुकानें हुई राख, हजारों का हुआ नुकसान



**केटी न्यूज/सासाराम**

शहर के पुराने जीटी रोड स्थित प्रभाकर मोड़ पर शनिवार की रात बड़ी घटना हुई। रात करीब 1:30 बजे ट्रांसफॉर्मर में शॉर्ट सर्किट से चिनगारी निकली। यह चिनगारी पहले एक फल की दुकान तक पहुंची।आग तेजी से फैलती हुई पास की दूसरी फल की दुकान और पंचर की दुकान तक पहुंच गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची।

दमकल विभाग के कर्मी संजीव कुमार ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए पहले बिजली आपूर्ति रोकी गई। इसके बाद पानी का छिड़काव किया गया। करीब दो घंटे की मेहनत के बाद आग पर नियंत्रण पाया जा सका। पंचर की दुकान के मालिक मोहम्मद शाहनवाज ने बताया कि दुकान में रखे टायर और अन्य सामान जल गए। हालांकि मशीन बच गई। तीनों दुकानों में मिलाकर लगभग 50,000 रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है।

# जातीय जनगणना व भूमि सर्वेक्षण में घोटाले को ले जन सुराज का आंदोलन का ऐलान

**केटी न्यूज/आरा**



जन सुराज पार्टी की जिला इकाई ने आज एक भव्य प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर बिहार सरकार से जातीय जनगणना और भूमि सर्वेक्षण में हुए भ्रष्टाचार और वादाखिलाफी पर कड़े सवाल पूछे। पार्टी ने साफ तौर पर चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इन सवालों के संतोषजनक जवाब नहीं दिए, तो बिहार भर में बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा।

जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने 21 अप्रैल को पटना में एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता के दौरान कहा था कि बिहार सरकार ने जातीय जनगणना रिपोर्ट और भूमि सर्वेक्षण को लेकर जो घोषणाएं की थीं, वे जमीन पर लागू नहीं हुईं। उन्होंने 11 जुलाई को एक करोड़ लोगों के हस्ताक्षर के साथ मुख्यमंत्री और राज्यपाल को ज्ञापन सौंपने की घोषणा की थी। प्रशांत किशोर ने यह भी कहा था कि अगर सरकार ने इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं लिया तो विधानसभा के अंतिम सत्र का घेराव किया जाएगा। भोजपुर जिला इकाई के अध्यक्ष अभय सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार सरकार की वादा खिलाफी और भ्रष्टाचार के खिलाफ जन सुराज पार्टी 11 मई को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पैतृक गांव कल्याण विघा में घर-घर जाकर हस्ताक्षर अभियान शुरू करेगी। इस अभियान के जरिए सरकार के खिलाफ जनमत तैयार किया जाएगा।

## नए कैंपस में शिफ्ट हुआ आरा का जिम टाउन, सांसद सुदामा प्रसाद ने किया उद्घाटन

# फिटनेस को लेकर जागरूक हों युवा: सांसद

**केटी न्यूज/आरा**



आरा के पकड़ी चौक-गैस एजेंसी रोड में रविवार को जिम टाउन के नए परिसर का उद्घाटन किया गया। जिम टाउन का उद्घाटन सांसद सुदामा प्रसाद, विधायक अमरेंद्र प्रताप सिंह, मेयर इंदु देवी, पदम श्री भीम सिंह भवेश जिम के डायरेक्टर डॉक्टर अभिनीत और डॉक्टर रिचा ने संयुक्त रूप से किया।

मौके पर संसद सुदामा प्रसाद ने कहा कि आधुनिकता के इस दौर में फिटनेस बहुत बड़ी समस्या है, खास करके युवाओं को फिट रहने की जरूरत है, ऐसे में शहर के लोगों के लिए ये जिम बहुत ही उपयोगी साबित होगा। विधायक अमरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि 4 साल पहले यह जिम जब खुला था उसे वक्त भी मैं उद्घाटन में आया था और आज अच्छा लग रहा है कि ये जिम अब नए और आधुनिक परिसर में नए सुविधाओं के साथ खुला है। जिम की एमडी डॉक्टर रिचा ने बताया कि पिछले 4 साल से मेरा यह वेंचर फिटनेस के लिए लोगों को जागरुक कर रहा है नए परिसर में और भी नई सुविधाओं को जोड़ा गया है यहां आने वाले हर युवा को न केवल फिटनेस का फंडा बताया जाएगा बल्कि महानगरों के जिम में मिलने वाली सुविधा अब इस जिम में मिलेगी। इसके लिए कई मशीनों को खासतौर पर बाहर से मंगवाया गया है। मंच का संचालन अमरेंद्र कुमार ने किया । उद्घाटन के मौके पर अउख सह बिहार न्यायिक सेवा के सचिव अजीत कुमार सिंह, पीरो के एएसपी के के सिंह, ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉक्टर एसपी भगत, विश्वनाथ प्रसाद, डॉ अभिषेक कुमार जैस्वाल, डॉक्टर मनीष सिंह, डॉक्टर अनामिका सिंह, डॉ एस के रुंगट, डॉ अनिल सिंह, डॉक्टर विजय गुप्ता, डॉ संगीता गुप्ता, डॉ विकास सिंह, डॉक्टर अभिषेक रुंगटा, हाकिम प्रसाद, शत्रुघन प्रसाद, सत्य नारायण प्रसाद, सन्नी शाहाबादी, यशवंत नारायण, डॉक्टर मनिशा सिंह, डॉक्टर राखी अग्रवाल, डॉक्टर बाला जी समेत कई बुद्धिजीवी थे।






## पटना में आयोजित ताड़ी व्यवसायी महाजुटान को नेता प्रतिपक्ष ने किया संबोधित

# तेजस्वी का ऐलान... ताड़ी को शराबबंदी कानून से बाहर लाएंगे, वापस लेंगे केस

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने रविवार को राजधानी पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में ऐलान किया कि राज्य में महागठबंधन की सरकार बनने पर ताड़ी को शराबबंदी कानून से बाहर किया जाएगा। साथ ही ताड़ी व्यवसाय से जुड़े सभी मुकदमे भी वापस लिए जाएंगे। श्रीकृष्ण स्मारक भवन सभागार में ताड़ी व्यवसायी महाजुटान को संबोधित करते हुए राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार के कई इलाकों में ताड़ी का पारंपरिक व्यवसाय होता है। अगर आगामी विधानसभा चुनाव में महागठबंधन सत्ता में आता है, तो ताड़ी व्यवसाय को उद्योग का दर्जा दिया जाएगा, जिससे इससे जुड़े लोगों की आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। तेजस्वी यादव ने कहा कि उपमुख्यमंत्री रहते हुए कई बार उन्होंने और राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने ताड़ी को शराबबंदी कानून से अलग करने की कोशिश की थी, लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जिद के कारण यह संभव नहीं हो सका।



### बोले- एनडीए के पास सिर्फ हिंदू मुसलमान का मुद्दा


एनडीए के पास सिर्फ हिंदू मुसलमान का मुद्दा है। 2025 में हिंदू मुस्लिम के मुद्दे पर नहीं बटना है। तेजस्वी यादव ने कहा कि पासी समाज के लोगों को न्याय दिलाने के लिए यह जुटान हुआ है। बिहार में सबसे ज्यादा उत्पीड़न पासी समाज का किया गया है पासी समाज को इस हालत में देख कर मुझे बहुत पीड़ा होती है पासी समाज का व्यवसाय ताड़ी ही था उनका घर परिवार इसी से चलता था। नीतीश कुमार ने ताड़ी के जगह नीरा चालू करने की बात कही थी नीरा कार्यक्रम उनका फ्लॉप हो गया। मैंने कई बार उसके बावजूद भी ताड़ी को शराबबंदी कानून से बाहर रखने की बात कही। नीतीश कुमार की जिद के कारण पासी समाज अपराधी की श्रेणी में आ गए हैं और जेल में बंद है। अनुसूचित जाति जनजाति में डॉक्टर इंजीनियर न के बराबर है पासी समाज एकजुट होकर हमारी सरकार बनाए। मेरी सरकार बनती है तो मैं शराबबंदी कानून से ताड़ी को बाहर करूंगा। सरकार बनने के साथ ही ताड़ी बंदी कानून खत्म करूंगा। बिहार में ताड़ी बंदी कानून खत्म भी करूंगा और उद्योग का दर्जा दूंगा। तेजस्वी यादव ने कहा कि ताड़ी बंदी कानून में जेल गए लोगों को बाहर निकलूंगा। पासी समाज हमें सहयोग करेंगे तो मैं उनकी समस्या को दूर करूंगा। तेजस्वी प्रसाद यादव की उम्र कच्ची है जवान कच्ची नहीं है। नौकरी देने का वादा किया नौकरी बिहार के युवाओं को दिया। आरक्षण की सीमा को 65 प्रतिशत बढाकर किया।

उन्होंने दोहराया, 'इस बार सरकार बनी तो ताड़ी को शराबबंदी से अलग किया जाएगा।' तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि शराबबंदी कानून का सबसे ज्यादा असर पासी समाज पर पड़ा है। उन्होंने कहा कि जाति आधारित गणना के अनुसार पासी समाज की जनसंख्या एक प्रतिशत है, लेकिन उनमें से 76 प्रतिशत लोग भूमिहीन हैं। शराबबंदी के चलते उनके पारंपरिक पेशे को जबरन बंद करा दिया गया है। तेजस्वी ने शराबबंदी के लागू होने के बाद गरीब, दलित, पिछड़े और आदिवासी समाज के लोगों के उत्पीड़न का मुद्दा उठाते हुए कहा कि आर्थिक तंगी के कारण कई लोग जमानत तक नहीं करवा पा रहे हैं। उन्होंने पुलिस पर भी शराब के नाम पर लोगों के शोषण का आरोप लगाया। साथ ही नीतीश सरकार की 'नीरा' योजना को असफल बताया। अपने संबोधन में तेजस्वी यादव ने पासी समाज के लोगों से आह्वान किया कि वोट की चोट से सरकार बदलनी होगी। उन्होंने कहा कि ताड़ी व्यवसाय को उद्योग का दर्जा देने से इस पेशे से जुड़े लोगों को नई पहचान और आर्थिक संबल मिलेगा।

# राजद के प्रदर्शन में लगे पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे

**केटी न्यूज/पटना**

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर देश भर में आक्रोश है। देश भर में लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच बिहार के लखीसराय में राजद के एक प्रदर्शन के दौरान पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाया गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर काफी वायरल हो रहा है। इस पर बिहार बीजेपी के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल का रिएक्शन सामने आया है। दिलीप जायसवाल ने कहा है कि जिन्होंने भारत में रहकर पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाया है उन्हें चुल्लू भर पानी में डूबकर मर जाना चाहिए। शनिवार को आरजेडी की ओर से घटना के विरोध में सभी जिलों में कैंडल मार्च निकाला गया। लखीसराय में भी पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया था। जहां पर पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने का दावा किया जा रहा है। इस मामले पर दिलीप जायसवाल ने कहा कि इस तरह की बातों से खुद में शर्म आता है। राजद के लखीसराय जिलाध्यक्ष कालीचरण दास ने बाद में पाकिस्तान जिंदाबाद वाला वीडियो वायरल होने के बाद गलती मानी। उन्होंने कहा कि मिस्टेक हो गया। उत्साह में लोगों ने हिंदुस्तान जिंदाबाद के बदले पाकिस्तान बोल दिया।




# गोपालगंज में व्यवसायी की चाकू गोदकर हत्या

**केटी न्यूज/पटना**

गोपालगंज जिले के थावे थाना क्षेत्र के विदेशी टोला गांव निवासी गल्ला व्यवसायी काशीनाथ गुप्ता के बड़े पुत्र की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। व्यवसायी महमदपुर से वसूली कर बाइक से लौटते वक्त मांझा थाना क्षेत्र के झझवा गांव के पास बदमाशों के हमले का शिकार हो गया। गंभीर रूप से घायल अवस्था में स्थानीय लोगों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थावे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और बाद में शव परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी के मुताबिक, शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

मृतक की पत्नी बबली देवी और मां के बिलखते हुए दृश्य ने माहौल को बेहद गमगीन कर दिया। मृतक के पीछे दो पुत्रियां और एक पुत्र हैं, जो निजी विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। थावे बाजार में मृतक की थोक गल्ला दुकान थी। हत्या से आक्रोशित थावे बाजार के सभी व्यवसायियों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं और विरोध



प्रदर्शन करते हुए थावे बस स्टैंड पर एनएच 531 को जाम कर दिया। मृतक का शव सड़क पर रखकर व्यवसायियों ने आगजनी भी की और हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग करते हुए जमकर नारेबाजी की। सड़क जाम की सूचना पर थावे थानाध्यक्ष हरेराम कुमार और अपर थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे, लेकिन आक्रोशित लोग वरिष्ठ अधिकारियों की मांग पर अड़े रहे। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सदर एसडीओ डॉ. प्रदीप कुमार और साइबर डीएसपी अवंतिका दिलीप कुमार घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने मृतक की पत्नी बबली देवी और आक्रोशित व्यवसायियों से बातचीत की और दो दिनों के भीतर हत्या में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। इसके बाद लोगों ने जाम हटाया।

## मोतिहारी में बच्चा चोर गिरोह का पर्दाफाश

**पटना।** मोतिहारी में पुलिस ने बच्चा चोर गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार कर तीन वर्षीय एक बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया। गिरोह में कई महिलाएं भी शामिल हैं, जो बच्चों को चुराकर उन्हें बेचने की योजना बना रहे थे। पिछले दिनों पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र में बच्चों के खेलते-खेलते गायब हो जाने की घटनाओं ने इलाके में दहशत फैला दी थी। एसआईटी टीम ने सघन जांच के साथ सीसीटीवी फुटेज की मदद ली। जांच में सामने आया कि घुमंतू जाति के कुछ लोग, जो अस्थायी डेरों में रहकर अपना जीवन यापन करते हैं, बच्चों को चुराने के काम में लगे हुए थे। पुलिस ने पूरी योजना के साथ छापामारी कर बच्चे के साथ सात चोरों को गिरफ्तार कर लिया।




# प्रदेश के कई जिलों में तेज हवा के साथ बारिश का अलर्ट जारी

**केटी न्यूज/पटना**

मौसम विभाग ने पटना, सारण, वैशाली, भोजपुर, अरवल और जहानाबाद जिले में तीव्र दर्जे की मेघगर्जन, वज्रपात, ओलावृष्टि और तेज हवा के साथ बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने कहा कि इन जिलों में हवा की रफ्तार 50 से 60 किमी रहने के आसार हैं। वहीं गया, मुजफ्फरपुर, नालंदा, समस्तीपुर, सीवान अररिया, पूर्णिया और किशनगंज में अगले तीन घंटे तक मेघ गर्जन, वज्रपात और हवा के साथ वर्षा होने की प्रबल संभावना है। इन इलाकों में मौसम विभाग ने बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

वहीं दरभंगा, मधुबनी जिले कुछ भागों में अगले दो से तीन घंटे में मध्यम दर्जे की बारिश और वज्रपात के आसार हैं। इन दो जिलों में मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया गया है। पटना, वैशाली समेत कई जिलों में रविवार सुबह से ही दोपहर से ही आसमान में घने बादल छाए रहे। दोपहर में तेज हवा और बारिश से लोगों ने राहत की सांस ली। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, शनिवार से सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ के असर से 27 से 30 अप्रैल के बीच प्रदेश के विभिन्न इलाकों में तेज हवाओं संग रुक-रुककर बारिश की परिस्थितियां बनेंगी। इससे तापमान में गिरावट आएगी और भीषण गर्मी से राहत मिलेगी। मौसम विभाग ने लोगों से अपील कि है कि खराब मौसम के दौरान अपने पशुधन और खुद को बाहर निकलने से बचें। मेघगर्जन के दौरान पेड़-पौधे के नीचे शरण न लें। बारिश के समय सुरक्षित स्थान पर जाकर बैठ जाएं।

# 3 बच्चों की मां ने नाबालिग से कर ली समलैंगिक शादी

**केटी न्यूज/पटना**

दरभंगा जिले में समलैंगिक शादी का एक अनोखा मामला सामने आया है, जिसने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। बहेड़ी थाना क्षेत्र के कमलपुर घाट निवासी भोगेंद्र मांझी की नाबालिग बेटी रौनक कुमारी का प्रेम संबंध उसकी बड़ी बहन की ननद कृति कुमारी से हो गया। दोनों के बीच बढ़ते प्रेम ने कृति को अपने वैवाहिक जीवन से दूर कर दिया।

कृति की शादी करीब 11 वर्ष पहले कृष्ण कुमार मांझी से हुई थी, जो मजदूरी करने के लिए अक्सर राजस्थान चले जाते थे। इस दौरान उनके तीन बच्चे भी हुए। लेकिन कृति और रौनक के बीच वाट्सएप चैटिंग के जरिए नजदीकियां लगातार बढ़ती रहीं। जानकारी के मुताबिक, छह अप्रैल को कृति और रौनक अचानक घर से फरार हो गईं। कृति अपने पति के पास गुजरात पहुंची और वहीं रौनक के साथ पति के सामने ही समलैंगिक शादी कर ली। इसके बाद दोनों एक ही कमरे में रहने लगीं। मामले की जानकारी मिलते ही दरभंगा पुलिस ने गुजरात पहुंचकर तीनों को गिरफ्तार कर लिया। कृष्ण कुमार मांझी ने बताया कि पत्नी कृति के प्रेम प्रसंग की जानकारी मिलने के बाद उसने कई बार इसका विरोध किया। मामला दरभंगा व्यवहार न्यायालय के एसीजेएम प्रतिमा परिहार की अदालत में पहुंचा। जहां सुनवाई के बाद कोर्ट ने नाबालिग रौनक कुमारी को उसके परिजनों के हवाले कर दिया। वहीं कृति कुमारी और उसके पति कृष्ण कुमार को न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का निर्देश दिया।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 की तैयारियों का लिया जायजा

# विश्व की सबसे बड़ी बनाई गई मधुबनी पेंटिंग के लिए बिहार को मिला गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड का सर्टिफिकेट

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 की तैयारी जोरों पर है। इस बीच रविवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पाटलिपुत्र खेल परिसर में चल रही खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 की तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

उन्होंने सेंट्रल कंट्रोल एण्ड कमांड सेंटर, कॉफ्रेंस हॉल, स्टेडियम, इंडोर स्टेडियम सहित अन्य भागों का जायजा लिया। साथ ही उद्घाटन समारोह में होनेवाल कार्यक्रम के लिए खिलाड़ियों और कलाकारों द्वारा किए जा रहे अभ्यास का निरीक्षण किया।



मुख्यमंत्री ने 4 मई को उद्घाटन समारोह में प्रदर्शित की जानेवाली विश्व की सबसे बड़ी मधुबनी पेंटिंग के निर्माण का भी जायजा लिया है। विश्व की सबसे बड़ी बनायी गयी मधुबनी पेंटिंग के लिये गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड का सर्टिफिकेट मुख्यमंत्री को सौंपा गया। मिथिला चित्रकला संस्थान, सौराठ, मधुबनी के 50 कलाकारों ने लगातार 50 घंटे तक काम कर इस पेंटिंग को तैयार किया है। विश्व की सबसे बड़ी मधुबनी पेंटिंग तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानेवाली पद्मश्री बाऊआ देवी को मुख्यमंत्री ने मौके पर सम्मानित किया। साथ ही 375 बाल लामाओं द्वारा सिंगिंग बॉल के साथ प्रदर्शन का गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड का सर्टिफिकेट भी मुख्यमंत्री को सौंपा गया। बिहार में पहली बार खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का आयोजन 4 मई 15 मई तक हो रहा है। इसका उद्घाटन 4 मई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। खेलो इंडिया यूथ गेम्स में 28 खेलों के लिये 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों से 8500 खिलाड़ी तथा 1500 प्रशिक्षक और तकनीकी अधिकारी शामिल हो रहे हैं। बिहार के पांच शहरों पटना, गया, राजगीर, भागलपुर, बेगूसराय में इस खेल का आयोजन होगा।



## संक्षिप्त समाचार

### मिड-डे मील के लिए स्कूलों को मिलेगी अधिक राशि, नई दरें 1 मई से होंगी लागू

रांची, एजेंसी। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत सरकारी स्कूलों को मिड-डे मील के लिए अब अधिक राशि मिलेगी। केंद्र सरकार ने इसके कुकिंग कास्ट के रूप में स्कूलों को मिलने वाली राशि में वृद्धि की है। यह वृद्धि एक मई से लागू होगी (बाल वाटिका एवं प्राथमिक (पांचवीं कक्षा तक) स्कूलों को कुकिंग कास्ट के रूप में प्रति छात्र अब 6.19 रुपये की जगह 6.78 रुपये मिलेंगे। इसी तरह, उच्च प्राथमिक (छठी कक्षा से आठवीं) स्कूलों को प्रति छात्र अब 10.17 रुपये मिलेंगे। पहले इस श्रेणी के स्कूलों को इस मद में प्रति छात्र 9.29 रुपये दिए जाते थे। बाल वाटिका एवं प्राथमिक स्कूलों को कुकिंग कास्ट के रूप में प्रति छात्र मिलने वाले 6.78 रुपये में 4.07 रुपये केंद्र सरकार देगी, जबकि 2.71 रुपये का वहन राज्य सरकार करेगी इसी तरह, उच्च प्राथमिक स्कूलों को प्रति छात्र मिलने वाले 10.17 रुपये में 6.10 रुपये केंद्र सरकार देगी, जबकि 4.07 रुपये का वहन राज्य सरकार करेगी ज्ञात हो कि इस योजना के तहत मिड-डे मील बनाने के लिए खाद्यान्न अलग से उपलब्ध कराए जाते हैं। कुकिंग कास्ट की राशि में ईंधन, सब्जी, तेल, मसाला, नमक आदि का खर्च सम्मिलित होता है।

### बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार को घेरा, कहा-जेएमएम-कांग्रेस ने झारखंड को बारूद के ढेर पर बैठा दिया

रांची, एजेंसी। राज्य के नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने फिर एक बार सरकार को झारखंड में हो रहे कथित बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर घेरा है। इसे लेकर बाबूलाल मरांडी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' पर एक पोस्ट साझा किया है। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा है कि बांग्लादेशी घुसपैठिए संथाल परगना से बाहर अब कोल्हान में भी तेजी से बसते जा रहे हैं। पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया स्थित गांव में जहां कोई भी मुस्लिम परिवार नहीं रहता, वहां 3 हजार मुस्लिम बच्चों का आधार कार्ड बन जाना झारखंड की आंतरिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। बाबूलाल मरांडी ने अपने पोस्ट में आगे लिखा है कि मस्जिद मदरसों में घुसपैठिए को शरण देकर उनका अवैध दस्तावेज तैयार किए जाने की सूचना कई बार सामने आ चुकी है। इसके बावजूद हेमंत सरकार बांग्लादेशी घुसपैठ की जांच रुकवाने सुप्रीम कोर्ट तक चली जाती है। वोट बैंक और सत्ता के लालच में झामुमो कांग्रेस ने झारखंड को बारूद के ढेर पर बैठा दिया है। बाबूलाल मरांडी ने झारखंड में बढ़ते बांग्लादेशी घुसपैठ को लेकर हाल में बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुए हिंसा की भी आशंका जताई है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी झारखंड की संस्कृति और परंपराओं की रक्षा के लिए घुसपैठ के खिलाफ अपनी निर्णायक लड़ाई जारी रखेगी, ताकि मालदा, मुर्शिदाबाद जैसे हालातों से झारखंड को बचाया जा सके। जानकारी हो कि नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने यह पोस्ट उस वक्त किया है, जब पूरा देश पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर आक्रोश में है। पहलगाम में आतंकियों ने निर्दोष पर्यटकों से उनका धर्म पूछकर उनकी बेरहमी से हत्या कर दी थी।

### एक महीने में 30 सड़क दुर्घटनाएं और 22 लोगों की मौत, मार्च में वसूला गया 31.51 लाख रुपए जुर्माना

जमशेदपुर, एजेंसी। जमशेदपुर जिले में पिछले महीने मार्च में 30 सड़क दुर्घटनाएं हुई। इन सड़क दुर्घटनाओं में 22 लोगों की मौत हुई। जबकि 14 लोग गंभीर रूप से घायल हुए। एक माह में 30 सड़क दुर्घटनाएं और 22 लोगों की मौत चिंता का विषय है। जिले के समाहरणालय सभागार में शुक्रवार (25 अप्रैल) को हुई यातायात एवं सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़क दुर्घटना का यह आंकड़ा बताया गया। बैठक में ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित आंकड़े भी साझा किये गये। जारी आंकड़ों के मुताबिक मार्च महीने में कुल 2055 नये ड्राइविंग लाइसेंस बनाये गये। इनमें 1762 पुरुष और 293 महिलाओं का ड्राइविंग लाइसेंस बनाया गया। इसके अलावा सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले 533 लोगों का ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किया गया। वाहन जांच अभियान के दौरान बिना हेलमेट और सीट बेल्ट के गाड़ी चलाने वालों समेत अन्य मामलों में कुल 31.51 लाख रुपए जुर्माना वसूला गया।

# झारखंड पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल 289 जवानों और अधिकारियों का तबादला



रांची, एजेंसी। भाषा से भूगोल तक की जानकारी रखने वाले 289 जवान और अधिकारी चाईबासा स्थानांतरित हो गए हैं। ये सभी सिपाही से पुलिस निरीक्षक स्तर तक के हैं। ये वही जवान-अधिकारी हैं, जिन्होंने चाईबासा जिला में स्थानांतरित किए जाने की इच्छा जताई थी। इनमें 247 जवान और अधिकारियों का गृह जिला चाईबासा, पश्चिमी सिंहभूम है। चाईबासा स्थानांतरित होने वाले अन्य 42 जवानों-अधिकारियों का गृह जिला पश्चिमी सिंहभूम से सटे आस-पड़ोस के जिले पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला, खूंटी और रांची आदि है।

डीजीपी अनुराग गुप्ता की पहल पर यह स्थानांतरण-पदस्थापन हुआ है। उन्होंने यह ऑफर दिया था कि जो भी अधिकारी जवान पश्चिमी सिंहभूम जिला में जाना चाहते हैं और जो वहां पर लंबे समय से पदस्थापन के बाद दूसरे जिला-इकाइयों में जाना चाहते हैं, वे अपनी इच्छा जताएं। उनके मनोनयन के बाद पुलिस मुख्यालय के स्तर पर आगे की कार्रवाई होगी। इसके बाद जवानों-अधिकारियों ने अपनी इच्छा जताई और उनका स्थानांतरण हुआ।

इस स्थानांतरण और पदस्थापन के पीछे यह तर्क दिया जा रहा है कि गृह जिला चाईबासा वाले जवानों-अधिकारियों को वहां के भूगोल और भाषा की बेहतर समझ है।

वे अपने बीच के भटके हुए लोगों को समझाकर मुख्य धारा से जोड़ने में सहायक साबित हो सकते हैं। उनके चाईबासा में योगदान के बाद नक्सल विरोधी अभियान को और धार मिलेगी।

राज्य के 248 जवान-अधिकारी चाईबासा से दूसरे जिला-इकाइयों में स्थानांतरित हुए हैं। ये जवान-अधिकारी लंबे समय से चाईबासा जिला बल में पदस्थापित थे।

इन अधिकारियों-जवानों ने स्थानांतरण के लिए क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन दिया था। पुलिस मुख्यालय ने उनके आवेदनों पर विचार किया और उसके बाद स्थानांतरण के संबंध में निर्णय लिया।

सारंडा क्षेत्र में नए जवानों की गतिविधियां बढ़ी, अंतिम लड़ाई को पुलिस तैयार

झारखंड पुलिस का सारंडा क्षेत्र में चल रहे ऑपरेशन क्लीन को धारदार बनाने की तैयारी जोरों पर है। वहां नए जवानों की गतिविधियां बढ़ा दी गई है। इस अभियान में झारखंड जगुआर, चाईबासा जिला बल के अलावा कोबरा और सीआरपीएफ की विभिन्न बटालियन के जवान शामिल किए गए हैं।

पिछले दिनों बोकारो में नक्सलियों के विरुद्ध सफल अभियान चलाने वाले जवानों को भी चाईबासा में लगा दिया गया है।

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने भी नक्सलियों को चेतावनी दे रखी है कि वे सरकार की आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाकर मुख्य धारा से जुड़ें नहीं तो उनका खात्मा निश्चित है। अभियान में शामिल जवान बरसात के पूर्व सारंडा से नक्सलियों का सफाया कर देंगे।

## सीओ के भांजे को गोली लगने के मामले में चंदन के खिलाफ प्राथमिकी

धनबाद, एजेंसी। सरायढेला स्थित ओजोन गैलेरिया में गुरुवार की रात फोर्थ फ्लोर के वॉशरूम में गोली चलने से घायल सरायढेला निवासी कामेश्वर मोदी के पुत्र सुनील कुमार वर्णवाल घायल हो गये थे। धनबाद थाना की पुलिस ने गुरुवार की रात असर्फी अस्पताल में सुनील का फर्द बयान दर्ज किया। इसके आधार पर सरायढेला थाना में मनोरम नगर निवासी बिल्डर चंदन सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चंदन की रिवाल्वर और नौ गोलियां जब्त कर ली है। घटना स्थल को भी सील कर दिया है। चंदन सिंह से पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है। घायल सुनील अभी भी असर्फी अस्पताल में इलाजरत है।

असर्फी अस्पताल में भर्ती सुनील धनबाद सीओ शशिकांत सिंकर के भांजे हैं। सुनील ने अपने फर्द बयान में पुलिस को बताया-"मैं गरीब सिंह बग्गा के साथ ओजोन गैलेरिया मॉल के चौथे तल पर फूड फैक्ट्री रेस्टोरेंट गया था। वहां सामने के बाथरूम के इस्तेमाल के बाद हाथ दो रहा था। इस दौरान एक व्यक्ति बेसिन के पास अपना रिवाल्वर रखकर मुंह धो रहा था। मैं जैसे ही वहां पहुंचा, तो मुझसे टकराकर उसका रिवाल्वर नीचे गिर गया और अचानक गोली चल गयी, जो मेरे पेट में लग गयी। इसके बाद उक्त व्यक्ति अपने दोस्त विवेक सिंह बाबा के साथ मुझे असर्फी अस्पताल ले आया। रास्ते में जानकारी मिली कि रिवाल्वर मनोरम नगर निवासी चंदन सिंह का है, जो मुझे अपनी इनोवा कार से असर्फी अस्पताल लाया। जहां मेरा इलाज चल रहा है।

घटना के बाद सरायढेला थाना की पुलिस ने चंदन सिंह को बुलाकर उसके पास से घटना में प्रयुक्त रिवाल्वर और नौ जिंदा गोली जब्त कर ली। पुलिस चंदन सिंह से घटना की जानकारी ले रही है। वहीं सुनील को अस्पताल में भर्ती कराने से लेकर देर रात तक चंदन वहीं रुका रहा, उसके बाद अपने घर गया। पुलिस के बुलाने पर वह थाना पहुंचा और घटना की जानकारी दी। पुलिस ने चंदन सिंह के खिलाफ थाना में लापरवाही का मामला दर्ज किया है।

ओजोन गैलेरिया में घटना के बाद शुक्रवार को मॉल प्रबंधन ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी। मुख्य द्वार से लेकर लिफ्ट व पार्किंग में विशेष सुरक्षा व्यवस्था देखने को मिली। मॉल में आने वाले सभी महिला-पुरुष की जांच की जा रही है।

## करनी सेना के उपाध्यक्ष विनय सिंह की इस वजह से हुई थी मौत, पुलिस की जांच में बड़ा खुलासा





जमशेदपुर, एजेंसी। मानगो आस्था स्पेस टाउन निवासी और क्षेत्रिय करनी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनय सिंह की मौत गोली लगने से हुई है। पोस्टमार्टम में रिपोर्ट में शरीर का कोई अंग टूटने की बात नहीं आयी है। शुक्रवार को पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिल गयी है। पुलिस इस मामले में व्हाट्सएप कॉल के डैक रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। ताकि व्हाट्सएप के जरिये विनय सिंह द्वारा किये गये बातचीत का ब्योरा इकट्ठा किया जा सके।

पुलिस की जांच में यह बात सामने आयी है कि विनय सिंह व्हाट्सएप कॉल के जरिये कई लोगों से बातचीत करते थे। वारदात के दिन भी सिर्फ तीन लोगों ने नॉर्मल कॉल पर बातचीत की थी। इसके अलावा कुछ लोग से व्हाट्सएप कॉल के जरिये बात की थी। पुलिस की जांच में यह बात भी सामने आयी है कि विनय सिंह ने कई लोगों से कर्ज लिया था। इसके अलावा बैंक का भी कर्ज था। पुलिस इस मामले में विनय सिंह के कुछ करीबियों से भी पूछताछ कर रही है। हालांकि अब तक पुलिस किसी ठोस निर्णय तक नहीं पहुंच सकी है।

पुलिस की मानें तो एक से दो दिन में केस का उद्भेदन कर लिया जायेगा। इस मामले में वैज्ञानिक साक्ष्य भी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि केस के अनुसंधान में किसी तरह की गड़बड़ी ना हो सके। इस हत्याकांड में अब तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

# 10 मिनट हो जाती देर तो रांची का यह परिवार भी हो जाता आतंकी हमले का शिकार, साझा की अपनी आपबीती



रांची, एजेंसी। जम्मू कश्मीर के पहलगाम हमले का दृश्य लोगों को झकझोर दिया है। जिन्होंने इस घटना में अपनों को खोया वो अपने आपबीती को मीडिया के साथ साझा कर रहे हैं। इस हमले में कई लोग ऐसे भी हैं जो बाल बाल बचे हैं। इन्हीं में से एक हैं रांची के रहने वाले रेणु सिंह और उनके पति एमके सिंह।

रेणु सिंह ने बताया कि बच्चे नीचे एम्यूजमेंट पार्क में घूमने गये थे। हम ऊपर खच्चर वाले से बात कर रेट तय कर रहे थे। तभी हमारे कैब ड्राइवर को कोई खबर मिली। वो घबराया हुआ उनके पास आया और उनसे जल्दी होटल लौटने को कहा। इसके वे तुरंत होटल की ओर लौट पड़े। उन्होंने कहा कि उनके होटल पहुंचने से पहले ही करीब 10 मिनट के अंदर ही आसमान में हेलीकॉप्टर मंडराने लगे। पुलिस की गाड़ियों के सायरन गूंजने लगे। तब तक उन्हें नहीं पता था कि क्या हुआ है।

रेणु सिंह आगे कहती हैं कि होटल पहुंचकर जब टीवी ऑन किया, तो पैरों तले जमीन खिसक गयी। खबर थी कि घाटी में आतंकी हमला हुआ है। पर्यटक मारे गये हैं। होटल में उस रात वह सब सहमे हुए थे। रास्ते में जो नजारा देखा, वो आंखें नम कर गया। अगले दिन उन्होंने तय कर लिया कि अब कश्मीर से निकलना ही है। बुधवार सुबह छह बजे ड्राइवर को कहा कि हमें जम्मू तक पहुंचा दे। कश्मीर प्रशासन ने एडवाइजरी जारी की थी।

रेणु ने बताया कि जो लोग जम्मू जाना चाहते थे उनके लिए वैकल्पिक रास्ते के इंतजाम किये गये थे। यानी लोग मुगल रोड से सोपोर-पुलवामा होते हुए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह रास्ता आमतौर पर पर्यटकों के लिए बंद रहता है। लेकिन हालात को देखते हुए इसे खोला गया था।

ड्राइवर ने हामी भरी और वह उसी रास्ते पर निकल पड़े। करीब 16 घंटे का सफर तय करना था। रास्ता बहुत सुंदर था, लेकिन उतना ही दुर्गम भी। रेणु सिंह ने कहा कि उन सबके मन में डर तो था, लेकिन रास्ते में जो नजारा देखा, वो आंखें नम कर गया। गांव-गांव में लोग खड़े थे। उनके हाथों में पानी, जूस, नाश्ता और खाना था। वे मुस्कुरा कर उन्हें दे रहे थे। कह रहे थे -"डरिए मत, आप हमारे मेहमान हैं। हर दो-ढाई किलोमीटर पर सुरक्षा जांच हो रही थी। जम्मू-कश्मीर पुलिस के जवान बेहद शालीनता से पूछताछ कर रहे थे। साथ ही यह भी देख रहे थे कि कहीं कोई पर्यटक असहज तो नहीं है। वे खुद भी घटना पर अफसोस जता रहे थे। कह रहे थे कि कश्मीरियों को बदनाम किया जा रहा है। करीब 16 घंटे की यात्रा के बाद जब वे रात 10 बजे जम्मू पहुंचे तो राहत की सांस ली।

रेणु सिंह ने कहा कि लौटने के दौरान गाड़ी का एक टायर खराब हो गया था। इस कारण ड्राइवर ने तय पैसे से करीब चार हजार रुपये ज्यादा लिये। वो भी मजबूर था। बोला -"मैडम, गाड़ी का टायर खराब हो गया। आप सबको सही सलामत पहुंचाना ज्यादा जरूरी था। रेणु सिंह आगे कहती है कि ड्राइवर 10 मिनट भी देर करता तो वे शायद कहानी नहीं सुना रही होती।

# अप्रैल में इन लोगों को नहीं मिलेगा मंईयां सम्मान का पैसा




रांची, एजेंसी। झारखंड में चल रही मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि लाभुकों के खाते में जाने से रूक सकती है। इस योजना के लाभुकों के बैंक खाते की आधार सीडिंग नहीं होने के कारण अप्रैल महीने का पैसा रूकने की संभावना है। हालांकि, विभाग की ओर से इस काम को पूरा कर लेने के लिए संबंधित लाभुकों को लगभग तीन दिनों का समय दिया गया है। इस दौरान वे अपने बैंक अकाउंट को आधार से लिंक करवा लेंगे, तो उनका पैसा नहीं रूकेगा।

लाभुकों के बैंक खाते की आधार सीडिंग हो जाने पर उन्हें अप्रैल महीने की राशि डीबीटी से खाते में भेज दी जाएगी। जानकारी हो कि प्रति माह मंईयां सम्मान योजना के तहत लाभुकों को सामाजिक सुरक्षा कोषांग से 2500 रुपए उपलब्ध कराया जाता है। इस योजना का लाभ लेने के लिए आधार सीडिंग कराना आवश्यक है। सूत्रों के अनुसार, सरकार द्वारा बार-बार कहने के बाद भी लगभग दस हजार लाभुकों ने अपने बैंक खाते का आधार सीडिंग नहीं कराया है।

जिला सामाजिक कोषांग ने मंईयां सम्मान योजना के ऐसे लाभुकों की लिस्ट जिले के सभी प्रखंड कार्यालय और पंचायत सचिवालयों को भेज दी गई है, जिनके बैंक खाते का अबतक आधार सीडिंग नहीं हो पाया है। इस सूची को सूचना पट्ट पर चस्पा कर दिया जाएगा, ताकि समय रहते संबंधित लाभुकों को जानकारी मिल जाए। साथ ही सभी 3 दिनों के अंदर आधार सीडिंग की प्रक्रिया को पूरा कर लें।

सूत्रों की माने तो, अगर एक बार आधार सिडिंग नहीं होने के कारण अगर किसी लाभुक के बैंक खाते में मंईयां सम्मान राशि नहीं जाती है। तो, उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि तकनीकी तौर पर ऐसे लाभुक के खाते में राशि भेजने में थोड़ी दिक्कत हो सकती है। ऐसे में उन्हें प्रखंड से जिला कार्यालय तक चक्कर लगाना पड़ सकता है। वहीं, आधार सिडिंग का काम प्रत्येक जिले में कई जगहों पर हो रहा है। इनमें विभिन्न राष्ट्रीयकृत बैंक की स्थानीय शाखा और कई सीएसपी केंद्र शामिल हैं। इन जगहों पर जाकर लाभुक आधार सिडिंग करवा सकते हैं।

बैंक खाता का आधार सीडिंग नहीं करवाने में तीन प्रखंड के सबसे ज्यादा लाभुक शामिल हैं। इनमें उधवा, बरहेट और बरहड़वा प्रखंड को मिलाकर लगभग 4928 यानी करीब 49% लाभुकों ने अबतक बैंक खाते का आधार सीडिंग नहीं करवाया है। इस स्थिति में अप्रैल महीने से इन लाभुकों के बैंक खाते में राशि नहीं भेजी जा सकेगी।

## श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता भक्ति और विनम्रता का प्रतीक है : प्रपन्नाचार्य

रांची, एजेंसी। आम्रकुंज दुर्गा मंदिर मोरहाबादी में देवी-देवताओं की प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ सात दिवसीय देव-प्रतिष्ठा ज्ञान महायज्ञ का शुक्रवार को समापन हो गया। आचार्य पंडित श्याम सुंदर भारद्वाज द्वारा किए गए मंत्रोच्चारण के बीच मंडप में मौजूद यजमानों ने देव पूजन के साथ आहुतियां डालीं। यजमानों में संतोष कुमार पांडेय, रवीना पांडेया, हर्ष कुमार और श्रुति श्रेया, अयोध्या बक्शी, अमित विक्रम, निधि शर्मा, राकेश शर्मा और प्रिया शर्मा सपरिवार शामिल हुए। श्री यज्ञ बाबा आश्रम के दुर्गा मंदिर परिसर में शीतला माता, पंचमुखी हनुमान, श्री राधा कृष्ण, भगवान गणेश व माता पार्वती और दुर्गा के स्वरूप नौ कन्याओं की प्रतिमाएं प्रतिस्थापित की गयीं। इनके अलावा महामंडलेश्वर सूर्य नारायण दास त्यागी और बाबा भरत दास महाराज ने यज्ञ बाबा की प्रतिमा का अनावरण किया। श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन गया के पीठाधीश्वर वेंकटेश प्रपन्नाचार्य महाराज ने सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष और भगवान कृष्ण के स्वधाम गमन प्रसंगों का सुंदर वर्णन किया।

## रांची में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन, पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को दी गई श्रद्धांजलि


रांची, एजेंसी। पहलगाम आतंकी घटना में 27 पर्यटकों की हुई मौत के बाद रांची सहित देशभर में लोगों का गुस्सा थमने का नाम नहीं ले रहा है। आतंकियों के इस कायराना करतूत के विरोध में जगह जगह विरोध प्रदर्शन और पाकिस्तान के विरोध में नारे लगाए जा रहे हैं। इन सबके बीच सामाजिक, राजनीतिक संस्थाओं के द्वारा इस घटना में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि देने का सिलसिला जारी है। 25 अप्रैल को राजधानी रांची के अल्बर्ट एक्का चौक पर सामाजिक, धार्मिक संस्था चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के द्वारा पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए उनकी आत्मा को शांति प्रदान करने हेतु श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

इस श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष सह भाजपा नेता रमेश सिंह, संस्थापक सदस्य रामानंद ठाकुर एवं अन्य लोगों के द्वारा सभी मृतकों के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।



जम्मू कश्मीर के पहलगाम आतंकी घटना में मारे गए लोगों के लिए आयोजित इस श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश भाजपा के महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि पाकिस्तान को करारा जवाब मिलेगा। इसके लिए केंद्र सरकार पूरी तरह से तैयार है। वहीं भाजपा नेता रमेश सिंह ने कहा कि इस घटना से पूरा देश स्तब्ध है, केंद्र सरकार ने आतंकियों को मुंह तोड़ जवाब देने के लिए पूरी तरह से तैयार है और आने वाले समय में यह देखने को भी मिलेगा। इस मुद्दे पर पूरा देश एक है। श्रद्धांजलि सभा में प्रसिद्ध गायिका मृणालिनी अखौरी एवं उनकी टीम के द्वारा भजन गायन की प्रस्तुति भी की गई।

# रुक जाएगा मंईयां सम्मान योजना का पैसा, सरकार ने दिया 3 दिन का समय



रांची, एजेंसी। झारखंड के लोगों के बैंक खाते की आधार सिडिंग नहीं हो पाने से अप्रैल महीने में मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों की राशि रुक सकती है। इसके लिए विभाग ने संबंधित लाभुकों को तीन दिनों का समय दिया है। इस बीच वे अपने बैंक एकाउंट को आधार सिडिंग करवा लें। ऐसा ना करने पर लाभार्थियों का पैसा रुक सकता है।

आधार सिडिंग हो जाने से अप्रैल महीने की राशि अन्य लाभुकों के साथ ही उनके खाते में डीबीटी से भेज दी जाएगी। मंईयां सम्मान योजना के तहत प्रत्येक लाभुक को प्रति माह 2500 रुपए सामाजिक सुरक्षा कोषांग से उपलब्ध कराया जाता है। दरअसल, मंईयां सम्मान योजना का लाभ लेने के लिए संबंधित लाभुक के बैंक खाता का आधार सिडिंग आवश्यक है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि कई बार कहने के बावजूद अब तक जिले के करीब दस हजार लाभुकों के बैंक खाता का आधार सिडिंग नहीं हो सका है।

पंचायत स्तर पर जारी होगी लाभुकों की सूची : जिला सामाजिक कोषांग की ओर से बैंक खातों का अबतक आधार सिडिंग नहीं कराने वाले मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों की सूचना को जिले के सभी प्रखंड कार्यालय व पंचायत सचिवालयों को भेज दी गई है। वहां सूची को सूचना पट्ट पर चस्पा कर दिया जाएगा। इससे संबंधित लाभुकों को समय रहते इसकी सूचना मिल सकेगी और वे तीन दिनों के भीतर आधार सिडिंग की प्रक्रिया को पूरा कर लेंगे।

यहां होगा आधार सिडिंग

आधार सिडिंग का काम जिले में कई जगहों पर होगा। इसमें अलग-अलग राष्ट्रीयकृत बैंक की स्थानीय शाखा एवं विभिन्न सीएसपी केंद्र शामिल है। यहां जाकर आधार सिडिंग करवाई जा सकती है।

विभागीय सूत्रों का कहना है कि आधार सिडिंग के अभाव में अगर किसी लाभुक के बैंक खाते में मंईयां सम्मान राशि नहीं जाती है तो उन्हें प्रखंड से जिला कार्यालय तक चक्कर लगाना पड़ सकता है। तकनीकी रूप से उस लाभुक के खाते में राशि भेजने के लिए थोड़ी परेशानी होगी।

उधवा, बरहेट व बरहड़वा प्रखंड में आधार सिडिंग नहीं कराने वाले लाभुकों की सर्वाधिक संख्या है। तीनों प्रखंड को मिलाकर 4928 यानी करीब 49% लाभुकों ने अबतक बैंक खाते का आधार सिडिंग नहीं करवाया है। ऐसे में अप्रैल महीने से इनके बैंक खाते में राशि नहीं भेजी जा सकेगी।

# आयस्टर मशरूम स्पान प्रमाणित प्रयोगशालाओं से ही प्राप्त करें



## मशरूम स्पान (बीज) उत्पादन

आयस्टर मशरूम स्पान प्रमाणित प्रयोगशालाओं से ही प्राप्त करें स्पान बीज देखने में एकदम सफेद रेशेदार फफूंद से घिरा हो। यदि थैली के अंदर काले मटमैले या गहरे पीले धब्बे बनते हैं तो ऐसे बीज संक्रमित बीज होता है। इस प्रकार के बीज का चयन नहीं करना चाहिए. स्पान संभवतः ताजा हो, अधिक पुराना (1.5-2 माह) स्पान प्रयोग नहीं करना चाहिए.

## माध्यम का उपचार

उपयुक्त माध्यम के रूप में धान की पैरा कुट्टी, गेहूं का भूसा या गेहूं+सोयाबीन का भूसा प्रयोग किया जा सकता है. इन माध्यमों को फसल कटाई के पश्चात अच्छे से सुखाना चाहिए माध्यम को ड़ेढ़ से दो इंच लम्बाई का काट ले फिर इस पैरे या गेहूं के भूसे को 14 घंटे के लिये स्वच्छ जल में भिगोकर रख दें। भूसे को निथारते हुए साफ-सुथरी ढलान वाली पक्की फर्स पर बिछाकर रखें।

## माध्यम का निर्जीवीकरण

गर्म पानी द्वारा - उबले पानी में तैयार माध्यम को आधा घंटे तक भिगोकर रखें।

रसायन द्वारा- 10 किलो सूखा पैरा या गेहूं के भूसे को 100 लीटर पानी जिसमें 7.5 ग्रा. बाविस्टीन एवं 135 मि.ली. फार्मेलिन मिला हो इस पानी में 18-20 घंटे तक भिगोकर रखें.

## माध्यम से स्पान मिश्रण-

माध्यम में स्पान मिश्रण की अनेक विधियां हैं। जिसमें सम्पूर्ण मिश्रण विधि, तह विधि एवं समूह में दाने मिश्रण विधि प्रमुख हैं। इन तीनों विधियों में प्रथम दो विधि से स्पान मिश्रण प्रायः किया जाता है। स्पान को विभिन्न प्रकार की पारदर्शी थैलियों में भरा जाता है एवं इसे मशरूम उत्पादन कक्ष में स्थानान्तरित किया जाता है।



### आयस्टर मशरूम की उत्पादन तकनीक को निम्न 4 भागों में बांट सकते हैं

- मशरूम स्पान (बीज) उत्पादन
- माध्यम का उपचार
- माध्यम में स्पान मिश्रण
- मशरूम फसल प्रबंध

## मशरूम फसल प्रबंधन

मशरूम फसल प्रबंधन मशरूम उत्पादन का सबसे महत्वपूर्ण पहलू है. स्पान मिश्रित थैलियों को 15-20 दिन के लिये ऐसे कक्ष में रखा जाता है जहां मशरूम फफूंद की वानस्पतिक वृद्धि के लिये थोड़ा अधिक तापक्रम (28-30 डिग्री सरूम/कि. सूखा भूसा प्राप्त हो जाता है से.ग्रे.)होता है। 12 से 15 दिनों में मशरूम स्पान संपूर्ण माध्यम में फैल जाता है जिससे माध्यम सफेद दूधिया रंग का दिखाई देने लगता है। इस अवस्था में थैलियों से पालीथिन फाड़कर अलग कर दें। पॉलीथिन हटाने के पश्चात मशरूम के कवकजाल से सम्पूर्ण माध्यम एक पिंडनुमा संरचना बन जाता है। पॉलीथिन हटाने 3-4 दिन पश्चात फफूंद की पिन हेड अवस्था दिखाई देने लगती है जिसमें छोटे-छोटे सफेद दाने माध्यम में दिखाई देते है। ये दाने 7 दिन में बढ़कर संपूर्ण छत्तानुमा संरचना बना लेते हैं।

## तुड़ाई

जब ये छत्तानुमा संरचना के किनारे अंदर की ओर मुड़ने लगे तब हल्का सा मोड़कर इसकी तुड़ाई कर लेते हैं। पहली फसल 22-25 दिन में प्राप्त हो जाती है। दूसरी और तीसरी फसल क्रमशः 5-7 दिन के अंतराल से प्राप्त हो जाती है इस तरह एक फसल चक्र में 45-50 दिन लग जाते हैं एवं 4-5 फसलें जुलाई से मार्च माह तक ली जा सकती है। मशरूम की एक फसल में 1 कि.ग्रा. सूखा माध्यम से 600 से 800 ग्राम ताजा मशरूम मिल जाता है।



## आयस्टर मशरूम उत्पादन तकनीक



- 10 कि.ग्रा. सूखा पैरा कुट्टी या गेहूं का भूसा लें।
- 100 लीटर पानी जिसमें 7.5 ग्राम बाविस्टीन (75 पीपीएम)+125 मि.ली. फार्मेलिन (500 पीपीएम), 10-16 घंटे भिगायें।
- भूसे से पानी निकालकर इतना सुखाना है ताकि गीला भूसा का वजन सूखे भूसे की तुलना में 2.5 से 3 फीसदी बढ़ जाये (68-70 प्रतिशत नमी)।
- स्वच्छ जगह में गीले भूसे में 30 ग्राम प्रति किलो कुट्टी के हिसाब से मशरूम स्पान मिलायें।
- स्पान मिश्रित पैरा कुट्टी को प्लास्टिक थैली में 4 किलो कुट्टी प्रति थैली के हिसाब से दबाकर भरें।
- थैली भरते समय थैली का एक चौथाई भाग खाली रखना है एवं थैली के निचले दोनों किनारों पर 5-7 छिद्र करें।
- थैली को ठंडे स्थान में लककियों की रेकों में रखें या सुतली के माध्यम से लटकन विधि में एक के ऊपर एक 4-5 थैली लटका दें।
- 15-20 दिन बाद संपूर्ण थैली सफेद दूधिया रंग की दिखने पर पॉलीथिन थैली को हटाकर पिंडनुमा संरचना को सुतली से लटका दें।
- प्रथम तुड़ाई थैली काटने के 5-7 दिन बाद, दूसरी तुड़ाई प्रथम तुड़ाई के 5-7 दिन बाद तथा तीसरी तुड़ाई दूसरी तुड़ाई के 5-7 दिन बाद लें।
- एक फसल में 45-50 दिन तथा उपज 500-800 ग्राम ताजा मशरूम/किलो सूखा भूसा प्राप्त हो जाता है।

### ध्यान देने योग्य बिन्दु

1. मशरूम स्पान का माध्यम में पूर्ण फैलाव होने तक थैलियों में अतिरिक्त पानी देने की आवश्यकता नहीं होती है परंतु थैली के काटने के पश्चात पिंडनुमा संरचना सदैव नम होना चाहिये। इसको नम रखने के लिय ठंड के मौसम में 2-3 बार एवं गर्म मौसम होने पर दिन में 4-5 बार स्प्रेयर से पानी की सिंचाई करना चाहिए. आयस्टर मशरूम के अधिक उत्पादन हेतु ठंडा एवं नम वातावरण की आवश्यकता होती है। सीधा सूर्य का प्रकाश उत्पादन कक्ष में प्रवेश नहीं करना चाहिए। कक्ष में शुद्ध हवा का आवागमन अति आवश्यक हैं। इन मौसमीय परिस्थितियों के समुचित प्रबंधन से आयस्टर मशरूम की अच्छी उपज प्राप्त की जा सकती है।

# पशुओं का स्वास्थ्य प्रबंधन



## गलघोंटू

यह बीमारी पाश्चुरेल्ला मल्टोसिडा नामक जीवाणुओं के प्रकोप से होती हैं।

### लक्षण

इस बीमारी से ग्रसित पशु को तेज बुखार (106 से 108 डिग्री सेल्सियस तक) हो जाता हैं मुंह से बहुतायत में लार बहती हैं, सिर में तथा अगले दोनों पैरों के बीच दुखदायी सूजन, पेटशूल तथा भूख न लगना, साँस लेने में तकलीफ, खून भरे दस्त, आंखों में सूजन, जीभ बड़ी तथा लाल होना, गिटकने में कठिनाई आदि लक्षण दिखाई देते हैं।

### बचाव

बरसात से पूर्व गलघोंटू रोग विरोधी टीका ऑईल ॲडज्युव्हंट- वैक्सीन जिस पशु का शरीर भार 150 कि.ग्रा. तक हैं उन्हें लगवायें। जिन पशुओं का शरीर भार 150 किलो से ज्यादा हैं उन्हें ॲलम प्रेसिपिटेटेड वॅक्सीन 5 से 10 मिली त्वचा के नीचे लगवायें। टीकाकरण करने से पशु के शरीर में एक वर्ष तक इस रोग विरोधी शक्ति बनी रहती हैं। टीकाकरण न करने पर पशु की मृत्यु हो सकती हैं।



## जहरी बुखार

इसे अंग्रेजी भाषा में ॲंथ्रेक्स कहते हैं तथा ये बॅसिलस ॲंथ्रॅसिस नामक जीवाणुओं के प्रकोप से होता हैं।

### लक्षण

पशु को तेज बुखार होता है, पेट फूल जाता हैं, सभी प्राकृतिक छिद्रो से यानि नॉक, मुंह, योनी द्वार, गुद्दवार, कान से गहरे काले रंग का खून बहता हैं जो जमता नहीं हैं यह इस बीमारी का प्रमुख लक्षण हैं। बीमारी बढ़ने पर पशु की मृत्यु हो जाती हैं।

### बचाव

बरसात से पहले इस रोग विरोधी टीका आँरी अंथ्रंक्स सीरम और साथ ही ब्रॉड स्पेक्ट्रम प्रति जैविक अंटीसीरम 100 से 350 मि.ली नस में लगवायें।



## लंगड़ा रोग

अंग्रेजी में इस रोग को ब्लॅक क्वार्टर नाम से जाना जाता हैं तथा यह क्लोस्ट्रीडियम शोव्हाय नामक जीवाणुओं के प्रकोप से होता हैं.

### लक्षण

पशु को तेज बुखार होता हैं, पुट्ठों पर विशेषकर पिछले पुट्ठे पर तथा शरीर में सूजन पैदा हो जाती है। पुट्ठों पर जो सूजन पैदा होती हैं उसे दबाने पर करकर जैसी आवाज आती हैं क्योंकि उसमें जीवाणु गैस (वायु) पैदा करते हैं।

### बचाव

बरसात से पूर्व इस रोग विरोधी टीका (अंटीसीरम) 200 से 400 मिली नस में लगवायें।

### उपाय

पेनीसिलीन, सिप्रोफ्लोक्सासीन तथा नॉर फ्लोक्सासीन जैसे प्रति जैविक इस रोग को नियंत्रण करने में काफी प्रभावशाली पाये गये हैं। लेकिन पशुओं को इस रोग की बाधा होती ही नहीं चाहिए इसलिये इस रोग विरोधी टीका बरसात से पहले अवश्य लगवा लें.



## खुरपका-मुंहपका रोग

इसे अंग्रेजी भाषा मे फूट अंड माउथ डिसीज कहते हैं क्योंकि इस रोग से ग्रसित पशु के पैर तथा मुंह दोनों ज्यादा प्रभावित होते हैं.

### लक्षण

इस रोग से ग्रसित पशु को तेज बुखार (104 से 106 डिग्री सेल्सियस तक) हो जाता हैं। पशु के मुंह में छाले हो जाते हैं जो बाद में फूट जाते हैं और वहाँ जख्म बन जाते हैं। इससे पशु के मुंह से लगातार चिपचिपी लार टपकती रहती हैं जो गाढ़ी होती हैं और मुंह से जमीन तक तार के माफिक टपकती रहती हैं। पशु के मुंह में दर्द होने से वह कुछ भी खा नहीं सकता अतः कमजोर हो जाता हैं।

इसी प्रकार उसके खुरों के बीच भी फोड़े बन जाते हैं जो बाद में फूटकर वहां भी जख्म बन जाते हैं। पशु को काफी दर्द होने से वह चल-फिर नहीं सकता। अतः चराई नहीं कर सकता। जिससे वह और भी कमजोर हो जाता हैं। रोग के बढ़ने पर मुंह तथा खुर पैर टेढ़े हो जाते हैं. देशी जातियों की गायों की इस रोग-विरोधी शक्ति संकर तथा विदेशी पशुओं की अपेक्षा ज्यादा होने से वह मरती नहीं हैं लेकिन शरीर में विकृतियाँ जैसे मुंह तथा खुर टेढे होना मुंह के भीतर के दाँत गिर जाना आदि नुकसान तो निश्चित होते ही हैं.

### उपाय- बचाव

यह रोग विषाणु जन्य होने के कारण इस रोग का कोई उपाय नहीं हैं। रोग होने पर प्रति जैविक देना चाहिए लेकिन पशुओं को यह रोग होना ही नहीं चाहिए इसलिये बरसात से पूर्व इस रोग-विरोधी टीका क्वाड्री -व्हॅलंट फील्ड,वॅक्सीन चमड़ी के नीचे लगवाना चाहिए। यह वर्ष में दो बार लगवायें। यह करवाने से हम अपने अमूल्य पशुधन को इस बीमारी से बचाये रख सकते हैं। अतः टीकाकरण अवश्य करवा

# घाटे से मुनाफे में आई बिड़ला ग्रुप की सीमेंट कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आदित्य बिड़ला समूह की सीमेंट कंपनी- इंडिया सीमेंट्स लिमिटेड ने मार्च तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 14.68 करोड़ रुपये रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 की मार्च तिमाही में कंपनी को 60.55 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था।

**कैसी है कंपनी की आय-** इंडिया सीमेंट्स ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि मार्च तिमाही में उसकी परिचालन आय 3.11 प्रतिशत घटकर 1,197.30 करोड़ रुपये रही, जो 2023-24 की समान तिमाही में 1,235.74 करोड़ रुपये थी। मार्च तिमाही में इंडिया सीमेंट्स का कुल खर्च मामूली गिरावट के साथ 1,313.2 करोड़ रुपये रहा। इस दौरान कुल आय 2.52 प्रतिशत घटकर

The India Cements Ltd

1,255.66 करोड़ रुपये रही। पिछले वित्त वर्ष के लिए इंडिया सीमेंट्स का नेट लॉस कम होकर 143.88 करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 227.34 करोड़ रुपये था। पिछले वित्त वर्ष में कंपनी की कुल आय 13.81 प्रतिशत घटकर 4,357.41 करोड़ रुपये रही।

**शेयर का हाल-** बीते शुक्रवार को इंडिया सीमेंट्स के शेयर की बात करें तो 287.95 रुपये पर है। एक दिन पहले के मुकाबले शेयर 1.08 प्रतिशत टूटकर बंद हुआ। अब सोमवार को शेयर के परफॉर्मेंस पर नजर रहेगी। शेयर के 52 हफ्ते का लो 172.55 रुपये है। वहीं, शेयर के 52 हफ्ते का हाई 385.50 रुपये है। इंडिया सीमेंट्स ने बताया कि शनिवार को हुई बोर्ड की बैठक में 3 सहायक कंपनियों- आईसीएल फाइनेंशियल सर्विसेज, आईसीएल सिक्योरिटीज, आईसीएल इंटरनेशनल और इंडिया सीमेंट्स इंफ्रास्ट्रक्चर्स को इंडिया सीमेंट्स और उनके संबंधित शेयरधारकों के साथ विलय करने की मसौदा योजना को मंजूरी दे दी गई।

**शेयरहोल्डिंग पैटर्न की डिटेल-** इंडिया सीमेंट्स लिमिटेड के शेयरहोल्डिंग पैटर्न की बात करें तो प्रमोटर्स के पास 81.49 फीसदी हिस्सेदारी है। पब्लिक शेयरहोल्डर्स की बात करें तो 18.51 फीसदी हिस्सेदारी है। प्रमोटर में अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड के पास 25,25,29,160 शेयर या 81.49 फीसदी हिस्सेदारी है।

# दिग्गज निवेशक मधुसूदन केला ने 3 कंपनियों को अपने 3500 करोड़ के पोर्टफोलियो में जोड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में निवेशकों की निगाह दिग्गज निवेशकों के पोर्टफोलिया पर रहता है। ऐसे ही एक दिग्गज निवेशक मधुसूदन केला ने अपने पोर्टफोलियो में 3 नई कंपनियों को जोड़ा है। मधुसूदन केला की कुल 17 कंपनियों में हिस्सेदारी है। मधुसूदन केला के पोर्टफोलियो की कुल वैल्यू 3500 करोड़ रुपये है।



आइए जानते हैं कि वो तीन कंपनियां कौन सी हैं। जिसमें मधुसूदन केला ने मार्च तिमाही के दौरान पैसा लगाया है।

**विंडसर मशीनें-** बीएसई में कंपनी का मार्केट कैप 2388 करोड़ रुपये का है। मधुसूदन केला के पास इस कंपनी का 7.1 प्रतिशत हिस्सा है। यह स्टॉक 2025 में कंपनी के शेयरों का भाव 17 प्रतिशत टूटा है।

## आनंद महिंद्रा का ऐलान...

# झोली में आएगी ट्रक और बस बनाने वाली कंपनी

### महिंद्रा ने एसएमएल इसुजु में 58.96 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने का ऐलान किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आनंद महिंद्रा की कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा ने शनिवार को एक बड़ा ऐलान किया। कंपनी अब कमर्शियल ट्रक और बस बनाने वाली कंपनी एसएमएल इसुजु लिमिटेड में बड़ी हिस्सेदारी खरीदने जा रही है। महिंद्रा एंड महिंद्रा एसएमएल में 58.96 प्रतिशत हिस्सेदारी 555 करोड़ रुपये में खरीदेगी।

महिंद्रा एंड महिंद्रा एसएमएल के प्रमोटरों में से एक सुमितोमो कॉर्पोरेशन से 63.62 लाख शेयर खरीदेगी। ये शेयर 650 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से खरीदे जाएंगे। इस डील की कुल कीमत 413.55 करोड़ रुपये होगी। कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में यह जानकारी दी है। इससे एसएमएल में एमएंडएम की हिस्सेदारी करीब 43.96 प्रतिशत हो जाएगी।

इसके अलावा, आनंद महिंद्रा की कंपनी इसुजु मोटर्स से भी 21.70 लाख शेयर खरीदेगी। ये एसएमएल की इक्विटी का 15 प्रतिशत हिस्सा होगा। यह सौदा करीब 141.10 करोड़ रुपये का है। इसमें भी शेयर की कीमत 650 रुपये प्रति शेयर ही रहेगी।



**कंपनी की पकड़ होगी मजबूत-** महिंद्रा एंड महिंद्रा ने बताया कि इस अधिग्रहण से उन्हें 3.5 टन से ज्यादा के ष्ट्क्क (कमर्शियल व्हीकल) सेगमेंट में मजबूत पकड़ बनाने में मदद मिलेगी। अभी इस सेगमेंट में एमएंडएम की बाजार हिस्सेदारी सिर्फ 3 प्रतिशत है। जबकि लाइट कमर्शियल व्हीकल सेगमेंट में उनकी बाजार हिस्सेदारी 52 प्रतिशत है।

एमएंडएम के ट्रक और बस डिविजन ने पिछले कुछ सालों में अच्छी तरक्की की है। इस अधिग्रहण से उनकी बाजार हिस्सेदारी दोगुनी होकर 6 प्रतिशत हो जाएगी। कंपनी का लक्ष्य है कि फाइनेंशियल ईयर 2031 तक इसे 10 से 12 प्रतिशत और फाइनेंशियल ईयर 2036 तक 20 प्रतिशत से ज्यादा किया जाए।

### सीईओ ने बताया मील का पत्थर

महिंद्रा ग्रुप के ग्रुप सीईओ और एमडी डॉ. अनीश शाह ने कहा कि यह अधिग्रहण कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि एसएमएल इसुजु का अधिग्रहण महिंद्रा ग्रुप के उभरते व्यवसायों में 5 गुना वृद्धि हासिल करने के दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। कंपनी उन व्यवसायों में पैसा लगा रही है जिनमें आगे बढ़ने की बहुत संभावना है और जो अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

# महज 37 साल की उम्र में बने डबल करोड़पति, 15 साल का निवेश सफर

## लोगों ने दी वित्तीय योजना और निवेश की सलाह

### 10 करोड़ का लक्ष्य, परिवार की जिम्मेदारी है प्राथमिकता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जिस उम्र में ज्यादातर नौकरीपेशा सेविंग्स करना शुरू तक नहीं कर पाते, उस उम्र में एक शख्स डबल करोड़पति बन गया है। यानी उसने दो करोड़ रुपये की संपत्ति बना ली है। अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म रेडिट पर इस शख्स के काफी चर्चे हो रहे हैं। इस शख्स ने दो करोड़ रुपये की संपत्ति कैसे बनाई, इसके बारे में खुद ही बताया है। हालांकि इन्होंने अपनी पहचान नहीं बताई है। 37 साल के इस शख्स ने नौकरी करते हुए 15 साल तक लगातार निवेश किया। अब उन्होंने म्यूचुअल फंड में 1 करोड़ रुपये का निवेश पूरा कर लिया है। उनके पास 1 करोड़ रुपये की एक प्रॉपर्टी भी है। लेकिन, उस पर 25 लाख रुपये का होम लोन अभी भी बाकी है। इस तरह वो डबल करोड़पति बन गए हैं।

### क्या है भारतीयों की राय

भारत में बहुत से लोग अपनी वित्तीय सफलता के बारे में दोस्तों या परिवार से बात करने में हिचकिचाते हैं। उन्हें डर लगता है कि लोग उन्हें दिखावा करने वाला समझेंगे।



### क्या कहा लोगों ने

कई लोगों ने उनकी इस उपलब्धि की तारीफ की और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कुछ लोगों ने कहा कि पहला करोड़ कमाना सबसे मुश्किल होता है। लेकिन, अगर आप अनुशासित तरीके से निवेश करते रहें तो अगले कुछ करोड़ बहुत जल्दी आ सकते हैं। कुछ लोगों ने वित्तीय योजना के बारे में भी जरूरी बातें बताईं। उन्होंने कहा कि अपने परिवार को भविष्य के लिए तैयार रखना चाहिए। एक सुझाव यह था कि अगर मेरी मृत्यु हो जाए तो क्या करें नाम की एक फाइल बनानी चाहिए। इस फाइल में आपकी सभी जरूरी वित्तीय जानकारी, बीमा की जानकारी और आपके परिवार के लिए जरूरी निर्देश होने चाहिए।

### नए निवेशकों को सलाह

कुछ लोगों ने नए निवेशकों के लिए भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि लोगों को अपने निवेश के बारे में खुलकर बताना चाहिए। जैसे कि उन्होंने किस तरह के फंड में निवेश किया है, उनकी निवेश रणनीति क्या है, और उनके निवेश का प्रदर्शन कैसा रहा है।

### क्या-क्या होना जरूरी

एक शख्स ने वित्तीय रूप से मजबूत रहने के लिए एक योजना बताई। उन्होंने कहा कि सबसे पहले मेडिकल इंश्योरेंस कराएं। फिर होम लोन को छोड़कर बाकी सभी कर्ज चुकाएं। उसके बाद एक इमरजेंसी फंड बनाएं। और फिर टर्म इंश्योरेंस लें। इसके बाद ही नियमित निवेश शुरू करें और संपत्ति बनाकर या एसआइपी बढ़ाकर अपनी संपत्ति को बढ़ाएं।

### 10 करोड़ का टारगेट

क्या वो जल्दी रिटायर होना चाहते हैं या एफआईआरई लाइफस्टाइल अपनाना चाहते हैं उनका जवाब है, बिल्कुल भी नहीं। 37 साल की उम्र में उनके ऊपर परिवार की जिम्मेदारी है। इसलिए, उनका लक्ष्य अभी बहुत दूर है। उन्होंने कहा कि उनकी स्थिति में सही मायने में वित्तीय रूप से स्वतंत्र होने के लिए कम से कम 10 करोड़ रुपये की जरूरत होगी।

## न रिलायंस, न इंफोसिस...

# पिछले हफ्ते कमाई में टाटा की टीसीएस कंपनी ने मारी बाजी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर मार्केट में पिछला हफ्ता काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा। सेंसेक्स 659.33 अंक या 0.83 प्रतिशत ऊपर गया। वहीं हस्श्व निफ्टी में भी 187.7 अंक या 0.78 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। मार्केट में आई इस तेजी के कारण देश की टॉप मूल्यवान कंपनियों की भी खूब कमाई हुई। हालांकि सबसे ज्यादा कमाई में टाटा की कंपनी रही, जिसने रिलायंस और इंफोसिस जैसी कंपनियों को भी पीछे छोड़ दिया। पिछले हफ्ते, भारत की टॉप-10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह का मार्केट वैल्यूएशन




1,18,626.24 करोड़ रुपये बढ़ गया। इसमें टाटा ग्रुप की कंपनी ञ्जष्टस्- सबसे आगे रही यानी टीसीएस का मार्केट कैप सबसे ज्यादा बढ़ा। यह 53,692.42 करोड़ रुपये बढ़कर 12,47,281.40 करोड़ रुपये हो गया।

**बाकी कंपनियों का क्या हाल-** पिछले हफ्ते कमाई में रिलायंस इंडस्ट्रीज भी पीछे नहीं रही। उसने 34,507.55 करोड़ रुपये जोड़े। अब उसकी कुल वैल्यूएशन 17,59,276.14 करोड़ रुपये है। रिलायंस इंडस्ट्रीज अभी भी सबसे मूल्यवान कंपनी बनी हुई है। इंफोसिस ने भी 24,919.58 करोड़ रुपये कमाए। अब उसका मार्केट कैप 6,14,766.06 करोड़ रुपये हो गया है। एचडीएफसी बैंक का वैल्यूएशन भी 2,907.85 करोड़ रुपये बढ़कर 14,61,842.17 करोड़ रुपये हो गया।

**एसबीआई ने कितनी की कमाई-** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को 1,472.57 करोड़ रुपये का फायदा हुआ। इससे उसका मार्केट वैल्यू 7,12,854.03 करोड़ रुपये हो गया। आईटीसी का मार्केट कैपिटलाइजेशन भी 1,126.27 करोड़ रुपये बढ़कर 5,35,792.04 करोड़ रुपये हो गया।

# बिना दूध वाली आइसक्रीम बेचता है इंजीनियर

## हर महीनों लाखों रुपये की कमाई

### ● गौतम ने मिलेट्स आइसक्रीम बनाने के लिए कई प्रयोग किए ● लॉकडाउन के दौरान गौतम ने वीगन आइसक्रीम के बारे में जाना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्या आप बिना दूध की आइसक्रीम की कल्पना कर सकते हैं लेकिन ऐसा हकीकत में हो रहा है। बेंगलुरु के इंजीनियर गौतम रायकर लोगों को डेयरी-फ्री आइसक्रीम बेच रहे हैं। डेयरी-फ्री से मतलब है कि इसमें कोई भी डेयरी प्रोडक्ट यानी दूध, मलाई, क्रीम आदि इस्तेमाल नहीं किया जाता। इनके ब्रांड का नाम लिकी फूड्स है। ये बिना कोलेस्ट्रॉल वाली मिलेट्स आइसक्रीम, स्मूदी और कॉफी बेचते हैं। इनकी महीने की कमाई लाखों रुपये में है।

गौतम रायकर ने दो साल तक प्रयोग किया। फिर जून 2023 में उन्होंने बिना डेयरी वाली मिलेट्स आइसक्रीम बनाना सीखा। हालांकि इसकी शुरुआत लॉकडाउन में हुई थी। लॉकडाउन के दौरान गौतम रायकर ने वीगन मिलेट्स आइसक्रीम का एक विज्ञापन देखा। उन्हें ये बहुत दिलचस्प लगा क्योंकि वे पहले से ही मिलेट्स कुकीज और रस्क बना रहे थे। लेकिन डेयरी-फ्री बाजरा आइसक्रीम के बारे में उन्होंने पहले कभी नहीं सुना था।



**रिसर्च पर शुरू किया काम-** गौतम ने डेयरी-फ्री मिलेट्स आइसक्रीम पर रिसर्च शुरू करने का फैसला किया। वे चाहते थे कि इसमें चीनी की मात्रा बहुत कम हो और कोई भी प्रिजर्वेटिव न हो। गौतम के अनुसार उन्होंने साल 2021 में एक छोटी सी यूनिट में रिसर्च और डेवलपमेंट का काम शुरू किया। लेकिन सबसे बड़ी मुश्किल डेयरी आइसक्रीम जैसी चिकनी और क्रीमी बनावट पाना था।

**मिलेट्स ही क्यों चुना-** मिलेट्स मोटा अनाज होता है। इसकी बाहरी परत चावल या गेहूं की तरह चिकनी नहीं होती। ऐसा इसलिए है क्योंकि इसमें डाइटरी फाइबर ज्यादा होता है, लेकिन ये सबसे सेहतमंद अनाज में से एक है। ये एल्कलाइन होता है। इसमें ग्लूटेन नहीं होता और ये प्रोटीन और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है।

**शुरू किए कई प्रयोग-** गौतम ने चार तरह के मिलेट्स (ज्वार, फॉक्सटेल, पर्ल और फिंगर मिलेट) को चॉकलेट, आम और दूसरी चीजों के साथ मिलाकर कई प्रयोग किए। लेकिन बनावट या स्वाद कभी सही नहीं आया।

# आईसीएल फिनकॉर्प लाया नया एनसीडी इश्यू, 9 मई तक मिलेगा निवेश का मौका

ICL Fincorp

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गोल्ड लोन देने वाला आईसीएल फिनकॉर्प सुरक्षित गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर को लॉन्च करने जा रहा है। इस बारे में कंपनी ने अपनी घोषणा में कहा कि यह गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर इश्यू 25 अप्रैल 2025 से खुलेगा और 9 मई 2025 को बंद होगा। कंपनी का दावा है कि इस इश्यू में निवेशकों को 13.01 प्रतिशत तक का रिटर्न मिलेगा। इसमें अलग-अलग अवधि के विकल्प भी दिए गए हैं। कंपनी का कहना है कि इसके जरिए निवेशकों को आकर्षक और सुरक्षित निवेश का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

अपनी घोषणा में आईसीएल फिनकॉर्प ने बताया है कि नए एनसीडी इश्यू को क्रिसिल बीबीबी की स्थायी रेटिंग दी गई है। निवेशकों को इश्यू की जाने वाली हर एनसीडी का अंकित मूल्य 1,000 है। इस इश्यू के तहत चार स्कीमों में दस विकल्प दिए गए हैं। इन निवेश विकल्पों में ब्याज दर 11.00 प्रतिशत से 12.25 प्रतिशत तक है। वहीं, न्यूनतम निवेश राशि 10,000 निर्धारित की गई है।

### प्राप्त निधियों का यहां होगा प्रयोग

कंपनी ने अपनी घोषणा में कहा है कि इस इश्यू से मिलने वाली निधियों का उपयोग आईसीएल फिनकॉर्प द्वारा चलाई जा रही विकास पहलों को आगे बढ़ाने और ग्राहकों व स्टेकहोल्डर्स को दी जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए किया जाएगा। ऐसे में यह कदम विश्वसनीय, नवाचार आधारित और ग्राहक-केंद्रित वित्तीय समाधान देने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।

आठ राज्यों में विश्वसनीय वित्तीय साझेदार बना हुआ है आईसीएल फिनकॉर्प

बता दें कि आईसीएल फिनकॉर्प बीते 34 सालों से केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, ओडिशा, महाराष्ट्र और गुजरात सहित आठ राज्यों में विश्वसनीय वित्तीय साझेदार बना हुआ है। इसके अलावा हाल ही में तमिलनाडु की 93 साल पुरानी एनबीएफसी कंपनी सेलम ईरोड इन्वेस्टमेंट्स का अधिग्रहण किया है। यह कंपनी बीएसई में सूचीबद्ध है। इसके जरिए आईसीएल फिनकॉर्प की वित्तीय स्थिति और अधिक मजबूत हुई है।

ये सुविधाएं देती है आईसीएल फिनकॉर्प

आईसीएल फिनकॉर्प की सेवाओं में गोल्ड लोन, हायर परचेज लोन और बिजनेस लोन शामिल हैं। इसके अलावा, आईसीएल समूह यात्रा, फैशन, डायग्नोस्टिक्स और सामाजिक सेवा के क्षेत्रों में भी उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। इस कंपनी के सीएमडी एडवोकेट के.जी. अनिल कुमार और डब्ल्यूटीडी एवं सीईओ उमा अनिलकुमार हैं।

# 267 प्रतिशत रिटर्न देने वाले स्टॉक का हो रहा है 2 हिस्सों में बंटवारा, रिकॉर्ड डेट घोषित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विराट लीजिंग लिमिटेड शेयरों के बंटवारे का ऐलान किया है। कंपनी के शेयरों को 2 हिस्सों में बांटा जाएगा। इस स्टॉक स्प्लिट के लिए कंपनी ने रिकॉर्ड डेट का ऐलान किया है। कंपनी के शेयरों का भाव 100 रुपये से कम का है।

**रिकॉर्ड डेट का कंपनी ने किया ऐलान-** एक्सचेंज को दी जानकारी के अनुसार विराट लीजिंग लिमिटेड बताया है कि 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर को 2 टुकड़ों में बांटा जाएगा। कंपनी ने कहा है कि 10 रुपये के फेस वैल्यू को 2 टुकड़ों में बांटा जाएगा।

इस स्टॉक स्प्लिट के बाद कंपनी के शेयरों की फेस वैल्यू घटकर 5 रुपये हो जाएगा। विराट लीजिंग लिमिटेड शनिवार को दी जानकारी में बताया है कि स्टॉक स्प्लिट के लिए रिकॉर्ड डेट 16 मई 2025 तय किया गया है। यह पहली बार है जब कंपनी के शेयरों का बंटवारा हो रहा है। बीएसई के डाटा के अनुसार इस कंपनी ने अभी तक एक बार भी बोनस शेयर या डिविडेंड भी नहीं दिया है।

### शेयर बाजार में कंपनी की स्थिति कैसी है

शुक्रवार विराट लीजिंग लिमिटेड के शेयरों में 2 प्रतिशत का लोअर सर्किट लगा था। जिसके बाद कंपनी के शेयर मार्केट क्लोजिंग के टाइम पर 74.73 रुपये के लेवल पर था। इससे पहले कंपनी के शेयरों में 21 अप्रैल, 23 अप्रैल और 24 अप्रैल को कंपनी के शेयरों में लोअर सर्किट लगा है। बीते एक साल में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 40 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। बता दें, कंपनी का 52 वीक हाई 142.10 रुपये और 52 वीक लो लेवल 53 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 97 करोड़ रुपये का है।

## संक्षिप्त समाचार

### वीजा रद्द करने के खिलाफ हाई कोर्ट पहुंची पाकिस्तानी महिला, कोर्ट ने कहा- यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाई कोर्ट ने एक पाकिस्तानी महिला की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। महिला ने अपनी याचिका में भारत सरकार को उसका आवासीय परमिट रद्द नहीं करने और इसे आगे बढ़ाने का निर्देश देने की मांग की थी। पाकिस्तानी महिला की याचिका पर सुनवाई के दौरान जस्टिस सचिन दत्ता ने कहा कि 27 अप्रैल से पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा सेवाओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के केंद्र के फैसले की न्यायिक समीक्षा की आवश्यकता नहीं है क्योंकि यह गंभीर राष्ट्रीय सुरक्षा कारणों से जुड़ा है। जस्टिस दत्ता ने कहा कि केंद्र के आदेश में कोई अपवाद बनाना कोर्ट के अधिकार क्षेत्र में नहीं है। भारतीय व्यक्ति से विवाहित पाकिस्तानी महिला ने अपने वीजा रद्द किए जाने के खिलाफ कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और आग्रह किया कि वह अधिकारियों को उसके दीर्घकालिक वीजा के अनुरोध पर विचार करने का निर्देश दे। उसने केंद्र को उसके आवासीय परमिट को निलंबित नहीं करने और इसे आगे बढ़ाने का निर्देश देने का भी अनुरोध किया। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि भारत सरकार के आदेश के परिणामस्वरूप याचिकाकर्ता का वीजा रद्द कर दिया गया है। याचिकाकर्ता के दीर्घकालिक वीजा के आवेदन (23-04-2025) के प्रसंस्करण में भी बाधा उत्पन्न हुई है। याचिकाकर्ता 25 अप्रैल के भारत सरकार के आदेश से उत्पन्न होने वाले परिणामों को दरकिनार करना चाहता है। प्रथम दृष्ट्या, विदेशी अधिनियम 1946 की धारा 3(1) के तहत जारी किया गया उपरोक्त आदेश किसी भी न्यायिक समीक्षा की गारंटी नहीं देता है, क्योंकि इसे जारी करने के पीछे गंभीर राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी विचार थे। अपने आदेश में अदालत ने उल्लेख किया कि सुप्रीम कोर्ट के एक निर्णय के अनुसार, विदेशी अधिनियम के तहत भारत से विदेशियों को निष्कासित करने की केंद्र की शक्ति पूर्ण और अप्रतिबंधित है। कोर्ट के इस आदेश के बाद याचिकाकर्ता के वकील ने याचिका वापस ले ली। बता दें कि केंद्र सरकार ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के मद्देनजर पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा सेवाएं निलंबित कर दी थीं। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें से अधिकतर पर्यटक थे।

### गौतम गंभीर को धमकी देने वाले युवक को पुलिस ने दबोचा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के कोच, पूर्व क्रिकेटर और पूर्व सांसद गौतम गंभीर को धमकी भरे ई-मेल भेजने के मामले में दिल्ली पुलिस ने मुख्य आरोपी को गुजरात से धर दबोचा है। आरोपी युवक की पहचान 21 साल के जिग्नेश सिंह परमार के रूप में हुई है, जो कि इंजीनियरिंग का छात्र है। पुलिस जब उसकी तलाश करते हुए उस तक पहुंची तो उसके परिजनों ने पुलिस को बताया कि वह मानसिक स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं का सामना कर रहा है। पुलिस ने इस मामले में आगे की जांच जारी रहने की बात कही है। पुलिस ने आरोपी युवक के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जिग्नेश परमार ने 22 अप्रैल को एक संदिग्ध जीमेल अकाउंट से पूर्व सांसद गौतम गंभीर को धमकी भरे ईमेल भेजे थे, इसी दिन कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने जघन्य हत्याकांड को अंजाम देते हुए 26 लोगों की हत्या कर दी थी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गंभीर को धमकी भरे दो मेल मिले थे, जिनमें लिखा था, मैं तुम्हें मार दूंगा, इन दोनों मेल में भेजने वाले का नाम आइएसआइएस कश्मीर लिखा था। पुलिस ने पहले कहा था कि उन्हें गौतम गंभीर से जुड़े एक ईमेल आईडी पर कथित धमकी भरे मेल आने की जानकारी मिली है। इस मामले में धमकी भरे मेल के स्क्रीनशॉट के साथ राजिंदर नगर पुलिस स्टेशन में ईमेल शिकायत दर्ज कराई गई थी। पुलिस उपायुक्त (मध्य) एम.हर्षवर्धन ने मामले की जानकारी देते हुए एक बयान में कहा, परमार एक इंजीनियरिंग छात्र है। उसके परिवार का दावा है कि वह मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से पीड़ित है। आगे की जांच जारी है। हालांकि पुलिस ने गुजरात के उस शहर का नाम नहीं बताया जहां से आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

# बाल-बाल बचे पर्यटक ने बताई मौत के तांडव की अनसुनी कहानी

### आतंकियों ने कैसे दिया पहलगाम हमले को अंजाम?



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पहलगाम आतंकी हमले को आज 5 दिन बीत चुके हैं, लेकिन इसके जख्म अभी तक हरे हैं। बैसरन घाटी में परिजनों को खोने के बाद कई परिवारों में मातम का माहौल है, तो कई लोगों ने मौत के इस मंजर के बेहद करीब से देखा है। ऐसे ही एक शख्स ने सोशल मीडिया पर अपनी आपबीती सुनाई है।

बैसरन घाटी में तकरीबन 2:30 बजे जब आतंकियों ने पर्यटकों पर हमला बोला, तो वहां सेना का एक अधिकारी भी मौजूद था। परिवार के साथ छुट्टियां मनाने पहलगाम पहुंचे इस अधिकारी ने 30-40 पर्यटकों की जान बचाई।

कर्नाटक के एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर प्रसन्न कुमार भट्ट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दावा किया है कि आतंकी हमले के दौरान वो भी पहलगाम की बैसरन घाटी में मौजूद थे। प्रसन्न अपनी पत्नी, भाई और भाभी के साथ श्रीनगर और फिर पहलगाम की यात्रा पर गए थे। प्रसन्न ने बताया कि उनके भाई सेना में अधिकारी हैं, जिनकी सूझबूझ से 30-40 लोगों की जान बची है।

22 अप्रैल की दोपहर 12:00 हम पहलगाम पहुंचे। वहां से बैसरन घाटी के लिए घोड़ा किया और 1:35 बजे हम बैसरन घाटी पहुंच गए। बैसरन घाटी तक पहुंचने का रास्ता काफी उबड़-खाबड़ और पथरीला था। पूरी घाटी चारों तरफ से पाइन के पेड़ों से घिरी थी। हम मुख्य द्वार से अंदर घुसे और घाटी की खूबसूरती को निहारते हुए चाय का आनंद लिया। 2 बजे के आसपास हम उठे और मुख्य द्वार की उल्टी तरफ चल दिए। प्रसन्न ने बताया कि, हम मुख्य द्वार से सिर्फ 400 मीटर की दूरी पर थे, तभी हमने गोली की आवाज सुनी। लगभग 2:25 का समय था। पूरी घाटी में सन्नाटा पसर गया। किसी को कुछ समझ नहीं आया। दूर खड़े लोग अभी भी छुट्टियों का मजा ले रहे थे। हालांकि मेरे आर्मी ऑफिसर भाई ने तुरंत इस आवाज को पहचान लिया। उसने कहा यह्-च-47 की आवाज है। यहां आतंकी हमला हो गया है। हम जल्दी से भागकर एक टॉयलेट के पीछे छिप गए। हमने देखा कि मुख्य द्वार के पास 2 लाशें पड़ी हैं। घाटी में मौजूद पर्यटकों में भगदड़ मच गई। सभी घाटी से भागने की कोशिश करने लगे। आश्चर्य तो तब हुआ जब पता चला कि पूरी घाटी के चारों तरफ फेंसिंग हुई है और वहां से बाहर निकलने का सिर्फ एक ही रास्ता है, वो है मुख्य द्वार, जहां आतंकी पहले से मौजूद थे। लोगों को गेट की तरफ बढ़ता देखकर उन्होंने सभी को धर दबोचा। प्रसन्न के अनुसार, उनके भाई ने सभी को मुख्य द्वार से दूर पीछे की तरफ चलने के लिए कहा। हमारे आसपास लगभग 30-40 पर्यटक अपनी जान बचाकर छिपे थे। तभी हमने देखा फेंसिंग के पास एक पाइप गई थी, उस जगह पर फेंसिंग थोड़ी सी खुली थी। मेरे भाई ने सभी को फेंसिंग के नीचे से उस पार जाने के लिए कहा। सारे पर्यटक एक-एक करके फेंसिंग पार कर गए। नीचे जाने का रास्ता काफी मटमैला, फिसलन भरा था। कई पर्यटक वहां गिर भी गए, लेकिन सभी जैसे-तैसे अपनी जान बचाकर वहां से भागे और आगे जाकर पेड़ों के पीछे छिप गए।

## विभाजन का सबसे बदनुमा..; पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर मणिशंकर अय्यर का बयान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पहलगाम हमले को लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने बयान दिया है। उन्होंने इस आतंकी हमले को विभाजन के सबसे अनसुलझे सवालों से जोड़ते हुए कहा कि भारत के लोग आज भी विभाजन का दंश झेल रहे हैं। विभाजन के समय पर कई लोगों के विचार भारतीय राष्ट्रीयता को लेकर अलग थे। कई लोग थे जो गांधी, नेहरू और जिन्ना के विचारों से सहमत नहीं थे। इसलिए आखिरकार विभाजन हुआ।

दिल्ली में एक निजी कार्यक्रम में अपनी बात रखते हुए मणिशंकर अय्यर ने कहा, कई लोगों ने विभाजन को लगभग रोक दिया था लेकिन फिर भी ऐसा हुआ क्योंकि गांधी जी या मैं कहूंगा पंडित नेहरू और जिन्ना से असहमत कई मुसलमानों के बीच भारत की राष्ट्रीयता और विरासत को लेकर मतभेद थे। कई उठापटक के बीच आज सच्चाई यह है कि हम विभाजन के परिणामों के साथ जी रहे हैं। पर सवाल यही है कि क्या हमें इसी तरह से जीना चाहिए? क्या बंटवारे के अनसुलझे सवाल ही 22 अप्रैल को पहलगाम में हुई भयानक त्रासदी में दिखाई दिए।''

अय्यर ने कहा कि उपमहाद्वीप के मुसलमानों का मसीहा बनने का पाकिस्तान का सपना साल 1971 में हुए युद्ध और बांग्लादेश के बनने के बाद से ही खत्म हो गया था। उस युद्ध ने यह साबित कर दिया था कि केवल मुसलमान होना ही पर्याप्त नहीं है। हमें भाषा और समानता के अवसर को भी देखना होगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि आज फिर वही सवाल उठ खड़ा हुआ है, जो विभाजन के पहले भारत के सामने खड़ा था कि हम लगभग 20 करोड़ मुसलमानों का क्या करें। हमें सोचना होगा कि क्या हम जिन्ना के नजरिए को स्वीकार करते हैं? क्या हम यह कहते हैं कि मुसलमान एक अलग देश बन चुका है? क्या हम मुस्लिमों को हमारे बीच तोड़फोड़ करने वाले खतरे के रूप में देखते हैं? या फिर इसका दूसरा पहलू यह है कि मुस्लिमों के देखकर हम कहते हैं कि वह हमारे अभिन्न अंग है। बकौल अय्यर हमें यह देखना होगा कि वर्तमान में भारत का मुसलमान क्या महसूस कर रहा है, क्या उसे लग रहा है कि उसे स्वीकार किया जा रहा है?

## दिल्ली में आसमान से बरस रही 'आग', पारा 42 पार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में सूरज के तल्ख तेवर के बीच टेम्प्रेचर का टॉर्चर तेज हो गया है। गर्मी से परेशान राजधानी के लोगों की मुसीबत शनिवार को और बढ़ गई। दिल्ली के कई इलाकों में अधिकतम तापमान 42 डिग्री के पार चला गया। यह इस मौसम का सबसे गर्म दिन रहा। हालांकि, शाम के समय मौसम ने करवट बदली और हल्के बादलों की आवाजाही के चलते लोगों को हल्की राहत मिली। दिल्ली के लोग इस बार अप्रैल के महीने में ही मई-जून जैसी गर्मी का सामना कर रहे हैं। दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में शनिवार की सुबह से ही तेज धूप रही। दोपहर में लोगों को गर्म हवा के थपेड़ों का भी अहसास हुआ। दिल्ली में रिज का इलाका शनिवार को सबसे ज्यादा गर्म रहा। यहां का अधिकतम तापमान 43.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिल्ली के लोगों को दिन में तीन बजे के बाद से हल्की राहत मिली। मौसम में होने वाले बदलावों के चलते दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में हल्के बादलों की आवाजाही शुरू हो गई। दिल्ली में शनिवार दोपहर धूल भरी आंधी के कारण एयरपोर्ट से विमानों की उड़ान पर असर देखने को मिला। कई विमानों को इस दौरान एयरपोर्ट पर उतारा नहीं जा सका, जिसकी वजह से उनके पीछे आ रहे विमानों को भी हवा में रोकना पड़ा। शनिवार को दिल्ली एयरपोर्ट से कई विमानों ने देरी से घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय उड़ान भरी। दिल्ली एयरपोर्ट की तरफ से सभी यात्रियों को सलाह दी गई है कि वह एयरलाइंस से उड़ान के समय की स्पष्ट जानकारी लेकर ही घर से निकलें। दिल्ली एयरपोर्ट पर हवा की दिशा बदलने के चलते पिछले कुछ दिनों से विमान सेवाओं पर असर पड़ रहा है।

## नेहा सिंह राठौर का वीडियो बना पाकिस्तान का हथियार, शेयर कर भारत पर हमला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को लेकर पूरे देश में गुस्से का माहौल है। लोग पाकिस्तान की तीखी आलोचना कर रहे हैं। विपक्षी दलों ने भी सरकार को अपना पूरा समर्थन दिया है और आतंक का प्रयाय बन चुके पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। देश में एक ऐसा वर्ग भी है जो इस घटना के लिए सरकार की तीखी आलोचना कर रहा है। भोजपुरी लोकगायिका नेहा सिंह राठौर ने भी पहलगाम की इस आतंकी घटना को सरकारी की चूक माना है। उन्होंने तल्खी भरे लहजे में सरकार की आलोचना है। उन्होंने यहां तक कहा है कि सरकार इस मुद्दे को बिहार चुनाव में इस्तेमाल करेगी। नेहा सिंह राठौर का बयान पाकिस्तानी लोगों, वहां के नेता और सरकारी एजेंसियों के द्वारा खूब पसंद किया जा रहा है और सोशल मीडिया में उनका बयान भारत के खिलाफ हमाला करने के लिए 'हथियार' के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है।



वायरल वीडियो में नेहा सिंह राठौर कहती हैं,एक फोन कॉल से दूसरे देशों में युद्ध रुकवाने वाले अपने देश में आतंकवादी घटना नहीं रुकवा पाए। अंधभक्त मुझसे कह रहे हैं कि ऐसी बातों पर राजनीति और सवाल नहीं करो।

## सीबीआई ने दिल्ली के सादिक नगर में एमसीडी के एरिया इंस्पेक्टर को घूस लेते रंगेहाथ दबोचा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सीबीआई ने राजधानी दिल्ली के सादिक नगर में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के सेंट्रल जोन के एक एरिया इंस्पेक्टर को 10,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है।सीबीआई की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, आरोपी एमसीडी सेंट्रल जोन के असेसमेंट एंड कलेक्शन डिपार्टमेंट में एरिया इंस्पेक्टर के पद तैनात था। सीबीआई ने आरोपी इंस्पेक्टर के खिलाफ मामला दर्ज किया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि आरोपी ने शिकायतकर्ता की संपत्ति से संबंधित संपत्ति कर के लिए एनओसी देने के लिए शिकायतकर्ता से 10,000 रुपये की रिश्वत की मांग की थी। बयान के अनुसार, शिकायत के आधार पर सीबीआई ने जाल बिछाया और आरोपी एरिया इंस्पेक्टर को शिकायतकर्ता से 10,000 रुपये की रिश्वत मांगते और लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया।इस मामले में जांच जारी है। इससे पहले 19 अप्रैल को सीबीआई ने साइबर फ्रॉड से संबंधित एक मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था।

## उत्तर कोरिया ने घातक हथियारों से लैस युद्धपोत का जलावतरण किया

**प्योंगयांग एजेंसी।** उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को अपने एक नए 5,000 टन के युद्धपोत का जलावतरण किया। दावा किया गया है कि यह विध्वंसक है और सबसे शक्तिशाली घातक हथियारों से लैस है। इस अवसर पर उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन अपनी पुत्री के साथ मौजूद रहे। इस युद्धपोत का जलावतरण एआई तकनीक आधारित नए आत्मघाती और टोही ड्रोन के परीक्षण की देखरेख के लगभग एक महीने बाद किया गया। उत्तर कोरिया की कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने आज यह जानकारी दी।

कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी के अनुसार, किम जोंग-उन ने इस अवसर पर देश की नौसेना की समुद्री शक्ति को बढ़ाने के प्रयासों का बखान किया। युद्धपोत का जलावतरण पीपुल्स रिवोल्यूशनरी आर्मी की 93वीं स्थापना वर्षगांठ पर पश्चिमी बंदरगाह शहर नाम्फो में एक शिपयार्ड में आयोजित समारोह के दौरान किया गया। किम ने अपनी बेटी जू-ए के साथ समारोह में हिस्सा लिया। किम ने उत्तर कोरियाई जापानी-विरोधी क्रांतिकारी सेनानी के नाम पर चोई ह्योन नामक नवनिर्मित युद्धपोत का निरीक्षण भी किया। किम ने इस मौके पर भविष्य में परमाणु-संचालित पनडुब्बियों को विकसित करने का संकल्प दोहराया। उत्तर कोरियाई नेता ने मार्च में दक्षिण कोरिया और संयुक्त राज्य अमेरिका के संयुक्त सैन्य अभ्यास की निंदा की। किम ने कहा कि अमेरिका और दक्षिण कोरिया की नई परमाणु युद्ध योजना डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया के प्रति शत्रुतापूर्ण इरादे की सबसे स्पष्ट अभिव्यक्ति है। यह क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए सीधा खतरा है।



## थाईलैंड में विमान हादसा, छह पुलिस अधिकारियों की मौत



**बैंकॉक , एजेंसी।** थाईलैंड की खाड़ी में शुक्रवार सुबह पुलिस का एक छोटा विमान (डीएचसी-6-400 ट्विन ओटर) दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में विमान में सवार सभी छह पुलिस अधिकारियों की मौत हो गई। थाईलैंड के 191 आपातकालीन केंद्र ने सुबह 8.15 बजे दुर्घटना की सूचना दी। केंद्र के अनुसार, यह विमान बेबी ग्रैंड हुआ हिन होटल से लगभग 100 मीटर दूर दुर्घटनाग्रस्त होकर थाईलैंड की खाड़ी में गिर गया। बैंकॉक पोस्ट अखबार की खबर के अनुसार, बेबी ग्रैंड हुआ हिन होटल समुद्र तट के किनारे फेचबुरी के चा-आम जिले में है। इस विमान में पुलिस के तीन पायलट, दो मैकेनिक और एक इंजीनियर सवार थे। थाई पुलिस के प्रवक्ता पोल लेफ्टिनेंट जनरल अर्चायोन क्रैथोंग ने बताया कि विमान पैराशूट प्रशिक्षण अभ्यास की तैयारी के लिए परीक्षण उड़ान पर था। पांच अधिकारियों की घटनास्थल पर मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल पायलट पोल कैप्टन चतुरोंग वड्डानाइसरन को पास के अस्पताल ले जाया गया।

वहां शाम करीब 4 बजे उन्होंने दम तोड़ दिया। थाईलैंड के पुलिस प्रमुख किथाराथ पुनपेच ने दुर्घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि विमान रन-वे से बाहर निकलने के कुछ ही समय बाद संतुलन खोकर खाड़ी में गिर गया।

## पाक में झेलम नदी का जलस्तर अचानक बढ़ा, फैली दहशत

### मस्जिदों से अलर्ट जारी; भारत पर जानबूझकर ज्यादा पानी छोड़ने का आरोप



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में शनिवार दोपहर झेलम नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया, जिससे कई इलाकों में बाढ़ आ गई। इसके बाद अधिकारियों ने अलर्ट जारी कर स्थानीय लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाने को कहा।

रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रशासन ने हट्टियन बाला इलाके में वाटर इमरजेंसी की घोषणा की है। वहीं, मस्जिदों से भी लगातार चेतावनी जारी की जा रही है। राजधानी मुजफ्फराबाद के डिप्टी कमिश्नर मुदस्सर फारूक ने स्थानीय निवासियों से झेलम नदी नजदीक के इलाकों में जाने से बचने को कहा है। उन्होंने झेलम में ज्यादा पानी छोड़े जाने को भारत की ओर से जानबूझकर उठाया गया कदम बताया। डिप्टी कमिश्नर फारूक ने कहा कि भारत ने झेलम नदी में सामान्य से ज्यादा पानी छोड़ दिया है, जिस वजह से बाढ़ आई है। अभी घबराने जैसी कोई बात नहीं है। फिर भी हमने लोगों को नदी वाले इलाके से दूर रहने और वहां पर जानवरों को भी न ले जाने की अपील की है। वहीं, राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के डायरेक्टर ज्यादा पानी छोड़े जाने को लेकर कहा कि इस मामले में उन्हें कोई पूर्व चेतावनी नहीं मिली थी। उन्होंने आगे बताया कि पानी को मंगला बांध तक पहुंचने में समय लगेगा। फिलहाल निचले इलाके में सुरक्षा उपाय पहले ही लागू कर दिए गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक मुजफ्फराबाद के झेलम में हर सेकंड 22,000 घन फीट पानी बह रहा है। इससे गारी दुपट्टा, मझोई और मुजफ्फराबाद जैसे इलाकों में रहने वाले लोगों में चिंता बढ़ गई है। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सिंधु जल संधि के तहत भारत पहले झेलम, चिनाब और सिंधु नदियों में पानी छोड़ने या फिर रोकने के मामलों में पाकिस्तान को सूचित करता था। लेकिन इस बार भारत की तरफ से इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई। भारत ने पहलगाम हमले के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार मानते हुए 24 अप्रैल को सिंधु जल समझौता रोक दिया था। भारत ने पाकिस्तान को चिट्ठी लिखकर कहा कि यह संधि अच्छे संदर्भ में की गई थी, लेकिन अच्छे रिश्तों के बिना इसे बनाए नहीं रखा जा सकता।

## नेपाल इस कठिन समय में खड़ा है भारत के लोगों के साथ: डा. राणा

**काठमांडू एजेंसी।** भारत के कश्मीर स्थित पहलगाम में आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए नेपाल के भारतीय दूतावास में सभा का आयोजन किया गया। इसमें नेपाल के उप प्रधानमंत्री विष्णु पौडेल, विदेश मंत्री डा. आरजू राणा देउवा सहित सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने इस कायराना हमले की कड़ी निंदा की।

विदेश मंत्री डा. राणा ने कहा कि नेपाल आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की कड़ी निंदा करता है। नेपाल किसी भी आतंकवादी गतिविधि के खिलाफ दृढ़ता से खड़ा है। नेपाल इस कठिन समय में भारत सरकार और लोगों के साथ खड़ा है। आतंकवाद से निपटने के दौरान कोई दोहरा मानक नहीं होना चाहिए। किसी भी आतंकवादी समूह द्वारा किसी भी देश या उसके लोगों के खिलाफ किसी भी उद्देश्य के लिए अपने क्षेत्र का उपयोग नहीं करने दिया जाएगा।

श्रद्धांजलि सभा में नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. शेखर कोइराला, प्रधानमंत्री के प्रमुख सलाहकार विष्णु रिमाल, माओवादी के राष्ट्रीय सचिव छबिलाल विश्वकर्मा, पूर्व विदेश मंत्री एनपी साउद, लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष महंथ ठाकुर, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के शिशिर खनाल आदि मौजूद रहे।

इनके अलावा नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल, प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने आतंकवादी हमले की निंदा की है। साथ ही सभी ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत सरकार के पक्ष में दृढ़ता से खड़े रहने का संदेश दिया है।

# ये चार टीमें प्लेऑफ में पहुंचेगी, कोई रोक नहीं हो सकता है! अनिल कुंबले की है भविष्यवाणी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 का रोमांच अपने चरम पर पहुंच चुका है। अंतिम चार यानी प्लेऑफ में पहुंचने की डेथ रेस शुरू हो चुकी है। टूर्नामेंट अभी इस मोड़ पर पहुंच चुका है कि एक जीत हार से किसी का भी



समीकरण गड़बड़ हो सकता है। हालांकि, टॉप की चार टीमें कौन हो सकती है, इसके लेकर अब बड़े-बड़े दिग्गजों ने भविष्यवाणियां शुरू कर दी है। इस क्रम में आईपीएल कमेंट्री पैनल के सदस्य अनिल कुंबले ने प्लेऑफ के लिए चार टीमों का नाम बताया है।अनिल कुंबले ने प्लेऑफ में पहुंचने के प्रबल दावेदार में सबसे ऊपर गुजरात टाइटंस को रखा है। गुजरात टाइटंस की इस सीजन में भले ही हार से शुरुआत हुई थी, लेकिन इसके बाद टीम ने जबरदस्त वापसी की और वह पॉइंट्स टेबल में 8 में से 6 जीत के साथ 12 अंक लेकर पहले स्थान पर है। कुंबले ने गुजरात टाइटंस के बाद दिल्ली कैपिटल्स को दूसरे स्थान पर रखा है। दिल्ली ने भी 8 में से 6 मैच जीते हैं, लेकिन रन रेट के मामले में वह गुजरात से कम है इस कारण वह पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर है।अनिल कुंबले ने सबसे चौंकाने वाली भविष्यवाणी मुंबई इंडियंस को लेकर की है। सीजन के शुरुआत में मुंबई बुरी तरह से पिछड़ गई थी, लेकिन टीम ने दमदार वापसी करते हुए 10 अंक हासिल कर लिए हैं। मुंबई के पास अभी कुल 5 मैच बचे है। ऐसे में अगर वह तीन में भी जीत हासिल कर लेती है तो उसका प्लेऑफ में पहुंचना तय हो जाएगा। इस तरह अनिल कुंबले ने अपने लिस्ट में मुंबई इंडियंस को तीसरे स्थान पर रखा है।चौथी टीम के रूप में कुंबले ने पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को रखा है। इस सीजन में पंजाब और आरसीबी दोनों का प्रदर्शन लगभग एक जैसा रहा है। हालांकि, पंजाब की दावेदार आरसीबी से ज्यादा लग रही है, लेकिन अगर वह लय भटक जाती है तो फिर उसका काम खराब हो जाएगा। ऐसे में चौथी टीम के रूप में पंजाब के अलावा कुंबले ने आरसीबी को भी रखा है।

# भारतीय खिलाड़ियों को नजरअंदाज कर रहे रिकी पॉन्टिंग आईपीएल 2025 में नहीं दे रहे मौका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पंजाब किंग्स की गिनती सबसे कमजोर टीमों में होती थी. लेकिन हेड कोच रिकी पॉन्टिंग और श्रेयस अय्यर के नेतृत्व में आईपीएल 2025 में पंजाब ने शानदार प्रदर्शन किया है. ये टीम 9 मैचों में 11 अंक



हासिल कर चुकी है और फिलहाल पॉइंट्स टेबल में चौथे नंबर पर मजबूत है. इस बार पंजाब किंग्स को चैंपियन बनने का बड़ा दावेदार भी बताया जा रहा है. इसके बावजूद पूर्व भारतीय क्रिकेटर मनोज तिवारी ने कहा है कि वो ट्रॉफी जीतती हुई नहीं दिख रही है. इतना ही नहीं उन्होंने हेड कोच पॉन्टिंग की रणनीति पर सवाल भी खड़े किए हैं. साथ ही उन पर भारतीय खिलाड़ियों को नजरअंदाज करने का भी आरोप लगाया है. मनोज तिवारी ने ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स के मैच के आधार पर रिकी पॉन्टिंग पर आरोप लगाया. बारिश के कारण मुकाबला बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गया था. इसके बाद उन्होंने कहा, मेरी आंतरिक भावना कहती है कि पंजाब की टीम इस सीजन में आईपीएल ट्रॉफी नहीं जीत पाएगी, क्योंकि आज जब वो बैटिंग कर रहे थे तो मैंने देखा कि कोच ने भारतीय इनफॉर्म बल्लेबाजों नेहल वढेरा और शशांक सिंह को नहीं भेजा. उनकी जगह उन्होंने अपने विदेशी खिलाड़ियों पर भरोसा किया. लेकिन वो भरोसे पर खरे नहीं उतरे. साफ तौर पर देखा जा सकता है कि भारतीय खिलाड़ियों पर उनका भरोसा नहीं है. अगर वो इसी तरह से आगे बढ़ते रहे तो टॉप-2 में रहने के बावजूद खिताब नहीं जीत पाएंगे. मनोज तिवारी का इशारा ग्लेन मैक्सवेल की ओर था. उनके मुताबिक, ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मैक्सवेल के लगातार फ्लॉप होने के बावजूद भारतीय खिलाड़ियों की अनदेखी की जा रही है. उन्हें मौका देने के चक्कर में भारत के प्लेयर्स कीमत चुका रहे हैं. उन्होंने चेतावनी दी कि अगर इसी रणनीति से वो चलते रहे तो वो इस बार भी उनके ट्रॉफी का सूखा खत्म नहीं होगा. बता दें मैक्सवेल ने केकेआर के खिलाफ इस मैच में वो 8 गेंद में सिर्फ 7 रन बना सके. वहीं इस सीजन में 6 मुकाबले खेले हैं और सिर्फ 48 रन बना सके हैं.

# मैच धुलने से पंजाब-कोलकाता की बढ़ी मुश्किलें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियन प्रीमियर 2025 में 26 अप्रैल (शनिवार) को कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स का मैच बारिश के चलते बेनतीजा रहा. ईडन गार्डन्स में आयोजित इस मुकाबले में पंजाब किंस ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए चार विकेट पर 201 बनाए थे. जवाब में केकेआर ने एक ओवर में बिना किसी नुकसान के 7 रन बनाए, जिसके बाद बारिश के चलते खेल आगे नहीं हो पाया.




## मैच धुल से बिगड़े दोनों टीमों के समीकरण

मैच धुलने के चलते कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स दोनों को 1-1 अंक मिले. पंजाब किंग्स अब 9 मैचों में 11 अंकों के साथ अंकतालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई है. वहीं कोलकाता नाइट राइडर्स के पास अब 9 मैचों में 7 अंक हैं और वो 7वें स्थान पर है. इस नतीजे के चलते पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स दोनों को नुकसान पहुंचा है. दोनों ही टीमें पूरे 2 अंक लेने के मकसद से इस मैच में उतरी थीं, लेकिन बारिश ने मजा किरकिरा कर दिया. पंजाब किंग्स को अब प्लेऑफ में पहुंचने के लिए अपने बाकी पांच में से तीन मैच जीतने होंगे. यानी पंजाब की टीम पर प्रेशर बढ़ गया है. गुजरात टाइटन्स दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु जैसी टीमें 12 -12 अंकों के साथ पंजाब किंग्स से आगे है. पंजाब-कोलकाता का मैच धुलने से खासकर आरसीबी काफी खुश होगी. उधर कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए समीकरण थोड़ा और टफ हो गया है. कोलकाता नाइट राइडर्स को प्लेऑफ में आसानी से पहुंचने के लिए अब अपने शेष सभी पांच मैच जीतने होंगे. यदि केकेआर एक भी मैच गंवाती है तो उसका प्लेऑफ में पहुंचना बेहद मुश्किल हो जाएगा. लखनऊ सुपर जायंट्स और मुंबई इंडियंस जैसी टीमें भी पॉइंट्स टेबल में केकेआर से आगे हैं.

## आईपीएल 2025 की ताजा अंकतालिका

आमतौर पर प्लेऑफ में क्वालिफाई करने के लिए कम से कम 16 अंक चाहिए होते हैं. लेकिन कभी-कभी 14 अंकों पर भी टीमें क्वालिफाई कर जाती हैं, अगर उनका नेट रन रेट अच्छा हो. जैसे कि पिछले आईपीएल सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 14 अंकों के साथ प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई किया था. पिछले सीजन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु शुरुआती आठ मैचों में से केवल एक ही जीत पाई थी. लेकिन, उसने अपने आखिरी छह मैच जीतकर प्लेऑफ में जगह बनाई. अजिंक्य रहाणे की अगुवाई में कोलकाता नाइट राइडर्स अब मंगलवार (29 अप्रैल) को दिल्ली कैपिटल्स का उसके होमग्राउंड पर सामना करेगी. जबकि श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली पंजाब किंग्स 30 अप्रैल (बुधवार) को पांच बार की चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स से उसके घर पर भिड़ेगी.

# प्रभसिमरन सिंह ने रचा इतिहास

## खास रिकॉर्ड बनाने वाले पहले अनकैप्ड प्लेयर बने

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पंजाब किंग्स के सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह ने शनिवार को खेले गए मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 49 गेंदों में 83 रनों की



शानदार पारी खेली. उन्होंने प्रियांश आर्य के साथ पहले विकेट के लिए 120 रनों की पारी खेली. पहला विकेट टीम को प्रियांश आर्य के रूप में गिरा, जिन्होंने 35 गेंदों में 69 रन बनाए. इस पारी में उन्होंने 4 छक्के और 8 चौके जड़े. इसके बाद प्रभसिमरन सिंह अपने शतक से चूक गए, उन्होंने 49 गेंदों में 6 छक्कों और इतने ही चौकों की मदद से 83 रन बनाए. उन्हें वैभव अरोड़ा ने आउट किया, लेकिन इस पारी में प्रभसिमरन ने ऐसा कुछ किया जो आज तक पंजाब के लिए किसी अनकैप्ड प्लेयर ने नहीं किया. प्रभसिमरन सिंह ने आईपीएल में पंजाब किंग्स के लिए 1000 रन पूरे किए, वह ऐसा करने वाले पहले अनकैप्ड प्लेयर बन गए हैं. पटियाला के रहने वाले प्रभसिमरन 2019 से आईपीएल में खेल रहे हैं, वह अपने पहले सीजन में पंजाब के लिए ही चुने गए थे. अभी तक प्रभसिमरन ने 43 मैचों में 1048 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और 5 अर्धशतक पारियां शामिल हैं.

# अजय जडेजा ने केकेआर पर की भविष्यवाणी

## उनके पास अभी भी खिताब को बचाने का मौका है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व ऑलराउंडर अजय जडेजा को लगता है कि अगर कोलकाता नाइट राइडर्स इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें संस्करण में अपने बचे हुए मुकाबलों में जीत दर्ज करती है तो उनके पास



अभी भी अपने खिताब को बचाने की उम्मीद है। 9 मुकाबलों में सात अंक के साथ नाइट राइडर्स ग्रुप चरण में अपने खिताब की रक्षा के लिए संघर्ष कर रही है। कोलकाता जीत की लय हासिल करने के लिए अपनी टीम में बदलाव कर रही है क्योंकि ग्रुप चरण अपने अंतिम चरण की ओर बढ़ रहा है। केकेआर की दो मैचों की हार का सिलसिला उनके घरेलू मैदान ईडन गार्डन में लगातार बारिश के कारण खत्म हो गया और पंजाब किंग्स के खिलाफ उनका मुकाबला धुल गया। पांच मुकाबलों के साथ केकेआर को शीर्ष चार में जगह बनाने के लिए अपने प्रदर्शन को बेहतर करना होगा। जडेजा ने जियो हॉटस्टार पर कहा, मुझे लगता है कि अगर चयक्रचार में से तीन मैच जीत जाता है, तो उन्हें विश्वास होगा कि उनके पास अभी भी मौका है। मुझे लगता है कि कोई भी टीम ऐसा ही करेगी। जब चार में से चार मैच होते हैं, तो इस प्रारूप के कारण यह वास्तव में कठिन हो जाता है। अगर आप बेहतर टीम हैं या आप काफी अच्छा खेल रहे हैं, तो आपको जीतना चाहिए, लेकिन ऐसे दिन भी आते हैं जब कोई आकर आपको हरा देता है। अगर आप उस गेम को जीतना चाहते हैं, तो आपको अपना विश्वास बनाए रखना होगा।

# सुरक्षा में आया खास हथियार, पहलगाम आतंकी हमले के बाद बड़ी पहल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया. इस हमले में निर्दोष लोगों की जान जाने के बाद देशभर में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है. इसका असर खेलों की दुनिया, खासतौर पर क्रिकेट पर भी पड़ा है, जो भारत में सिर्फ एक खेल नहीं बल्कि भावना है. इसी कड़ी में अब भारतीय प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के सभी मैचों में सुरक्षा को और मजबूत करने का फैसला लिया गया है. इस दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, हर स्टेडियम पर एयरस्पेस को सुरक्षित रखने के लिए अत्याधुनिक एंटी-ड्रोन सिस्टम वज्र सुपर शॉट की तैनाती की जा रही है. कोलकाता में केकेआर बनाम पंजाब किंग्स के मैच से शुरू होकर, हर आईपीएल 2025 वेन्यू पर एंटी-ड्रोन सिस्टम तैनात किया गया. भारतीय एंटी-ड्रोन सिस्टम, जिसे卐वज्र सुपर शॉट卐 के नाम से जाना जाता है, आईपीएल 2025 के हर मैदान पर एयरस्पेस की सुरक्षा के लिए तैनात किया जाएगा. यह पहल एक निजी कंपनी द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से ली जा रही है, जो हाल ही में कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के मद्देनजर उठाया गया कदम है.यह एंटी-ड्रोन सिस्टम स्टेडियम के 4 किलोमीटर के दायरे में किसी भी ड्रोन की पहचान कर सकता है और उसके कम्युनिकेशन सिग्नल को बाधित कर संभावित खतरे को निष्क्रिय कर सकता है. कोलकाता के ईडन गार्डन्स में चल रहे कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के मैच से इसकी शुरुआत की गई है और इसे आईपीएल 2025 के शेष सभी मैचों में लागू किया जाएगा. 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद से क्रिकेट देश में एक बड़ा चर्चा का विषय बन गया है. पूर्व भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने भी पाकिस्तान के साथ सभी क्रिकेट संबंधों को समाप्त करने की वकालत की. गांगुली ने कहा, 100 प्रतिशत, भारत को पाकिस्तान से क्रिकेट संबंध तोड़ना चाहिए.



# ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय महिला हॉकी टीम पहले मैच में 3-5 से हारी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के अपने पहले मैच में शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन शनिवार को पर्थ के पर्थ हॉकी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ 3-5 से हार गई। भारत ने महिमा टेटे (27), नवनीत कौर (45) और लालरेम्सियामी (50) के माध्यम से गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया ए के लिए नेसा फ्लिन (3), ओलिविया डाउन्स (9), रूबी हैरिस (11), टैटम स्टीवर्ट (21) और केंड्रा फिट्ज्पैट्रिक (44) ने गोल किए। मैच की शुरुआत बहुत ही शानदार रही, जिसमें ऑस्ट्रेलिया ए ने शुरुआत में ही नियंत्रण बना लिया और नेसा फ्लिन (3) द्वारा बनाए गए बेहतरीन फील्ड गोल के माध्यम से गतिरोध को तोड़ दिया। घरेलू टीम ने लगातार दबाव बनाना जारी रखा और ओलिविया डाउन्स (9') और रूबी हैरिस (11') ने डिफेंसिव खामियों का फायदा उठाते हुए दो और फील्ड गोल किए, जिससे पहले क्वार्टर में 3-0 की बढ़त हासिल हुई।

ऑस्ट्रेलिया ए ने दूसरे क्वार्टर में भी अपनी लय बनाए रखी और भारतीय डिफेंस पर लगातार दबाव बनाए रखा। लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल करने के बाद, टैटम स्टीवर्ट (21') ने एक को गोल में बदला और अपनी बढ़त को 4-0 तक पहुंचा दिया। शुरुआती हमलों के बावजूद, भारत ने लचीलापन दिखाया और महिमा टेटे (27') ने एक तेज फील्ड गोल करके भारतीय टीम में कुछ ऊर्जा भर दी, जिससे हाफ-टाइम में वे 1-4 से पीछे चल रहे थे। ऑस्ट्रेलिया ए ने अपनी ताकत बढ़ाई और उन्हें अपने प्रयासों का इनाम मिला, जब केंड्रा फिट्ज़पैट्रिक (44') ने अपनी टीम के लिए एक और गोल करके स्कोर 5-1 कर दिया। भारतीय टीम ने जवाबी हमला किया और उनके प्रयासों का नतीजा तब मिला जब उपकप्तान नवनीत कौर (45वें मिनट) ने गोल करके अंतर को 2-5 कर दिया। अंतिम क्वार्टर में दोनों टीमों ने गोल करने के मौके बनाए।

# मैड्रिड ओपन में बड़ा उलटफेर, जोकोविच अपने पहले मैच में अर्नाल्डी से हारे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 37 वर्षीय जोकोविच ने पेरिस ओलंपिक में पिछले साल अगस्त में अपना 99वां खिताब जीता था लेकिन इस सत्र में अभी तक एक भी खिताब नहीं जीत पाए हैं। अर्नाल्डी का सामना दामिर जुमहुर से होगा जिन्होंने सेबेस्टियन बाएज को 1-6, 6-1, 6-2 से मात दी।

सर्बियाई स्टार नोवाक जोकोविच शनिवार को यहां मैड्रिड ओपन के पहले दौर में इटली के माटियो अर्नाल्डी से हार गए जिससे 24 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता की रोलां गैरां से पहले क्लेकोर्ट पर संघर्ष जारी है। अर्नाल्डी ने जोकोविच को 6-3, 6-4 से हराया और उनके करियर का 100वां खिताब जीतने की मुहिम में विलंब किया। यह जोकोविच और 44वीं रैंकिंग के खिलाड़ी अर्नाल्डी के बीच पहली भिड़ंत थी। 37 वर्षीय जोकोविच ने पेरिस ओलंपिक में पिछले साल अगस्त में




अपना 99वां खिताब जीता था लेकिन इस सत्र में अभी तक एक भी खिताब नहीं जीत पाए हैं। अर्नाल्डी का सामना दामिर जुमहुर से होगा जिन्होंने सेबेस्टियन बाएज को 1-6, 6-1, 6-2 से मात दी।

महाराष्ट्र ओपन शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे सत्र में शनिवार को आठवें दौर के बाद पांच भारतीयों सहित नौ खिलाड़ी शीर्ष पर है। इन नौ खिलाड़ियों में भारत के नितीश बेलुरकर, नीलाश साहा, अभिजीत गुप्ता, दीप सेनगुप्ता और आयुष शर्मा शामिल है। शीर्ष पर काबिज खिलाड़ियों में अर्मेनिया के पेट्रोसियन मैनुअल, रूस के बोरिस शेवचेंको, जॉर्जिया के टॉरनिके सानिकिडेज और लेवन पैंटुलाया का नाम भी है।

चंडीगढ़ के गोल्फर अंगद चीमा ने शनिवार को बंगलूरू में प्रेस्टीज गोल्फशर क्लब में कपिल देव ग्रांट थॉर्नटन आमंत्रण में छह अंडर 66 का कार्ड बनाकर अपना चौथा पेशेवर खिताब जीता। चीमा (66-64-66) के शानदार प्रयास ने उन्हें 54-होल के टूर्नामेंट में कुल 20 अंडर 196 का स्कोर बनाने में मदद की और उन्होंने दो स्ट्रोक के अंतर से पीजीटीआई मुख्य टूर पर अपनी तीसरी जीत दर्ज की। इस जीत के लिए 35 वर्षीय अंगद चीमा को 30 लाख रुपये का पुरस्कार मिला जिससे वह पीजीटीआई 'ऑर्डर ऑफ मेरिट' में 28वें स्थान से 10वें स्थान पर पहुंच गए। बंगलूरू के खालिन जोशी (65-67-66) ने अंतिम दौर में 66 का स्कोर बनाया और 18-अंडर 198 के कुल स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहे। फरीदाबाद के अभिनव लोहान (66-65-70) ने तीसरे राउंड में 70 के स्कोर के बाद 15-अंडर 201 के स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। युवराज संधू 12-अंडर 204 के स्कोर के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर रहे और परिणामस्वरूप पीजीटीआई 'ऑर्डर ऑफ मेरिट' में तीसरे से पहले स्थान पर पहुंच गए। पीजीटीआई रैंकिंग लीडर युवराज की इस सत्र की कमाई अब 54,67,300 रुपये है।

भारत के 3000 मीटर स्टीपलचेज धावक अविनाश साबले शनिवार को चीन के शियामेन मे सत्र की पहली डायमंड लीग मीट में आठ मिनट 22.59 सेकंड के औसत समय के साथ 13वें स्थान पर रहे। साबले स्पर्धा के ज्यादातर समय तक दौड़ में आगे चल रहे समूह के साथ थे लेकिन आखिरी क्षणों में अपनी गति को बनाये रखने में विफल रहे। वह दौड़ पूरी करने वाले 16 धावकों में 13वें स्थान पर रहे। 30 साल के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक साबले पिछले साल सितंबर में डायमंड लीग फाइनल के बाद पहली बार खेल रहे हैं । डायमंड लीग फाइनल में वह आठ मिनट 17.09 सेकंड का समय निकालकर नौवें स्थान पर रहे थे। उनका राष्ट्रीय रिकॉर्ड आठ मिनट 09.91 सेकंड है। इथियोपिया के सैमुअल फिरेवु ने आठ मिनट 05.61 सेकंड का समय लेकर मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन मोरक्को के सौफियाने अल बक्काली को हराकर बड़ा उलटफेर किया। बक्काली ने आठ मिनट 06.66 सेकंड का समय लिया। कीनिया के साइमन किप्रॉप कोएच (आठ मिनट 07.12 सेकंड) तीसरे स्थान पर रहे।



रणबीर के साथ रिश्ते पर बोलीं दीपिका

# ब्रेकअप के बाद इस तरह खुद को संभाला

**दीपिका पादुकोण ने रणबीर कपूर के साथ अपने रिश्ते के बारे में खुलकर बात की है। उन्होंने बताया है कि वह ब्रेकअप के बाद कैसे अपने आपको बेहतर कर पाई।**

**फिल्म** इंडस्ट्री में कदम रखने के बाद दीपिका पादुकोण और रणबीर कपूर ने एक दूसरे को कुछ दिनों तक डेट किया। कुछ दिनों के बाद दोनों के रिश्ते में कड़वाहट आ गई। बताया जाता है दीपिका ने रणबीर को धोखा देते हुए पकड़ लिया था। कॉस्मोपॉलिटन के साथ बातचीत में एक बार दीपिका पादुकोण ने अपने रिश्ते के में बारे में बात की थी।

### दीपिका को मिला धोखा

बातचीत में दीपिका ने बताया जब मजाक ही करना है, तो मैं किसी के साथ रिश्ते में क्यों रहूं? इससे अच्छा है कि आप अकेले रहें और मजे करें। लेकिन हर कोई ऐसे नहीं सोचता। शायद इसीलिए मुझे अतीत में दुख हुआ। मैं बेवकूफ थी जो उन्हें (रणबीर) दूसरा मौका दिया, हालांकि उन्होंने माफी मांगी। मेरे आस-पास के लोग बोल रहे थे कि वह अभी भी स्थिर नहीं है। इसके बाद मैंने उन्हें रंगे हाथों पकड़ा। इससे बाहर निकलने में मुझे वक्त लगा लेकिन मैंने अपने आपको संभाला। कोई ऐसी चीज नहीं थी जो मुझे वापस भेज देती। वह जहाज डूब चुका था।

### दीपिका ने ब्रेकअप के बाद अपने आपको बेहतर किया

दीपिका ने आगे कहा पहली बार जब उसने मुझे धोखा दिया तो मुझे लगा कि रिश्ते में या मुझमें कुछ गड़बड़ है। लेकिन जब कोई इसकी आदत बना लेता है तो आपको समझ आता है कि दिक्कत उसी में है। मैंने अपने रिश्ते के लिए बहुत कुछ किया, बदले में कुछ नहीं मांगा। लेकिन बेवफाई की वजह से चीजें खराब हुईं। इसके बाद मुझे एहसास हुआ कि किसी भी चीज या इंसान के साथ ज्यादा लगाव मत रखो। ब्रेकअप के बाद मैंने अपने आपको बेहतर किया।

### चारों लोग खुश हैं

ब्रेकअप के कई साल बाद दीपिका पादुकोण ने रणवीर सिंह से शादी कर ली। रणबीर कपूर ने आलिया भट्ट से शादी कर ली। चारों अपनी शादी से खुश हैं और मां-बाप भी बन चुके हैं।




# रकुल प्रीत ने कॉस्मेटिक सर्जरी को लेकर क्या कहा? बोलीं- 'अगर कोई ऐसा करना चाहता है तो'

इन दिनों कई एक्ट्रेस कॉस्मेटिक सर्जरी या प्रोसिजर करवाती हैं, इसका असर उनके चेहरे पर, ब्यूटी पर साफ नजर आता है। हाल ही में कॉस्मेटिक प्रोसिजर को लेकर रकुल प्रीत ने भी अपना नजरिया बताया। रकुल प्रीत सिंह के एक्टिंग करियर को लगभग 15 साल हो चुके हैं। वह कई रोमांटिक फिल्मों का हिस्सा बन चुकी हैं। रकुल को फैंस उनके नेचुरल लुक के लिए भी काफी पसंद करते हैं। हाल ही में कॉस्मेटिक सर्जरी, प्रोसिजर को लेकर रकुल ने अपना नजरिया साझा किया।

### भगवान ने मुझे ठीक-ठाक शक्ल दी

हाल ही में एक इवेंट में रकुल प्रीत सिंह को देखा गया। इंस्टेंट बॉलीवुड से की गई बातचीत में वह बताती हैं कि उन्हें कभी कॉस्मेटिक सर्जरी कराने का ख्याल नहीं आया। रकुल कहती हैं, 'भगवान ने मुझे ठीक-ठाक शक्ल दी है, इसलिए ऐसी बातों के बारे में सोचा नहीं है।' बताते चलें कि पिछले दिनों रकुल को पैपराजी ने मुंबई में एक गाड़ी से उतरते देखा तो उन्होंने अपने होंठों को छुपा लिया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था। इस वीडियो को देखकर यूजर्स ने कहा था कि रकुल ने होंठों पर कोई कॉस्मेटिक प्रोसिजर करवाया है या फिर फिलर ( एक तरह का प्रोसिजर है, जिससे होंठ उभरे हुए नजर आते हैं) का यूज किया है।

### कॉस्मेटिक प्रोसिजर को गलत नहीं मानती

आगे रकुल कहती हैं, 'हां, अगर कोई ऐसा करना चाहता है तो इसमें कुछ गलत नहीं है। देखिए पहले कई बीमारियों का इलाज नहीं था, अब है। ऐसे ही अगर कोई सुंदर दिखने के लिए कॉस्मेटिक प्रोसिजर करवाना चाहता है तो इसमें गलत कुछ नहीं है।'



कोर्ट ने भेजा नोटिस

# एआर रहमान पर लगा 2 करोड़ का जुर्माना

**मशहूर** म्यूजिक डायरेक्टर एआर रहमान एक बार फिर गलत वजह से सुर्खियों में आ गए हैं। दिल्ली हाईकोर्ट ने धुन कॉपी के आरोप में उनके और फिल्म प्रोडक्शन कंपनी मद्रास टॉकीज पर दो करोड़ रुपये का जुर्माना ठोका है। मामला ऐश्वर्या राय बच्चन की फिल्म पोन्नियन सेलवन 2 के गाने वीरा राजा वीरा से जुड़ा है।

कोर्ट ने रहमान को इस मामले में नोटिस भेज दिया है। पद्मश्री से सम्मानित उस्ताद फैयाजुद्दीन वसीफुद्दीन डागर ने दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि वीरा राजा वीरा गाने की धुन उनके पिता नासिर फैयाजुद्दीन डागर और चाचा नासिर जाहिरुद्दीन डागर की कंपोज शिव स्तुति से कॉपी की गई है।

उन्होंने दावा किया कि बेशक गाने के बोल अलग हैं, लेकिन इस गाने की लय और बीट्स शिव स्तुति से बिलकुल मिलती है और इसका श्रेय उनके परिवार को नहीं दिया गया है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान माना कि गाना शिव स्तुति की पूरी तरह नकल है। बस कुछ मामूली बदलाव किए गए हैं। रहमान और निर्माता कंपनी ने उनके काम को कोई श्रेय नहीं दिया।

कोर्ट ने साफ कर दिया कि डागर के काम को बिना उचित श्रेय के इस्तेमाल करना कॉपीराइट उल्लंघन है।

कोर्ट ने 2 करोड़ का जुर्माना लगाते हुए निर्देश दिया है कि गाने में साफतौर से लिखा जाए कि यह दिवंगत उस्ताद नासिर फैयाजुद्दीन डागर और उस्ताद नासिर जाहिरुद्दीन डागर की शिवा स्तुति पर आधारित रचना है।

इसे सभी ओटीटी प्लेटफॉर्म्स और ऑनलाइन माध्यमों पर अपडेट किया जाए। यही नहीं, डागर परिवार को भी दो लाख रुपये का हर्जाना देना होगा। कोर्ट ने साफ किया कि हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की मूल रचनाएं कॉपीराइट कानून के तहत संरक्षित हैं। अगर कोई रचना संगीतकार की अपनी है तो उसे पूर्ण कानूनी अधिकार मिलेगा।

वहीं एआर रहमान ने इन आरोपों से इनकार किया है। उन्होंने तर्क दिया कि वीरा राजा वीरा गाना एक मौलिक रचना है। इसे पश्चिमी संगीत के मूल सिद्धांतों के इस्तेमाल से 227 अलग-अलग लेयर्स के साथ तैयार किया गया है, जो हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की परंपराओं से काफी अलग है। कोर्ट ने रहमान के इन तर्कों को खारिज करते हुए यह फैसला सुनाया है।

# सूरज पंचोली का दमदार नया पोस्टर वीर हमीरजी गोहिल के रूप में आया सामने

सुनील शेट्टी, विवेक ओबेरॉय और सूरज पंचोली अपनी आगामी पीरियड एक्शन फिल्म केसरी वीर~ लेजेंड्स ऑफ सोमनाथ में स्क्रीन पर धूम मचाने के लिए तैयार हैं। जहां फिल्म दो अनुभवी अभिनेताओं को एक साथ लाती है, वहीं



सूरज पंचोली इस बार बिल्कुल नए और चुनौतीपूर्ण किरदार में नजर आएंगे। एक अनसुने योद्धा और साहसी राजपूत राजकुमार वीर हमीरजी गोहिल के रूप में। फिल्म के प्रति बढ़ते उत्साह को और हवा देते हुए निर्माताओं ने सूरज पंचोली का एक दमदार नया पोस्टर जारी किया है, जिसमें वे योद्धा के पूरे लुक में, तलवार लिए हुए दिखाई दे रहे हैं। उनकी तीव्र और गंभीर अभिव्यक्ति कहानी की गहराई और उनके किरदार की वीरता को बखूबी दर्शाती है। इस ऐतिहासिक महागाथा में सूरज पंचोली वीर हमीरजी गोहिल के रूप में नज़र आएंगे। एक ऐसा साहसी योद्धा, जो आक्रमणकारियों से पवित्र सोमनाथ मंदिर की रक्षा करने के लिए संकल्पबद्ध है।



# करिश्मा तन्ना ने इंस्टाग्राम पर शेयर की लेटेस्ट फोटोज, फैंस ने नेचुरल ब्यूटी का दिया टैग

**मशहूर** एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना अपनी खूबसूरती को लेकर हमेशा लाइमलाइट में रहती हैं। वह सोशल मीडिया पर अपनी फोटोज शेयर करती रहती हैं। एक बार फिर उन्होंने इंस्टाग्राम पर फोटोज शेयर कर फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचा। इंस्टाग्राम पर शेयर की गई फोटोज में करिश्मा डेनिम जींस और वाइट टॉप में नजर आ रही हैं। वह सभी फोटोज में बैठे हुए शानदार पोज दे रही हैं और अपने फेस एक्सप्रेशन से कहर ढा रही हैं। एक्ट्रेस की यह फोटोज अब इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही हैं। लोग उनकी इन तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं और जमकर कमेंट्स कर रहे हैं।

एक्ट्रेस के बारे में बात करें तो करिश्मा तन्ना छोटे पर्दे से लेकर बड़े पर्दे तक अपनी एक्टिंग का लोहा मनवा चुकी हैं। उन्होंने 2001 में टीवी शो क्योंकि सास भी कभी बहू थी से अपने करियर की शुरुआत की। वह बाल वीर, नागिन 3, कयामत की रात जैसी टीवी सीरियल्स में नजर आ चुकी हैं। उन्होंने कई फिल्में भी की हैं, जिसमें दोस्ती~ फ्रेंड्स फॉरएवर, ग्रैंड मस्ती, संजू जैसी फिल्में शामिल हैं। इसके अलावा, वह ओटीटी में भी किस्मत आजमा चुकी हैं। उन्होंने वेब सीरीज करले तू भी मोहब्बत और स्कूप में भी काम किया है।

वह रियलिटी शो बिग बॉस 7 की रनर-अप रहीं। उन्होंने झलक दिखला जा और खतरों के खिलाड़ी जैसे रियलिटी शोज भी किए। वह खतरों के खिलाड़ी 10 की विजेता रही हैं। तन्ना अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। साल 2022 में उन्होंने अपने बॉयफ्रेंड वरुण बंगेरा से शादी की। वरुण बंगेरा एक बिजनसमैन हैं और वीबी क्रॉप नाम की कंपनी के डायरेक्टर हैं। दोनों पहली बार कॉमन फ्रेंड सुवेद लोहिया की पार्टी में मिले थे। तकरीबन दो साल तक डेट करने के बाद दोनों 5 फरवरी 2022 को शादी के बंधन में बंध गए।

# कंधे पर धनुष लटकाए निडर योद्धा बनकर निकली आकांक्षा शर्मा, केसरी वीर से फर्स्ट लुक जारी



**बादशाह** के गाने जुगनू में नजर आई आकांक्षा शर्मा बॉलीवुड में कदम रख चुकी हैं। जल्द ही वह सुनील शेट्टी, विवेक ओबेरॉय और सूरज पंचोली स्टारर केसरी वीर~ लीजेंड्स ऑफ सोमनाथ में नजर आएंगी। उन्हें इस फिल्म में निडर योद्धा राजल का रोल मिला है। मेकर्स ने फिल्म से उनका पहला लुक जारी कर दिया है। यह फिल्म 16 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। पोस्टर में आकांक्षा का लुक बेहद शानदार है। उनके चेहरे पर जुनून और आत्म-विश्वास साफ झलक रहा है। आँखों में ऐसा तेज और साहस है, जो सबका ध्यान खींच रहा है। लुक की बात करें तो उन्होंने ट्रेडिशनल आउटफिट पहना हुआ है और बालों की चोटी बनाई हुई है। उनके कंधों पर धनुष भी दिखाई दे रहा है। फिल्म से एक्ट्रेस का पहला लुक जारी करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, राजल, जंगल की शेरनी और बेहतरीन योद्धा। इसके आगे उन्होंने हैशटैग का इस्तेमाल करते हुए हर-हर महादेव लिखा। साथ ही बताया कि फिल्म 16 मई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। आकांक्षा से पहले मेकर्स ने सुनील शेट्टी का भी फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया था। फिल्म में एक्टर योद्धा वेगड़ा जी का किरदार निभाते दिखाई देंगे। पोस्टर में सुनील शेट्टी हाथ में कुल्हाड़ी लेकर दहाड़ते नजर आए। उनका निडर योद्धा अवतार प्रशंसकों को काफी पसंद आया। पोस्टर के बैकग्राउंड में गुजरात का प्रतिष्ठित सोमनाथ मंदिर भी नजर आ रहा है। फिल्म में सूरज पंचोली भी मजबूत किरदार में नजर आएंगे। वह एक गुमनाम योद्धा वीर हमीरजी गोहिल की भूमिका में दिखेंगे। वहीं विवेक ओबेरॉय खलनायक की भूमिका निभाते नजर आएंगे। केसरी वीर~ लीजेंड्स ऑफ सोमनाथ इस साल की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है। यह उन गुमनाम योद्धाओं की कहानी दर्शकों के सामने लाएगी, जिन्होंने 14वीं शताब्दी में ऐतिहासिक सोमनाथ मंदिर को घुसपैठियों से बचाने के लिए लड़ाई लड़ी और सर्वोच्च बलिदान दिया।

# इस वजह से अपनी लव लाइफ को सीक्रेट रखना चाहती हैं पलक



**अभिनेत्री** श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी का नाम अक्सर सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान के साथ जोड़ा जाता है। दोनों की डेटिंग की खबरें बी-टाउन का हॉट टॉपिक बनी रहती हैं। हालांकि, दोनों ने कभी अपने रिश्ते पर खुलकर कोई बात नहीं की। इस बीच अब अभिनेत्री पलक तिवारी ने कहा कि वो नहीं चाहतीं कि उनकी लव लाइफ चर्चा का केंद्र बने या उसको लेकर चर्चाएं हों। अपनी आगामी फिल्म 'भूतनी' के प्रमोशन में जुटीं अभिनेत्री पलक तिवारी ने हाल ही में अपनी लव लाइफ को लेकर बात की। फिल्मफेयर के साथ हालिया बातचीत में पलक ने खुलासा किया कि उन्हें अपनी लव लाइफ के बारे में बात करना क्यों पसंद नहीं है।



# इस फिल्म के कायल हैं 'हिट 3' के चर्चित अभिनेता नानी, नाम सुन चौंक जाएंगे आप

**अभिनेता** नानी इस समय अपनी फिल्म हिट 3 से काफी चर्चा में हैं, जो जल्द सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। अभिनेता फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी पसंदीदा फिल्म का जिक्र किया है, जिसे सुन चौंक जाएंगे आप। नानी अभिनीत फिल्म हिट 3 का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार है, जिसके लिए फिल्म की एंडवास्ड बुकिंग सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि अमेरिका में भी शुरू हो गई है। फिल्म के सभी कलाकार और निर्माता इसके प्रमोशन में जोरों-शोरों से लगे हुए हैं। अब एक्टर नानी ने अपने जीवन की सबसे धाकड़ फिल्म का जिक्र किया है। आइए जानते हैं अभिनेता की पसंदीदा फिल्म।

### पसंदीदा फिल्म को लेकर हुआ सवाल

सैलेश कोलानू के निर्देशन में बनी फिल्म हिट 3 के प्रमोशन के लिए नानी और श्रीनिधि शेट्टी एक समारोह में पहुंचे थे। एक इंटरव्यू में इन दोनों से उनकी पसंदीदा तमिल फिल्मों के बारे में सवाल किया गया।

साभार एजेंसी